* वर्ष 40 * अंक 90 * प्रभात * पंजीयन सं. 46518/85 * पृष्ठ 8 * मूल्य ₹ 3 /- * संस्थापक : स्व. श्री कुंजबिहारी आचार्य

# दैनिक पुकार

www.dainikpukar.com


उदयपुर रविवार दिनांक 29 दिसम्बर 2024

दक्षिणी राजस्थान का प्रमुख हिन्दी दैनिक

# गहलोत राज में बनाए गए 3 संभाग व 9 जिले भजनलाल सरकार ने खत्म किए

## 21 महीने पहले बने थे; सरकार ने कहा- उपयोगिता नहीं थी, कांग्रेस बोली- फिर बनाएंगे

(मैप प्रतीकात्मक है)




**जयपुर (पुकार)।** कांग्रेस सरकार के वक्त बने नए जिलों में से 9 जिलों और 3 संभागों को भजनलाल सरकार ने कैंसिल कर दिया है। अशोक गहलोत ने मार्च 2023 में इन जिलों और संभागों को बनाने का ऐलान किया था। कानून मंत्री जोगाराम पटेल ने कहा कि चुनाव से पहले नए जिले और संभाग बनाए गए थे। इनकी उपयोगिता नहीं थी। वित्तीय संसाधन और जनसंख्या के पहलुओं को अनदेखा किया गया। अनेक जिले ऐसे थे, जिनमें 6-7 तहसीलें नहीं थी। राजस्थान में 50 जिले थे। सरकार के इस फैसले के बाद अब राज्य में 41 जिले ही रह जाएंगे। वहीं 10 संभाग की जगह 7 संभाग अस्तित्व में रहेंगे।

### वित्तीय संसाधन और जनसंख्या के पहलुओं को अनदेखा किया

जोगाराम पटेल ने कहा कि चुनाव से पहले नए जिले और संभाग बनाए गए थे। वह व्यवहारिक नहीं थे। वित्तीय संसाधन और जनसंख्या के पहलुओं को अनदेखा किया गया। अनेक जिले ऐसे थे, जिनमें 6-7 तहसीलें नहीं थी। इतने जिलों की आवश्यकता होती तो इसका परीक्षण किया जाता। जोगाराम ने कहा कि न तो इसके लिए कोई पद सृजित किए, न ही कोई कार्यालय भवन की व्यवस्था की गई। जितने जिले बने, उसमें 18 विभागों में पद सृजित की कोशिश की गई। ये जिले राजस्थान पर अनावश्यक भार डाल रहे हैं। रीव्यू के लिए बनी कमेटी ने पाया कि इन जिलों की उपयोगिता नहीं है। सरकार के निर्णय के बाद अब 9 जिलों में लगे कलेक्टर-स्क और जिला स्तरीय अफसर हटेंगे, इन जिलों में बने हुए जिला स्तरीय पद भी खत्म हो जाएंगे।

**ये 3 संभाग खत्म :** बांसवाड़ा, पाली, सीकर।

**ये 9 जिले खत्म :** अनूपगढ़, दूदू, गंगापुरसिटी, जयपुर ग्रामीण, जोधपुर ग्रामीण, केकड़ी, नीम का थाना, सांचौर और शाहपुरा।

**ये जिले रहेंगे :** बालोतरा, ब्यावर, डीग, डीडवाना-कुचामन, कोटपूतली-बहरोड, खैरथल-तिजारा, फलौदी और सलूंबर।

### मंत्री लेवल कमेटी ने इसकी रिपोर्ट दी थी

जिलों को रिव्यू करने के लिए मंत्रियों की कमेटी बनाई गई थी। इस कमेटी ने भी ललित पंवार कमेटी की सिफारिश को आधार बनाकर मापदंडों पर खरा नहीं उतरने पर जिले कैंसिल करने सिफारिश की थी। इसे कैबिनेट ने मंजूरी दे दी। जनगणना को देखते हुए 31 दिसंबर से पहले यह फैसला करना जरूरी था। सरकार अगले सप्ताह जिलों के नए सिरे से सीमांकन पर नोटिफिकेशन जारी करेगी। 9 जिलों से अब कलेक्टर स्क और जिला स्तरीय अफसर हटेंगे, इन जिलों में बने हुए जिला स्तरीय पद भी खत्म हो जाएंगे।

### 1 जनवरी से लग जाएगी जनगणना रजिस्ट्रार जनरल की रोक

सरकार को 31 दिसंबर तक नए जिलों से लेकर नई प्रशासनिक इकाइयां बनाने की छूट थी। 31 दिसंबर के बाद जनगणना रजिस्ट्रार जनरल की तरफ से नई प्रशासनिक इकाइयों के गठन पर रोक लग जाएगी। 1 जनवरी से प्रशासनिक इकाइयों की सीमाएं फ्रिज होने के कारण नई पंचायत, नए उपखंड, तहसील से लेकर नए जिले बनाने से लेकर उनकी सीमाओं में फेरबदल करने पर रोक लग जाएगी। ऐसे में सरकार को नए जिलों पर फैसला करने के लिए केवल 31 दिसंबर तक का वक्त था। सरकार ने उससे पहले ही नए जिलों पर निर्णय ले लिया।

### डोटासरा ने कहा- कांग्रेस सरकार में फिर बहाल करेंगे जिले

कांग्रेस के प्रदेशाध्यक्ष गोविंद सिंह डोटासरा ने कहा कि सरकार ने बिना सोचे-समझे ये फैसला किया है। जिले खत्म करने के खिलाफ 1 जनवरी से पूरे प्रदेश में आंदोलन किया जाएगा। या तो सरकार को जिले फिर बनाने पड़ेंगे, नहीं तो इन इलाकों में भाजपा को चुनाव के लिए उम्मीदवार नहीं मिलेगा। जब राजस्थान में कांग्रेस की सरकार आएगी तो इन जिलों को फिर बहाल करेंगे।

## राजस्थान में पंचायत-पंचायत समितियों और जिला परिषदों का पुनर्गठन होगा

### समान पात्रता परीक्षा (सीईटी) का स्कोर 3 साल तक मान्य



**जयपुर (पुकार)।** राजस्थान सरकार की केबिनेट बैठक शनिवार को मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा की अध्यक्षता में मुख्यमंत्री कार्यालय में आयोजित हुई। जिसमें कई बड़े फैसले किए। बैठक में पंचायत, पंचायत समितियों और जिला परिषदों का पुनर्गठन करने का निर्णय किया। साथ ही समान पात्रता परीक्षा (सीईटी) का स्कोर एक की जगह तीन साल तक मान्य रखने पर फैसला हुआ। खाद्य सुरक्षा योजना में नए लोग जोड़े जाएंगे, 3 महीने के लिए अभियान चला कर नए नाम जोड़े जाएंगे। सब इंस्पेक्टर (एसआई) भर्ती को लेकर बैठक में फैसला नहीं हुआ। कानून मंत्री जोगाराम पटेल ने कहा- एसआई भर्ती का प्रकरण आज के एजेंडे में नहीं था, मामला कोर्ट में लंबित है।

#### कानून मंत्री बोले- 40 की जगह 25 ग्राम पंचायतों पर पंचायत समिति बनेगी

कानून मंत्री जोगाराम पटेल ने बैठक के बाद कहा- हम ग्राम पंचायत, पंचायत समिति और जिला परिषद का पुनर्गठन करेंगे। सामान्य इलाकों में 2019 में कम से कम 4000 और अधिकतम 6500 जनसंख्या पर एक पंचायत बनती थी । इसमें अब हमने 4000 की जगह 3000 और 6500 की जगह 5500 कर दिया है। अब 3000 की आबादी पर एक पंचायत बनेगी। सामान्य जिलों के अलावा दूसरे जिले हैं, वहां न्यूनतम जनसंख्या 2000 कर दी है। कानून मंत्री ने कहा- एक पंचायत समिति में करीब 40 ग्राम पंचायत होती है, 40 पंचायत को मिलकर एक पंचायत समिति बनती है। अब 40 के स्थान पर 25 ग्राम पंचायत पर ही एक पंचायत समिति बन सकेगी। जिला परिषदों के पुनर्गठन में मापदंड वही रहेंगे।

#### 20 दिन में पुनर्गठन के प्रस्ताव

जोगाराम पटेल ने कहा- -पंचायत पुनर्गठन के लिए हम 20 दिन के अंदर-अंदर प्रस्ताव मंगवाएंगे। कलेक्टर उसको एग्जामिन करेंगे और सरकार उनकी सुनवाई करेंगी। 10 दिन में सुनवाई करने के बाद कमेटी उसका निर्णय करेगी यह हमारी प्रक्रिया रहेगी।

#### पंचायत पुनर्गठन से वन स्टेट-वन इलेक्शन के लिए समय मिलेगा

पंचायतों के पुनर्गठन से सरकार को वन स्टेट-वन इलेक्शन के लिए समय मिल जाएगा। 5 साल में चुनाव कराने के संवैधाानिक प्रावधान के चलते लंबे समय तक चुनाव आगे नहीं बढ़ सकते और सरकार लंबे समय तक चुनाव टालती है तो कोर्ट में रोक लग सकती है। लेकिन पंचायत पुनर्गठन सरकार के लिए चुनाव टालने का कानूनी हथियार बन जाएगा। सरकार कोर्ट में पंचायत पुनर्गठन का हवाला देकर चुनाव को कुछ समय आगे बढ़ा देगी। जनवरी में करीब 6789 पंचायतों के चुनाव बाकी हैं, सरकार इनके चुनाव आगे टालना चाहती है। अब पंचायतों, पंचायत समितियों, जिला परिषदों के पुनर्गठन का तर्क देकर चुनाव आगे खिसकाया जा सकेगा।


#### सीएम ने केंद्रीय गृहमंत्री को चिट्ठी लिखी थी

एक जुलाई से नए जिले बनाने और बाउंड्री में बदलाव पर जनगणना रजिस्ट्रार जनरल की रोक थी। सीएम भजनलाल शर्मा ने सितंबर में केंद्रीय गृहमंत्री अमित शाह को चिट्ठी लिखकर नए जिले सहित नई प्रशासनिक यूनिट बनाने पर लगी रोक हटाने की मांग की थी। जनगणना रजिस्ट्रार जनरल ने 8 अक्टूबर को आदेश जारी कर देशभर के लिए 31 दिसंबर तक नई एडमिनिस्ट्रेटिव यूनिट बनाने पर लगी रोक हटा दी थी।



## अजरबैजान प्लेन क्रैश पर पुतिन की माफी, जिम्मेदारी नहीं ली

### रूसी अधिकारी बोले- यूक्रेन पर जवाबी कार्रवाई के वक्त हमारे एयरस्पेस में था प्लेन



**मॉस्को (एजेंसी)।** रूस के राष्ट्रपति व्लादिमिर पुतिन ने शनिवार को अजरबैजान के प्लेन क्रैश पर माफी मांगी है। पुतिन ने अजरबैजान के राष्ट्रपति से कहा कि हादसा उनके एयरस्पेस में हुआ इसके लिए उन्हें दुख है। क्रेमलिन ने कहा- अजरबैजान का प्लेन तय समय पर ग्रोज्नी पहुंचा था। उसने बार-बार एयरपोर्ट पर उतरने की कोशिश की। उसी समय, ग्रोज्नी, मोज़दोक और व्लादिकाव्काज़ के एयर स्पेस में यूक्रेनी ड्रोन हमले कर रहे थे। रूसी एयर डिफेंस सिस्टम इन्हें रोक रहा था। इसलिए यह कहना बंद किया जाए कि प्लेन को रूसी एयर डिफेंस सिस्टम ने निशाना बनाया। क्रेमलिन ने बताया कि इसके बाद विमान कजाकिस्तान की ओर मुड़ गया और अक्ताउ शहर के नजदीक में 25 दिसंबर की दोपहर 12.30 बजे क्रैश हो गया। इस हादसे में 38 लोगों की मौत हो गई और 29 लोगों की जान बच गई। प्लेन अजरबैजान की राजधानी बाकू से ग्रोज्नी पहुंचा था। हालांकि, क्रेमलिन ने यह नहीं कहा कि उन्हीं के एयर डिफेंस सिस्टम की फायरिंग से प्लेन क्रैश हुआ है। न्यूज एजेंसी एपी के मुताबिक प्लेन क्रैश में बचे कुछ लोगों ने भी कहा था कि जब विमान ग्रोज्नी में था, तब उन्हें तेज आवाजें सुनाई दी थीं।

#### एविएशन एक्सपर्ट ने रूसी एयर डिफेंस सिस्टम पर शक जताया था

एक अमेरिकी अधिकारी और एक अज़रबैजान के मंत्री ने 27 दिसंबर को अलग-अलग बयान देकर दुर्घटना की वजह 'बाहरी दखल' बताया था। व्हाइट हाउस के राष्ट्रीय सुरक्षा प्रवक्ता जॉन किर्बी के शुक्रवार को एविएशन एक्सपर्ट के उस आकलन को दोहराया कि यूक्रेनी हमलों को जवाब देने वाले रूसी डिफेंस सिस्टम इस दुर्घटना की वजह है। खास बात यह है कि ना ही किर्बी ने और ना ही अजरबैजाम के मंत्री ने अपने बयानों में सीधे तौर रूसी एयर डिफेंस को दोषी नहीं ठहराया था। एविएशन एक्सपर्ट ने सोशल मीडिया पर वायरल कई वीडियो में प्लेन पर छर्रे लगने के निशान देखे गए थे।

## 4 जनवरी को खनौरी बॉर्डर पर विशाल महापंचायत; जुटेंगे लाखों किसान, डल्लेवाल देंगे संदेश

**नई दिल्ली (एजेंसी)।** किसान आंदोलन के तहत 30 दिसंबर को पंजाब बंद बुलाया गया है। साथ ही, किसानों ने 4 जनवरी को खनौरी बॉर्डर पर विशाल किसान महापंचायत करने की घोषणा की है। इसमें देशभर के लाखों किसान पहुंच सकते हैं। इसके लिए किसानों ने तैयारी करनी शुरू कर दी है और इस महापंचायत में जगजीत सिंह डल्लेवाल किसानों को कोई बड़ा संदेश भी दे सकते हैं। एक्टिविस्ट सोनम वांगचुक शनिवार को खनौरी बॉर्डर पर किसान नेता डल्लेवाल से मिलने पहुंचे। प्रेस कॉन्फ्रेंस में किसान नेताओं अभिमन्यु कोहाड़, काका सिंह कोटड़ा ने चार जनवरी को खन्नौरी बॉर्डर पर किसान महापंचायत आयोजित करने का ऐलान किया। उन्होंने कहा कि यह महापंचायत डल्लेवाल की इच्छा पर की जा रही है, क्योंकि वह देश के विभिन्न राज्यों के किसानों से मिलना चाहते हैं। डल्लेवाल देश भर में किसानी आंदोलन को खड़ा करना चाहते हैं।

## तालिबान ने एयर स्ट्राइक का लिया जोरदार बदला

### 2 चौकियों पर किया कब्जा; 19 सैनिक भी मारने का दावा



**नई दिल्ली (एजेंसी)।** पाकिस्तानी वायुसेना द्वारा अफगानिस्तान में की गई एयर स्ट्राइक का बदला लेने के लिए तालिबान के लड़ाकों ने अफगान-पाक सीमा पर शनिवार तड़के करीब 4 बजे हमला बोल दिया। तालिबान की तोपों और मशीनगनों के आगे पाकिस्तानी आर्मी बेबस नजर आई। अफगानिस्तान के तालिबान लड़ाकों द्वारा किए गए इस हमले में पाकिस्तानी सेना को अपनी 2 सीमा चौकियां छोड़कर पीछे हटना पड़ा। यही नहीं, तालिबान का दावा है कि इस हमले में पाकिस्तान के करीब 19 सैनिक भी मारे गए। टोलो न्यूज की रिपोर्ट के मुताबिक तालिबानी रक्षा मंत्रालय की तरफ से बताया गया कि डूरंड लाइन के करीब पाकटिआ और खोस्त इलाकों में यह संघर्ष हुआ है। इस संघर्ष में तालिबानी लड़ाकों ने न केवल पाकिस्तानी चौकियों पर हमला किया बल्कि उन्हें जलाकर खाक भी कर दिया। उनका हमला इतना भयानक था कि पाकिस्तानी सेना को पीछे हटने के अलावा और कोई विकल्प नजर नहीं आया। तालिबानी रक्षा मंत्रालय ने कहा कि इन इलाकों में लड़ाकों ने कम से कम 19 पाक सैनिकों को मार डाला। पाकिस्तान ने अपना गुस्सा और कायरता दिखाते हुए सीमा से सटें नागरिक इलाकों पर मोर्टार से हमला बोल दिया, जिसमें तीन आम नागरिकों की मौत हो गई।

## मनमोहन सिंह पंचतत्व में विलीन : बेटी ने मुखाग्नि दी, राहुल शव यात्रा में साथ आए, कंधा दिया; पीएम, सोनिया-प्रियंका मौजूद रहीं







**नई दिल्ली (एजेंसी)।** पूर्व प्रधानमंत्री मनमोहन सिंह का शनिवार को निगमबोध घाट पर राजकीय सम्मान के साथ अंतिम संस्कार किया गया। उनके पार्थिव शरीर को सेना की तोपगाड़ी पर दिल्ली के निगमबोध घाट लाया गया। यहां तीनों सेनाओं ने उन्हें सलामी दी। इसके बाद राजकीय सम्मान के साथ अंतिम संस्कार की रस्में पूरी की गईं। मनमोहन की पत्नी गुरशरण कौर, बड़ी बेटी उपिंदर सिंह (65), दूसरी बेटी दमन सिंह (61) और तीसरी बेटी अमृत सिंह (58) निगमबोध घाट पर मौजूद थीं। परिवार ने प्रधानमंत्री मोदी से भी मुलाकात की। बेटी ने मुखाग्नि दी। निगमबोध घाट में सोनिया, प्रियंका, राहुल और कांग्रेस के बड़े नेताओं ने उन्हें श्रद्धांजलि दी। राष्ट्रपति मुर्मु, प्रधानमंत्री मोदी, रक्षा मंत्री राजनाथ भी उन्हें अंतिम विदाई देने पहुंचे। डॉ. मनमोहन सिंह की पार्थिव देह को सुबह 9.30 बजे उनके आवास से कांग्रेस मुख्यालय लाया गया था। इसके बाद अंतिम यात्रा शुरू हुई। राहुल गांधी पार्थिव देह के साथ गाड़ी में बैठे थे। पूर्व प्रधानमंत्री डॉ. मनमोहन सिंह का गुरुवार रात निधन हो गया था। वे 92 साल के थे। वे लंबे समय से बीमार थे। घर पर बेहोश होने के बाद उन्हें रात 8.06 बजे दिल्ली एम्स लाया गया था। हॉस्पिटल बुलेटिन के मुताबिक, रात 9.51 बजे उन्होंने आखिरी सांस ली।

## राहुल बोले- निगमबोध घाट पर अंतिम संस्कार मनमोहन सिंह का अपमान

### नड्डा बोले- स्मारक की जगह आवंटित, पूर्व पीएम के परिवार को जानकारी दे दी



**नई दिल्ली (एजेंसी)।** मनमोहन सिंह के स्मारक के लिए जमीन नहीं देने पर विवाद बढ़ता जा रहा है। राहुल गांधी ने शनिवार को कहा कि सिख समुदाय के पहले प्रधानमंत्री डॉ. मनमोहन सिंह का अंतिम संस्कार निगमबोध घाट पर करवाकर केंद्र सरकार ने उनका सरासर अपमान किया है। बीजेपी अध्यक्ष जेपी नड्डा ने शनिवार को कहा- डॉ. सिंह के स्मारक के लिए जगह आवंटित कर दी गई। इसके बारे में उनके परिवार को भी जानकारी दे दी गई है। हालांकि नड्डा ने यह नहीं बताया कि जमीन कहां दी गई है।

नड्डा ने कहा- राहुल गांधी और मल्लिकार्जुन खड़गे जैसे नेता मनमोहन सिंह के निधन पर भी राजनीति कर रहे हैं। कांग्रेस ने मनमोहन सिंह को जीवित रहते हुए कभी सम्मान नहीं दिया, और अब उनके सम्मान के नाम पर राजनीति कर रही है।

**27 दिसंबर को खड़गे ने स्मारक के लिए जमीन मांगी थी :** कांग्रेस अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खड़गे ने शुक्रवार की शाम को पीएम मोदी और गृहमंत्री अमित शाह को पत्र लिखा था। कहा था कि डॉ. सिंह का अंतिम संस्कार जहां हो वहीं स्मारक बनाया जाए। कांग्रेस सूत्रों के मुताबिक डॉ. सिंह की पत्नी गुरशरण कौर भी यही चाहती थीं।


#### केंद्र ने कहा- जगह तलाश रहे हैं

इस पर गृह मंत्रालय ने कहा, 'अंतिम संस्कार के लिए निगमबोध घाट चुना गया है। स्मारक दिल्ली में बनेगा। इसके लिए उचित जगह तलाशी जाएगी और ट्रस्ट बनेगा। प्रक्रिया में समय लगेगा।

#### कांग्रेस ने कहा- यह पहले सिख पीएम का अपमान

गृह मंत्रालय के जवाब के बाद कांग्रेस नेता केसी वेणुगोपाल ने कहा- सरकार स्मारक बनाने के लिए जमीन तक नहीं तलाश पाई। ये देश के पहले सिख पीएम का अपमान है।

## दिल्ली पुलिस का बड़ा ऐक्शन : 9 बांग्लादेशियों को वापस भेजा



**नई दिल्ली (एजेंसी)।** दिल्ली में रह रहे अवैध बांग्लादेशियों की पहचान को लेकर चलाए जा रहे अभियान के बीच तहत पुलिस ने 9 लोगों को वापस उनके देश भेज दिया है। इनमें से एक को दोबारा भेजा गया है। ये लोग खुद को पश्चिम बंगाल के रहने वाले बता रहे थे। इन लोगों ने पुलिस को वहां से जुड़े दस्तावेज भी दिए थे। पुलिस ने जब पता किया तो दस्तावेज फर्जी निकले। दिल्ली पुलिस ने वसंत कुंज इलाके में बांग्लादेशियों की पहचान के लिए अभियान चलाया था। इस दौरान पुलिस ने 400 परिवारों से दस्तावेज लिए थे। इन दस्तावेजों में पश्चिम बंगाल से जुड़े एड्रेस थे।दक्षिणी पश्चिमी जिला के डीसीपी सुरेंद्र चौधरी ने बताया कि एक स्पेशल टीम को बंगाल भेजकर एड्रेस की जांच कराई गई। जांच के बाद आठ लोगों के एड्रेस गलत पाए गए। उन्हें फॉरेन रिजनल रजिस्ट्रेशन ऑफिस को डिपोर्ट कर दिया गया है। इनकी पहचान जहांगीर, परीना बेगम, जाहिद, आहिद, सिरजुल, फातिमा, आशिमा और वाहिद के रूप में हुई है। ये सभी बांग्लादेश के रहने वाले हैं और यहां विभिन्न इलाकों में मजदूरी करते थे। एक अन्य घटना में दिल्ली पुलिस ने आरके पुरम पुलिस में अवैध रूप से रह रहे एक बांग्लादेशी को दोबारा डिपोर्ट किया है। दक्षिणी पश्चिमी जिला पुलिस उपायुक्त सुरेंद्र चौधरी ने बताया कि आरोपी वर्ष 1990 से लेकर 2004 तक दिल्ली के ढोलक बस्ती, यमुना पुस्ता में अवैध रूप से रह रहा था।

## महाराष्ट्र एटीएस ने 16 बांग्लादेशी घुसपैठियों को पकड़ा



**मुंबई (एजेंसी)।** महाराष्ट्र आतंकवाद निरोधक दस्ते (एटीएस) ने भारत में अवैध रूप से घुसने और वैध दस्तावेजों के बिना रहने के आरोप में छह महिलाओं सहित 16 बांग्लादेशी नागरिकों को गिरफ्तार किया है। अधिकारियों ने बताया कि एटीएस द्वारा शुरू किए गए विशेष अभियान के दौरान इन लोगों को गिरफ्तार किया गया। एक अधिकारी ने कहा, नवी मुंबई, ठाणे और सोलापुर में पुलिस की मदद से पिछले 24 घंटे में कार्रवाई की गई। हमने सात पुरूषों और छह महिलाओं को गिरफ्तार किया है। उनके खिलाफ विदेशी अधिनियम और अन्य प्रासंगिक कानूनों के तहत तीन मामले दर्ज किए गए हैं। उन्होंने कहा, इन बांग्लादेशी नागरिकों ने फर्जी दस्तावेजों का उपयोग करके किसी तरह आधार कार्ड जैसे भारतीय दस्तावेज हासिल कर लिए थे। एक अधिकारी ने शनिवार को बताया कि एटीएस और पुलिस के संयुक्त दस्ते ने शुक्रवार रात जालना जिले से 3 बांग्लादेशी नागरिकों को गिरफ्तार किया। आरोपी भोकरदन तालुका में क्रशर मशीनों पर काम कर रहे थे। एटीएस और स्थानीय पुलिस के संयुक्त अभियान के दौरान उन्हें अनवा और कुंभारी गांवों से गिरफ्तार किया गया। प्रारंभिक जांच से पता चलता है कि तीनों ने फर्जी पहचान पत्र बनवाए थे ताकि वे भारत में अवैध रूप से काम कर सकें। पुलिस अधिकारी ने बताया कि वे पिछले दो साल से अवैध रूप से रह रहे थे। भारतीय न्याय संहिता और विदेशी अधिनियम की विभिन्न धाराओं के तहत मामला दर्ज किया गया है।

## संक्षिप्त समाचार

### विश्व गुरु विद्या पीठ परिषद का तृतीय स्थापना दिवस समारोह कल

**उदयपुर (पुकार)।** सनातन वैदिक संस्कार और मूल्यों को शिक्षा के माध्यम से समाज में पहुंचाने तथा भारत राष्ट्र को पुनः विश्व गुरु की प्रतिष्ठा दिलाने के लिए स्थापित विश्व गुरु विद्या पीठ परिषद का तृतीय स्थापना दिवस समारोह रविवार को उदयपुर में प्रातः 10.00 बजे मधु श्री हॉल, अशोका पैलेस में होगा। जिसमें भारतीय शिक्षा में सनातन मूल्यों को समावेश करने तथा परंपरागत कौशलो का संरक्षण संवर्धन 'गोष्ठी उदयपुर के युवा शिक्षोंविदों का सम्मान और भारत को विश्व गुरु पद प्रतिष्ठा दिलाने की रूपरेखा पर कार्यशाला होगी। जिसमें देश भर के राष्ट्रीय अंतराष्ट्रीय स्तर पर कार्य करने, गुरुकुलों के संचालक तथा स्थानीय शिक्षा विद, समाज प्रतिनिधि एवं सनातन विद्वान शामिल होंगे।

निदेशक एडवोकेट भरत कुमावत ने बताया कि समारोह की अध्यक्षता सुखाड़िया विश्वविद्यालय पूर्व कुलपति प्रो आई वी त्रिवेदी करेंगे। समारोह के मुख्य अतिथि डॉ रजत शर्मा, अंतराष्ट्रीय अध्यक्ष, यूनाइटेड नेशन्स एक्शन फॉर क्लाइमेट चेंज कमिटी तथा विशिष्ट अतिथि महामंडलेश्वर राजेश नाथ जी महाराज, अध्यक्ष विनोबा आश्रम, दिल्ली, आचार्य जितेंद्र तिवारी, गुरुकुल इलाहाबाद, अनंत गणेश त्रिवेदी, शान्तीपीठ, डॉ मीना बया, पूर्व प्राचार्य मीरा कन्या महाविद्यालय, डॉ करुणा जोशी, पूर्व प्राचार्य, डूंगरपुर महाविद्यालय सहित अन्य होंगे।

मुख्य वक्ता आलोक संस्थान के डॉ प्रदीप कुमावत 'शिक्षा तथा समाज में सनातन वैदिक मूल्यों तथा के समावेश तथा प्राचीन कौशलों के संरक्षण संवर्धन के उपाय' पर वक्तव्य प्रदान करेंगे।

परिषद की निदेशक प्रतिपदा गौड़ के अनुसार समारोह में वैदिक परम्परा अनुसार कार्य करने वाले सभी गुरुकुलों के आचार्य, परंपरागत कौशल पूर्ण स्वरोजगार करने वाले कुशल विद्वान जन तथा गुरुकुल चलाने वाले गुरुओं की गोष्ठी में भारत को पुनः विश्व गुरु की प्रतिष्ठा दिलाने तथा उसमें शिक्षाविदों, समाज तथा आम नागरिकों की भूमिका पर चिंतन मनन किया जाएगा। साथ ही शिक्षा संस्थानों के युवा उद्यमियों का सम्मान भी किया जाएगा।

परिषद की प्रधान, राष्ट्रपति पुरस्कार प्राप्त डॉ रचना तैलंग ने भूमिका पर प्रकाश डालते हुए कहा कि भारत सरकार की नई शिक्षा नीति में जिन आधार भूत मूल्यों के समावेश करने की अनुशंसा की है उसकी पूरकता के निमित्त परिषद की स्थापना करके भारत के संगठित गुरुकुलों, एकल गुरुकुलों, सुदूर ग्रामीण और वन अंचलों में व्याप्त सनातन कौशल पूर्ण सनातन मानव श्रम परक सेवा कार्य करने वाले विद्वजनो की खोज कर उनके संवर्धन तथा आधुनिक तकनीकी परिपेक्ष्य में विद्यार्थियों को दीक्षित करने के प्रयास करना परिषद का प्रमुख उद्देश्य है।

### उदयपुर जिला पर्यटन सहकारी समिति की बैठक आज

**उदयपुर (पुकार)।** उदयपुर जिला पर्यटन सहकारी समिति के महासचिव महेंद्र शर्मा ने बताया कि समिति की बैठक रविवार को 4 बजे दुर्गा नर्सरी कार्यालय पर अध्यक्ष प्रमोद सामर की अध्यक्षता में संपन्न होगी। बैठक में विभिन्न विषयों पर चर्चा एवं राज्य पर्यटन नीति पर सेमिनार तथा पर्यटन सहकारिता की नई संभावनाये नवाचार विभिन्न क्षेत्रों में सरंचना तय की जाएगी।

### मस्तान बाबा दरगाह की परचम कुशाई रस्म अदा की



**उदयपुर (पुकार)।** हजरत ख्वाजा गरीब नवाज़ के 813वां उर्स के मुबारक मोके पर वादी ए मस्तान मस्तान बाबा दरगाह की परचम कुशाई रस्म अदा की गई। मस्तान बाबा ट्रस्ट के प्रवक्ता अनीस इक़बाल ने बताया के हर साल की तरह इस साल भी हजरत ख्वाजा गरीब नवाज़ के 813वां उर्स के मुबारक मोके पर वादी ए मस्तान मस्तान बाबा दरगाह पर परचम कुशाई की रस्म अदा की गई। इस मुबारक मौके पर प्रवक्ता अनीस इक़बाल ने बताया के परचम कुशाई के रस्म पिछले 25 वर्षों से अमजद मेवाफरोश जी के खानदान की तरफ से की जाती है। इस मोके पर अमजद मेवाफरोश की जानिब से लंगर का माकूल इंतजाम किया गया। इस मौके पर ट्रस्ट के कार्यकारी सदर जनाब सज्जाद साबरी,नायब सदर अकील हुसैन,सेक्रेट्री इक़बाल मिर्जा, मोहमद आरिफ, अखिल चौधरी, समस्त ट्रस्ट के मेम्बर मौजूद थे।


### संस्कृतभारती का आवासीय भाषा प्रबोधन वर्ग आज से

**उदयपुर (पुकार)।** संस्कृतभारती चित्तौड़ प्रांत का प्रांत स्तरीय आवासीय भाषा प्रबोधन वर्ग 29 दिसंबर की शाम से 5 जनवरी की सुबह तक आलोक स्कूल, फतेहपुरा, उदयपुर में आयोजित होगा। पांच वर्षों के अंतराल के बाद उदयपुर में हो रहे इस वर्ग में चित्तौड़ प्रांत के 12 जिलों और 6 इकाइयों से लगभग 180 छात्र-छात्राएं भाग लेंगे, जिनमें 50 बालिकाएं भी शामिल हैं। वर्ग संयोजक दुष्यंत नागदा ने बताया कि संस्कृत के प्रचार-प्रसार के उद्देश्य से आयोजित इस वर्ग में शिविरार्थी खेल-खेल में संस्कृत सीखने के साथ व्याकरण शास्त्र, स्तोत्र पाठ, योगाभ्यास और भाषा क्रीड़ा व प्रतिभा प्रदर्शन भी संस्कृत माध्यम से रुचि के साथ अभ्यास करेंगे।

प्रचार प्रमुख रेखा सिसोदिया ने बताया कि संस्कृतमय वातावरण का सृजन इस आयोजन की विशेषता होगी। वर्ग का उद्देश्य संस्कृत को रोचक और व्यावहारिक बनाना है, ताकि छात्र सहजता से संस्कृत का ज्ञान अर्जित कर सकें।

सह संयोजक नरेंद्र शर्मा ने बताया कि संस्कृतभारती के शिविर तीन स्तरों में आयोजित होते हैं। प्रारंभिक स्तर पर विभागीय भाषा बोधन वर्ग, द्वितीय स्तर पर प्रांत स्तरीय भाषा प्रबोधन वर्ग और तृतीय स्तर पर प्रदेश स्तरीय प्रशिक्षण वर्ग होता है। इस वर्ग में केवल प्रथम स्तर पूर्ण कर चुके या संभाषण में सक्षम छात्र ही भाग ले सकते हैं। संस्कृतभारती पिछले 43 वर्षों से भारत सहित विश्व के 26 देशों में संस्कृत के प्रचार-प्रसार में सक्रिय है। संगठन का उद्देश्य समाज में संस्कृत के प्रति रुचि और जागरूकता को बढ़ाना है। इस आयोजन से प्रतिभागियों में संस्कृत के प्रति नई ऊर्जा और उत्साह का संचार होगा।

### हिंदुस्तान स्काउट्स एंड गाइड्स के सक्रिय सीनियर रोवर, रेंजर, ट्रेनिंग काउंसलर व प्रभारियों की बैठक संपन्न





**उदयपुर (पुकार)।** हिंदुस्तान स्काउट्स एंड गाइड्स राजस्थान राज्य संभाग मुख्यालय उदयपुर मे संगठन के सक्रिय सीनियर रोवर रेंजर, ट्रेनिंग काउंसलर, प्रभारी की बैठक संपन्न हुई। मुख्य अतिथि सहायक राज्य संगठन आयुक्त उदयपुर संभाग प्रदीप मेघवाल थे। संभाग आयुक्त गोपाल मेहता मेनारिया ने बताया कि बैठक में उदयपुर जिले के समस्त सक्रिय सीनियर रोवर व रेंजर, ट्रेनिंग काउंसलर, प्रभारी ने भाग लिया। जिला प्रभारी नरपत सिंह राव के अनुसार अध्यक्षता जिला ऑर्गेनाइजर शांता वैष्णव ने की। वैष्णव ने जिले की गतिविधियों से अवगत करवाया और आगामी आयोजित होने वाले ट्रेनिंग काउंसलर शिविर, ओपन रोवर लीडर रेंजर लीडर शिविर, ओपन स्काउट एंड गाइड्स ग्रुप के गठन, राज्य स्तरीय गणतंत्र दिवस समारोह उदयपुर, रोवर रेंजर मूट मीट, डेजर्ट ट्रैकिंग, संभाग एवं जिले की गतिविधियों को सुदृढ़ रूप से संचालित करने के निर्देश दिए । आभार सीनियर ट्रेनिंग काउंसलर कमल यादव ने जताया।

# 1 वर्ष के भाजपा शासन में डबल इंजन की सरकार के चलते विकास के अभूतपूर्व कार्य हुए : ताराचंद जैन

## मुख्यमंत्री भजनलाल के नेतृत्व में राजस्थान ने विकास के कार्यों का किया कीर्तिमान



**उदयपुर (पुकार)।** राजस्थान सरकार के सफलतापूर्वक 1 वर्ष पूर्ण होने पर भारतीय जनता पार्टी कार्यालय उदयपुर पर शनिवार को प्रेस कॉन्फ्रेंस को संबोधित करते हुए शहर विधायक ताराचंद जैन ने पत्रकारों को बताया। बीते 1 वर्ष के अंदर शहर में विकास के कई आयाम भाजपा सरकार ने स्थापित किए। जिसमें प्रमुखता से रेलवे स्टेशन से बनने वाले एलिवेटेड रोड व पारस तिराहे पर और ब्रिज का निर्माण कार्य प्रगति पर, आयड़ नदी का पुनर्सीमांकन एवं फेंसिंग कार्य के साथ सघन वृक्षारोपण, शहर को विभिन्न क्षेत्रों में अतिक्रमण मुक्त करना, शहर के व्यस्ततम दुर्गा नर्सरी, फतेहपुरा व हाथी पोल चौराहा का विस्तारीकरण, शक्ति नगर, मेवाड मोटर गली लिंक रोड, रोडवेज बस स्टैंड लिंक रोड एवं मादडी लिंक रोड पुलिया का कार्य आदि का कार्य करवाना, 400 केवी ग्रिड गुडली को राज्य सरकार द्वारा स्वीकृत करना, शहर को स्वच्छ पानी उपलब्धता के लिए परी शोधन संयंत्र, 10 पानी की नई टंकियां, जल की पुरानी पाइप लाइन चेंज करवाने के लिए 215 करोड़ का बजट स्वीकृत करना, महाराणा भूपाल चिकित्सालय में जनना हॉस्पिटल का नया भवन निर्माण, विभिन्न चौराहा पर हाई मास्क लाइट स्वीकृत करवा कर लगवाना, यातायात सुविधा को बेहतर करना उसके संदर्भ में पेंसिल डिवाइडर, पार्किंग लाइन एवं जेब्रा लाइन बनवाना, शहर के विद्यालयों में विधायक प्रतिनिधियों की नियुक्ति आदि कार्य करवाने पर राजस्थान सरकार का आभार व्यक्त किया।

आगामी वर्ष 2025 के लिए विभिन्न जनकल्याण योजनाओं का जिक्र करना जिसमें प्रमुख रूप से पिछोला के पास रिंग रोड का निर्माण, चेतक चौराहा का विस्तारीकरण, शहर में विभिन्न जगह वैकल्पिक मार्ग खुलवाना, पर्यटन क्षेत्र होने से ऑटो ड्राइवर कै बेज, ड्रेस एवं नाम व टेलीफोन ऑटो पर अंकित करवाना, ट्रैफिक व्यवस्था को सुचारू रूप से चलने के लिए चार पहिया वाहन पर रोक लगाकर ई रिक्शा चलाने का प्रयास, शहर को स्वच्छ एवं सुंदर बनाना, आयड चौकी को थाने में रूपांतरित करने का कार्य प्रमुख रूप से आगामी वर्ष में करने की पूर्ण इच्छा व्यक्त की। उन्होंने मीडिया को भी धन्यवाद दिया कि आपका भी सकारात्मक सहयोग हमें मिला और भविष्य में भी मिलता रहेगा

उदयपुर ग्रामीण विधायक फूल सिंह मीणा ने मीडिया का आभार जताते हुए कहा कि सकारात्मक सहयोग भी एक महत्वपूर्ण कारण है, राजस्थान सरकार के पहले बजट में ही महिला सशक्तिकरण को प्रमुखता से लिया गया जिसमें आंगनवाड़ी, लखपति दीदी, बीपीएल परिवारों को मुफ्त गैस सिलेंडर, लंबित दावो का निस्तारीकरण, सड़कों का जाल, सेवानिवृत कर्मचारियों की पेंशन एवं ग्रेच्युटी राशि में वृद्धि, जरूरतमंदों को भूमि पट्टों का आवंटन को राज्य सरकार ने प्रमुखता से लिया।

शहर जिला अध्यक्ष रवींद्र श्रीमाली ने प्रेस कॉन्फ्रेंस को संबोधित करते हुए सभी पत्रकार बंधुओ का स्वागत करते हुए आभार व्यक्त किया। उन्होंने कहा आपने हमें सकारात्मक सहयोग दिया जिससे जनता लाभान्वित हुई। उन्होंने कहा कि मुख्यमंत्री द्वारा इआरसीपी योजना को मूर्त रूप देते हुए मध्य प्रदेश सरकार से एमओयू किया जिससे पूर्वी राजस्थान को सिंचाई का पानी उपलब्ध होगा। मुख्यमंत्री के बल पर राजस्थान राइजिंग समिट का आयोजन हुआ उसमें 35 लाख करोड़ के एमओयू होने की संभावना है,जो प्रदेश में निवेश होकर रोजगार व उत्पादन में वृद्धि करेगा। उन्होंने राजस्थान सरकार की शिक्षा स्वास्थ्य एवं लघु उद्योग के बारे में योजनाओं पर प्रकाश डाला, राजस्थान सरकार की सफलता इसी से आकी जाती है कि उपचुनाव में 7 में से 5 सीटों परभाजपा विजई हुई, प्रस्तावित बजट में सभी वर्गों का ध्यान रखा गया इसके लिए मुख्यमंत्री का आभार व्यक्त किया।

प्रेस वार्ता पश्चात पूर्व प्रधानमंत्री स्वर्गीय मनमोहन सिंह जी को श्रद्धा सुमन अर्पित करते हुए 2 मिनट का मौन रखा।

इस अवसर पर प्रदेश के सहकारिता प्रकोष्ठ संयोजक प्रमोद सामर, प्रदेश प्रतिनिधि बंशीलाल खटीक, पूर्व महापौर रजनी डांगी, प्रदेश मीडिया प्रतिनिधि आकाश शर्मा, निवर्तमान उपमहापौर पारस सिंघवी, ओबीसी मोर्चा प्रदेश उपाध्यक्ष जगदीश शर्मा,संभाग मीडिया प्रभारी चंचल अग्रवाल, जिला महामंत्री डॉ किरण जैन , गजपाल सिंह राठौड़,आकाश बागरेचा, दीपक शर्मा, जिला उपाध्यक्ष खूबी लाल पालीवाल, तखत सिंह शक्तावत, हंसा माली, राजकुमार चित्तौड़ा, जिला मंत्री अमृतलाल मेनारिया करण सिंह शक्तावत, रामकृपा शर्मा,शहर विधानसभा मीडिया प्रभारी अशोक आमेटा आदि उपस्थित थे।

## नागदा मंदिरों में प्री-वेडिंग शूट पर नियंत्रण की मांग

### होटल एसोसिएशन उदयपुर, बीसीआई टूरिज्म और मेवाड़ क्षत्रिय महासभा संस्थान ने उठाई आवाज



**उदयपुर (पुकार)।** होटल एसोसिएशन उदयपुर, बीसीआई टूरिज्म और मेवाड़ क्षत्रिय महासभा संस्थान ने साथ आकर विरासत व पर्यटन के लिए नागदा के ऐतिहासिक मंदिरों में प्री-वेडिंग शूट्स के बढ़ते चलन पर चिंता व्यक्त करते हुए भारतीय पुरातत्व सर्वेक्षण (एएसआई), राजस्थान पर्यटन मंत्रालय, और भारत सरकार के पर्यटन मिनिस्टर को पत्र लिखकर इस मुद्दे पर तत्काल कदम उठाने की मांग की है। इन पत्रों की प्रतियां फोटो सहित स्थानीय और राज्य प्रशासन को भी भेजी गई हैं।

तीनों संस्थानों ने अपने पत्र में कहा है कि नागदा मंदिर, जो भारतीय सांस्कृतिक और ऐतिहासिक धरोहर का अनमोल हिस्सा हैं, प्री-वेडिंग शूट्स के कारण अत्यधिक भीड़भाड़ और व्यावसायीकरण की चपेट में आ रहे हैं। इससे न केवल मंदिरों की पवित्रता और स्थायित्व को नुकसान हो रहा है, बल्कि पर्यटकों के अनुभव पर भी नकारात्मक प्रभाव पड़ रहा है। इस परेशानी को गाइड्स, ट्रैवल एजेंट व सभी पर्यटन से जुड़े हितधारकों ने व्यापक रूप से व्यक्त किया है ।

संस्थाओं ने इस समस्या के समाधान के लिए कुछ ठोस सुझाव दिए हैं, जिनमें परमिट प्रणाली, शुल्क संरचना में वृद्धि, समय सीमा निर्धारण, और शूट्स की सख्त निगरानी जैसे कदम शामिल हैं। इन उपायों से पर्यटन और धरोहर संरक्षण के बीच संतुलन बनाए रखने में मदद मिलेगी।

संस्थानों का कहना है कि यह मुद्दा बेहद गंभीर है और इसके लिए सरकार और प्रशासन का त्वरित हस्तक्षेप आवश्यक है। नागदा मंदिरों को व्यावसायीकरण से बचाकर उनकी ऐतिहासिक और सांस्कृतिक महत्ता को बनाए रखना अत्यंत महत्वपूर्ण है। इन तीनों संस्थाओं से पदाधिकारी के रूप में जुड़े होटल एसोसिएशन उदयपुर उपाध्यक्ष यशवर्धन राणावत ने यह मुद्दा जोड़ शोर से उठाया है। अध्यक्ष सुदर्शन देव सिंह कारोही ने चिंता व्यक्त की और शीघ्र समाधान की आशा जताई। बीसीआई संस्थापक मुकेश माधवानी ने भी इस विषय पर गंभीरता जताई । मेवाड़ क्षत्रिय महासभा के अध्यक्ष बालू सिंह कानावत व शहर कार्यकारिणी के चंद्रवीर सिंह करेलिया ने विरासत व पर्यटन के हर कार्य के प्रति प्रतिबद्धता जताई और कहा की संस्थान के ज्यादातर लोग पर्यटन व्यवसाय से जुड़े हैं और यह मुद्दा सभी के लिए बहुत महत्वपूर्ण है ।गाइड एसोसिएशन अध्यक्ष दिग्विजय सिंह कांकरवा ने भी इस मुद्दे को अपना समर्थन दिया।

### सलूंबर जिला यथावत रखने पर सांसद मन्नालाल रावत ने जताया मुख्यमंत्री का आभार

**उदयपुर (पुकार)।** सलूंबर जिला यथावत रखने के राजस्थान मंत्रिमंडल की बैठक में लिए गए फैसले का सांसद मन्नालाल रावत ने स्वागत किया है और मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा का आभार जताया है। सांसद रावत ने कहा कि राजस्थान मंत्रिमंडल की बैठक में शनिवार को सलूंबर को जिला यथावत रखने का महत्वपूर्ण निर्णय लिया गया है। सलूंबर की जनता इसको लेकर कांग्रेस नेताओं द्वारा फैलाए जा रहे भ्रम के कारण असमंजस की स्थिति में थी, लेकिन भजनलाल सरकार ने आज जिला यथावत रखने की घोषणा कर सलूंबर की जनता को तोहफा दिया है। सांसद रावत ने कहा कि इस घोषणा से सलूंबर की जनता भी खुश हुई है। इस फैसले से इस आदिवासी क्षेत्र का भरपूर विकास होगा। इस क्षेत्र की अपनी कुछ जरुरतें हैं जो पूरी हो सकेगी। सांसद रावत ने कहा कि सलूंबर के विकास के लिए वे स्वयं प्रयास कर रहे हैं। जिले के विकास के लिए जो भी बडी मांगें हैं उनके बारे में मुख्यमंत्री और वरिष्ठ अफसरों से भी चर्चा की है। वे कोशिश करेंगे कि अब जल्दी से जल्दी इस जिले का विकास हो और जिले के लिए जो भी मूलभूत अवश्यकता की जरुरत हो उन्हें पूरा किया जाए।

## जागरूकता हर समाज के उत्थान का उत्प्रेरक कारक : प्रो. तिवारी

### सनाढ्य समाज के रजत जयन्ती समारोह में 78 प्रतिभाएं सम्मानित



**उदयपुर (पुकार)।** वर्तमान सूचना प्रौद्योगिकी एवं बढ़ती प्रतिस्पर्धा के दौर में सामाजिक विषयों के प्रति जागरूकता समाज उत्थान का प्रमुख कारक है। समय पर मिली सूचना एवं उस पर तत्काल तीव्र कार्यवाही समाज के विकास में सकारात्मक उत्प्रेरक का कार्य करती है। यह विचार मेवाड़ विश्वविद्यालय के पूर्व कुलपति प्रो. रमेश चन्द्र तिवारी ने शनिवार प्रातः 11 बजे निम्बार्क शिक्षक प्रशिक्षण महाविद्यालय में आयोजित सनाढ्य समाज साहित्य मण्डल की स्थापना एवं सामाजिक पत्रिका - सनाढ्य सरिता के राष्ट्र स्तरीय रजत जयन्ती समारोह में मुख्य अतिथि के रूप में बोलते हुए व्यक्त किये। समारोह के विशिष्ठ अतिथि इंदौर के वरिष्ठ समाजसेवी पं.जगदीश पचौरी, कोटा सनाढ्य समाज के अध्यक्ष ओम प्रकाश टंकारिया,जयपुर समाज के अध्यक्ष लाभेश चन्द्र शर्मा,बारां सनाढ्य समाज अध्यक्ष डॉ. रमेश चन्द्र शर्मा,ब्राह्मण अन्तरराष्ट्रीय संगठन के संभागीय अध्यक्ष डॉ.अनिल शर्मा थे। समारोह में वरिष्ठ प्रतिभाओं - भगवती प्रसाद शर्मा,पं.बिन्दु लाल सनाढ्य,महेन्द्र कुमार शर्मा, जमना लाल तिवारी, नाथु लाल सनाढ्य,अम्बालाल सनाढ्य,आनंदी लाल सनाढ्य, राम लाल गौड़, पं.जगदीश पचौरी, लाभेश चन्द्र शर्मा,राजेन्द्र प्रसाद सनाढ्य, पंकज सनाढ्य, आर.पी.सनाढ्य एवं डॉ. अनिल शर्मा को 'महर्षि सम्मान' से सम्मानित किया गया। इनके अलावा विभिन्न क्षेत्रों में विशेष उल्लेखनीय योगदान देने वाली 48 प्रतिभाओं को 'सनाढ्य विभुषण सम्मान' तथा शिक्षा, लेखन, साहित्य सृजन, संगीत एवं खेल क्षेत्र की 16 प्रतिभाओं को 'सनाढ्य गौरव सम्मान' से सम्मानित किया गया। संचालन भगवान शंकर सनाढ्य ने किया तथा धन्यवाद राजेन्द्र प्रसाद सनाढ्य ने दिया।

## दो दिवसीय उर्स सरकार जलाल शाह बाबा का समापन





**उदयपुर (पुकार)।** शहर के चमनपुरा स्थित जामा मस्जिद परिसर में दरगाह सरकार जलाल शाह बाबा के दो दिवसीय उर्स का समापन शनिवार को कुल की फातिहा के साथ हुआ। सदर फिरोज खान व सेक्रेट्री मोहम्मद इलियास खान ने बताया कि सरकार जलाल शाह बाबा के दो दिवसीय उर्स का आगाज हर वर्ष की भांति इस वर्ष शुक्रवार को दोपहर बाद नमाज जुम्आ कुरआन ख्वानी व परचम कुशाई की रस्म के साथ हुआ व रात्रि बाद नमाज इशा महफिले मिलाद का आयोजन किया गया। महफिले मिलाद की सदारत मुफ्ती अली हुसैन रज़्वी खतीब व इमाम जामा मस्जिद चमनपुरा व सरपरस्ती खलीफाए ताजुश्शरीआ मुफ्ती शाकिरुल कादरी फैजी व निजामत मौलाना माजिद हुसैन ने संचालन की। महफिले मिलाद में हम्द, नात, मनक़बत व तकरीर की गई।

मोहसिन हैदर ने बताया कि उर्स के दूसरे दिन शनिचर को दोपहर बाद नमाजे जोहर चमनपुरा मोहल्ले से चादर शरीफ का जुलूस दरगाह कमेटी के सदर फिरोज खान, मोहम्मद इलियास खान सेक्रेट्री, कैशियर अब्दुल शकील खान, अकरम खान, इकरामुद्दीन, अब्दुल रशीद मुल्तानी, शमीम साबरी, शब्बीर खान, इकराम खान, जावेद खान सहित सैंकड़ों अकीदतमंद लोग दरगाह लेकर पहुंचे। सायं मगरिब की नमाज से पहले फातिहा ख्वानी व कुल की रस्म अदा की गई जिसके साथ ही उर्स का समापन हुआ।

## कांग्रेस सरकार द्वारा बनाए गए 9 जिलों और 3 संभागों को रद्द करना जनविरोधी: पंकज शर्मा

**उदयपुर (पुकार)।** राजस्थान में बीजेपी सरकार द्वारा कांग्रेस सरकार के कार्यकाल में बनाए गए 9 जिलों और 3 नए संभागों को रद्द करने का निर्णय लिया गया है। इस पर प्रदेश कांग्रेस कमेटी के महासचिव एवं प्रवक्ता पंकज कुमार शर्मा ने कड़ा विरोध जताते हुए इसे जनविरोधी फैसला करार दिया है।

पंकज कुमार शर्मा ने कहा कि गहलोत सरकार में बनाए गए ये जिले और संभाग जनता की मांग और प्रशासनिक आवश्यकता के आधार पर तय किए गए थे। इनकी स्थापना एक रिटायर्ड आईएएस अधिकारी की अध्यक्षता में गठित कमेटी की सिफारिशों के आधार पर की गई थी। उन्होंने कहा कि कांग्रेस सरकार ने यह फैसला पूरी तरह से जनता को बेहतर प्रशासनिक सुविधाएं उपलब्ध कराने के उद्देश्य से लिया था। शर्मा ने बताया कि गहलोत सरकार के इस ऐतिहासिक फैसले से राज्य के लोगों को प्रशासनिक स्तर पर अधिक पारदर्शिता और सुविधाएं मिलनी शुरू हुई थीं। नए जिलों और संभागों के गठन से स्थानीय समस्याओं का त्वरित समाधान संभव हो रहा था। शर्मा ने कहा कि यह निर्णय जनभावनाओं के खिलाफ है और जनता के अधिकारों को कमजोर करने का प्रयास है। उन्होंने इसे लोकतंत्र विरोधी बताते हुए कहा कि बीजेपी सरकार का यह कदम उनके अलोकतांत्रिक और जनविरोधी रवैये को उजागर करता है।

## शोभायात्रा का किया स्वागत





**उदयपुर (पुकार)।** उदयपुर शहर में एबीवीपी का 60 वां अधिवेशन चल रहा है। अधिवेशन के दूसरे दिन शनिवार को चेतक से सूरजपोल तक शोभायात्रा निकाली गई। अश्वनी बाजार में एबीवीपी के पूर्व कार्यकर्ताओं ने शोभा यात्रा का स्वागत किया। इस दौरान प्रमोद सामर,चंद्रगुप्त सिंह चौहान,गजपाल सिंह राठौड़,अनिल मेहता, योगेश कुमावत, शिवादान सिंह जोलावास, संजय शांडिल्य,डॉ ओम साहू,दीपक शर्मा,राम कृपा शर्मा, मनीष शर्मा,राकेश मोगरा, संजीव जैन, जयेश चंपावत, पंकज कोठारी मनीष पुरोहित,सुनील जैन सहित अन्य कार्यकर्ता मौजूद थे।

### न्यू ईयर पर आयोजित होगी काव्य प्रतियोगिता

**उदयपुर (पुकार)।** लफ्जों की महफ़िल के संयोजक पं. पुरुषोत्तम शाकद्वीपीय 'प्रेमी' ने बताया कि 16 दिसंबर से 31 दिसंबर के मध्य लफ्जों की महफ़िल के कलमकार साथियों के लिए एक काव्य प्रतियोगिता का आयोजन किया गया है, जिसमें न्यू ईयर अथवा आंग्ल नव वर्ष शब्द का प्रयोग करते हुए काव्य रचना लिखकर पटल पर पोस्ट करनी है। इस प्रतियोगिता के विजेताओं को एवं साहित्य के क्षेत्र में श्रेष्ठ योगदान देने वाले तीन साहित्यकारों को भी लफ्जों की महफ़िल द्वारा आयोजित मासिक काव्य गोष्ठी द्वितीय रविवार 12 जनवरी को अशोका पैलेस में सम्मानित किया जाएगा।

लफ्जों की महफ़िल के संस्थापक मुकेश माधवानी ने बताया कि 12 जनवरी रविवार को न्यू ईयर पर आयोजित काव्य प्रतियोगिता के विजेताओं को सम्मानित किया जाएगा।

**बी प्लस**

### अर्बन स्क्वायर मॉल में दुबई-स्टाइल आतिशबाज़ी और भव्य आयोजन की तैयारी



**उदयपुर (पुकार)।** राजस्थान के सबसे बड़े मॉल, अर्बन स्क्वायर मॉल ने क्रिसमस के मौके पर एक भव्य आयोजन कर शहरवासियों को यादगार अनुभव दिया। करीब 20,000 लोग इस उत्सव में शामिल हुए और दुबई-स्टाइल आतिशबाज़ी का आनंद लिया। अब मॉल नए साल के जश्न की तैयारियों में जुट गया है। 31 दिसंबर को मॉल में 2024 को शानदार विदाई देने और 2025 का स्वागत करने के लिए भव्य आयोजन होगा। इसमें फ यर एक्रोबैटिक्स, वैलेंटीना का बेली डांस, भरत वर्मा का बॉडी परकशन शो, डीजे दीपाली की धुनें और लाइव बैंड की शानदार प्रस्तुति जैसे कई आकर्षक कार्यक्रम होंगे। इसके साथ ही दुबई-स्टाइल आतिशबाज़ी का एक और भव्य संस्करण पेश किया जाएगा, जो इस जश्न को और खास बनाएगा। बता दें कि क्रिसमस के दौरान मॉल ने शानदार आयोजन कर हर उम्र के लोगों के चेहरे पर खुशी बिखेरी थी। डीजे और वायलिन वादक डेनिका की आकर्षक परफ ॉर्मेंस, बॉडी परकशन आर्टिस्ट भरत वर्मा की ताल और बेली डांसर केट की दिलकश प्रस्तुति ने दर्शकों का दिल जीत लिया था।

भूमिका ग्रुप के सीएमडी उद्धव पोद्दार ने कहा कि अर्बन स्क्वायर मॉल की पहली दुबई-स्टाइल आतिशबाज़ी को जो जबरदस्त प्रतिक्रिया मिली वह दिल छू लेने वाली है। हमारा मकसद लोगों को ऐसे अनुभव देना है जो उनकी खुशियों को दोगुना कर दें। वहीं, सीईओ सिद्धार्थ कत्याल ने कहा कि यह तो सिर्फ शुरुआत है, अब नए साल के लिए भी हमने कई बड़े इवेंट्स की तैयारी की है। अर्बन स्क्वायर मॉल ने इस आयोजन के जरिए यह साबित कर दिया है कि यह सिर्फ खरीदारी का ही नहीं, बल्कि मनोरंजन और खुशियों का भी केंद्र है। अगर आप भी नए साल का जश्न खास बनाना चाहते हैं, तो अर्बन स्क्वायर मॉल जरूर जाएं। यह मॉल न केवल खरीदारी का केंद्र है, बल्कि मनोरंजन और खुशियों का भी अद्वितीय स्थल है।

# निगम में भले ही अब आये लेकिन जमीनों के भाव तो आसमान पर

## 55 वर्ष बाद निगम क्षेत्र के विस्तार में 17 पंचायतों के 33 गांव शामिल

**सुनील गोठवाल**

उदयपुर। राज्य सरकार ने एक आदेश जारी कर 55 साल बाद नगर निगम क्षेत्र का विस्तार करते हुए उदयपुर शहर के आसपास की 17 पंचायतों के 33 गांव नगर निगम में शामिल किए है। शाहवासियों में चर्चा है कि भले ही निगम मे ये क्षेत्र अब शामिल किए गए हैं लेकिन यहां जमीनों के भाव वैसे ही आसमान छू रहे हैं। यहां प्लाट लेना आम आदमी के बूते के बाहर का हो गया है।

यहां कहने को भले ही सुविधाएं नही थी लेकिन अब निगम क्षेत्र लगने से निर्वाचित पार्षद काम करवा सकेंगे। अब तक ये काम पंचायत समिति करवाती थी। विधायक ताराचंद जैन की अनुशंसा पर जिला कलेक्टर अरविंद पोसवाल ने उदयपुर शहर से सटी आस-पास को 17 ग्राम पंचायतों को नगर निगम में शामिल करने का प्रस्ताव गत 24 नवम्बर को भिजवाया था। अब इससे जहां निगम को भी आय होगी वहीं क्षेत्रवासियों को सफाई व अन्य सुविधाएं मिल पाएंगी। इन क्षेत्रों में मॉल, शॉपिंग कॉम्पलेक्स से निगम की आय में इजाफा होगा। साथ ही इन क्षेत्रों में रिक्त पड़े भूखंड भी निगम के पास आ जाएंगे जिन्हें वह नीलाम कर अच्छी आय अर्जित कर सकेगा।

निगम में कर्मचारियों, अधिकारियों की संख्या में वृद्धि होगी वहीं नए पद भी सृजित किये जायेंगे।

# नियमों की अवहेलना पर स्ट्रीट वैंडर के लाइसेंस निरस्त

**उदयपुर (पुकार)।** नगर निगम आयुक्त राम प्रकाश ने बड़ी कार्रवाई करते हुए पहली बार नियमों की अवहेलना करने पर पथ विक्रेताओं के लाइसेंस रद्द किए गए।

नगर निगम आयुक्त राम प्रकाश ने बताया कि पिछले कई समय से पीडब्ल्यूडी कार्यालय के सामने स्थित पथ विक्रेताओं की शिकायत प्राप्त हो रही थी यह सभी वेंडर अपने ठेले के सामने बाकायदा टेबल और कुर्सी लगाकर व्यापार करते हुए पाए गए, कई बार समझाने के बावजूद भी इनके द्वारा नियमों की अवहेलना की गई जिस पर स्ट्रीट वैंडर एक्ट के तहत कार्रवाई करते हुए सभी के लाइसेंस निरस्त कर किए गए हैं।

**इनके हुए लाइसेंस निरस्त**

आयुक्त राम प्रकाश ने बताया कि गुलाब रोड पी.डब्ल्यूडी कार्यालय गली में स्ट्रीट वेंडर जोन में अनुज्ञाधारी द्वारा सड़क पर टेबल, कुर्सी रखकर आने वाले ग्राहकों को बिठाकर सार्वजनिक सडक पर अतिक्रमण कर यातायात बाधित करने की शिकायत कई समय से प्राप्त हो रही थी। शिकायत की पुष्टि करने हेतु नगर निगम पुलिस निरीक्षक मांगीलाल डांगी द्वारा मौका निरीक्षण कर 25 नवम्बर को मौका रिपोर्ट तैयार की गई। रिपोर्ट तैयार करते समय डांगी द्वारा बाकायदा मौके की फोटोग्राफी की भी गई। स्ट्रीट वैंडर ने उक्त समय भी नगर निगम द्वारा स्वीकृत किए स्थान से भी अधिक स्थान पर सार्वजनिक सडक पर अतिक्रमण कर रखे टेबल, कुर्सी, बेंच व केबिन रखे हुए थे जिन्हें जब्त किये गये। मौके पर पथ विक्रेता पोखरलाल रेबारी व भरत रेबारी साई बाबा पराठा सेन्टर, अनिल कुमार मनात, हरि ओम पंडित पराठा सेन्टर, सोनु राजपुत, श्री पंडित पराठा एवं नाश्ता सेन्टर, विनोद त्रिवेदी, कल्याण पराठा सेन्टर, प्रकाश साहू, पंडित जी के पराठे, दीपक साहू श्री नाथ पराठा सेन्टर द्वारा नगर निगम द्वारा आवंटित स्थान 8 फीट × 8 फीट = 64 वर्गफीट स्थान से अधिक स्थान पर सार्वजनिक सड़क पर अतिक्रमण किया हुआ पाया गया। पथ विक्रेता पोखरलाल रेबारी का स्वयं का होटल मान के सामने साई बाबा पराठा सेन्टर के नाम से रेस्टारेन्ट होने के बावजूद स्ट्रीट वेडर्स लाईसेन्स प्राप्त कर व्यवसाय किया जा रहा था व परिवार के अलावा अन्य लोगो को नियम विरूद्ध पथ व्यवसाय में लगा रखा था। मौका निरीक्षण पर पाए हालत को देखते हुए तैयार रिपोर्ट पर नगर निगम आयुक्त राम प्रकाश ने पथ विक्रेता अधिनियम 2014, राजस्थान पथ विक्रेता नियम 2016 एवं राजस्थान स्ट्रीट वेंडर्स स्कीम 2017 व अनुज्ञापत्र शर्तो का उल्लघंन किया जाने से उक्त सभी स्ट्रीट वेंडर्स के अनुज्ञापत्र सुनवाई के बाद निरस्त किये गये।



**निगम आकस्मिक करेगा फोटोग्राफी**

नगर निगम आयुक्त राम प्रकाश ने बताया कि नगर निगम द्वारा इस प्रकार की कार्रवाई आगे भी जारी रहेगी। निगम ने जिन क्षेत्रों में पत्र विक्रेताओं को लाइसेंस दे रखे हैं उन स्थानों की आकस्मिक जांच करते हुए फोटोग्राफी भी करवाई जाएगी जिससे नियमों के विरुद्ध कार्य करने वाले पथ विक्रेताओं के खिलाफ सख्त कार्रवाई की जा सके।

आयुक्त ने बताया कि संज्ञान में आया है कि कुछ पथ विक्रेता नगर निगम द्वारा जारी अनुज्ञापत्र के आधार पर बार-बार सार्वजनिक सड़क के बीच में खडे होकर व्यवसाय करते हैं जिससे वाहनों के आवागमन में काफी दिक्कत हो रही है, आम जनता को भी पैदल चलने में भी परेशानी का सामना करना पड रहा है।

यातायात बाधित होने से शहर में वायु प्रदुषण बढ रहा है। ऐसे सभी पथ विक्रेताओं के खिलाफ नगर निगम द्वारा कार्यवाही करते हुए लाइसेंस निरस्त किए जाएंगे।

**आयुक्त ने की अपील**

नगर निगम आयुक्त राम प्रकाश ने शहर के सभी पथ विक्रेताओं से अपील करते हुए कहा है कि अनुज्ञाधारी पथ विक्रेता नगर निगम द्वारा तय किए स्थान पर खडे रहे, निर्धारित स्थान से अधिक स्थान पर व्यवसाय फेला कर सार्वजनिक सडक / भूमि पर अतिक्रमण नही करे, अनुज्ञा पत्र स्थल को किसी भी कारण से अन्य व्यक्ति को किराये पर नहीं देवे, कार्य स्थल की साफ-सफाई व प्रतिदिन कचरा नगर निगम द्वारा अधिकृत ट्रैसोनोमी ऐजैन्सी को नियमानुसार शुल्क अदा कर उपलब्ध करावें, नगर निगम द्वारा निर्धारित मासिक पथ विक्रय शुल्क समय पर निगम कोष में जमा करावें एवं पथ विक्रेता अधिनियम 2014 राजस्थान पथ विक्रेता नियम 2016 एवं राजस्थान स्ट्रीट वेंडर्स स्कीम 2017 के तहत अनुज्ञा शर्तो का पालन करें। अनुज्ञा शर्तो का उल्लघंन करने पर अनुज्ञा पत्र निरस्त करने की कार्यवाही की जावेगी। जिसकी संपूर्ण जिम्मेदारी संबंधित पथ विक्रेता की रहेगी।

# अक्षय आनंदा वार्षिकोत्सव एवं खेलकूद प्रतियोगिता का समापन



**उदयपुर(पुकार)।** अक्षय पात्र संस्थान उदयपुर में तीन दिवसीय खेलकूद प्रतियोगिता एवं वार्षिकोत्सव समारोह अक्षय आनंदा का समापन हुआ। कार्यक्रम राजस्थान पंचायती राज एवं माध्यमिक शिक्षक संघ के प्रदेश अध्यक्ष श्रीमान शेर सिंह चौहान के विशिष्ट आतिथ्य में संपन्न हुआ। अक्षय पात्र संस्थान के प्रबंधक पल्लव लोधा ने बताया कि तीन दिवसीय प्रतियोगिताओं में विजेता छात्र-छात्राओं व संस्थान के कर्मचारियों को पारितोषिक वितरित किए गए। तीन दिवसीय समारोह में राजकीय विद्यालय भुवाणा, सुखेर, डागालियों की मंगरी तथा रामनगर के 100 से अधिक विद्यार्थियों ने भाग लिया तथा कार्यक्रम का भरपूर आनंद उठाया। तीन दिवसीय कार्यक्रम में बच्चों के लिए स्वादिष्ट प्रसादम की भी व्यवस्था की गयी. वार्षिकोत्सव में बच्चों के द्वारा कविता गायन, एकल व् समूह नृत्य तथा अनेक सांस्कृतिक प्रस्तुतियां दी गयी। खेल कूद प्रतियोगिताओं के अंतर्गत खो खो, रस्सा कस्सी, स्पून-लेमन रेस, बलून होल्डिंग रेस, म्यूजिकल चेयर रेस में प्रथम द्वितीय तथा तृतीय स्थान पर रहने वाले छात्र छात्राओं को अधिकारीयों द्वारा मैडल पहना कर पारितोषिक व सर्टिफिकेट वितरित किये गए। कार्यक्रम के अंत में संस्थान द्वारा वर्ष भर उत्कृष्ट सेवा देने के लिए अक्षय पात्र की पूरी टीम को सम्मानित किया गय॥ वार्षिकोत्सव में मंच संचालन एवं कार्यक्रम संयोजन वितरण अधिकारी अभिनव सेन ने किया।

# डॉ आनंद गुप्ता के नेतृत्व में देश की बेस्ट ब्रांच बना इंडियन मेडिकल एसोसिएशन-उदयपुर

**उदयपुर (पुकार)।** इंडियन मेडिकल एसोसिएशन के वर्ष 2024 के लिए सालाना नेशनल अवार्ड्स की घोषणा गत दिवस हैदराबाद में हुई। इसमें 1700 ब्रांचों में से इंडियन मेडिकल एसोसिएशन उदयपुर ब्रांच को बेस्ट ब्रांच के अवार्ड से नवाजा गया।



गौरतलब है कि आईएमए उदयपुर अध्यक्ष डॉ आनंद गुप्ता के नेतृत्व में उदयपुर ब्रांच लगातार चिकित्सकों के हित में आवाज और उनकी बात को रखने का मजबूत मंच बनकर उभरा है।

सचिव डॉ प्रशांत अग्रवाल ने बताया कि इससे क्षेत्र के सैकड़ों चिकित्सक जुड़े हुए है। संगठन के पदाधिकारी सरकार और उनसे जुड़े महत्वपूर्ण अधिकारियो से समन्वय कर चिकित्सा क्षेत्र में सराहनीय कार्यों को करने की पहल भी करते हैं।

अरावली हॉस्पिटल समूह के निदेशक डॉ. आनंद गुप्ता पहले भी राष्ट्रीय स्तर पर सम्मानित हो चुके हैं। उन्होंने जिस भी संगठन का नेतृत्व किया है, सदैव ही संगठन ने उत्कृष्टता को नए रूप में परिभाषित किया है । इनके नेतृत्व में आईएमए उदयपुर ही नहीं राजस्थान स्टेट रेडियोलोजी एसोसिएशन और सेंट पॉल स्कूल एलुमनाई एसोसिएशन (SPUAA) ने भी नए मुकाम हासिल किये हैं। डॉ. गुप्ता के नेतृत्व में राजस्थान राज्य आईआरआईए के लिए यह वर्ष शैक्षणिक उत्कृष्टता और राज्य भर के सदस्यों को जोड़ने के लिए श्रेष्ठतम वर्ष के रूप में जाना जाएगा। सदस्यों में एक दूसरे के प्रति भरोसा बढ़ा तो संगठन से चिकित्सकों का और अधिक जुड़ाव हुआ। इस दौरान बीकानेर, जोधपुर, अजमेर, सीकर, सुमेरपुर में पांच आउट रीच कार्यक्रम हुए तो कोटा में राज्य स्तरीय सम्मेलन और उदयपुर में नेशनल प्रिवेंटिव रेडियोलॉजी सीएमई हुई।डॉ आनंद गुप्ता के ही नेतृत्व में सेंट पॉल्स स्कूल उदयपुर का ग्रैंड एलुमनाई मीट आयोजित हुआ जिसमें वर्ष 1953 से लेकर 2023 तक के सैंकड़ों पूर्व छात्रों ने भाग लिया। पूर्व छात्र अपने सहपाठियों और वर्तमान छात्रों से रूबरू हुए और एक दूसरे की सहायता करने और जुड़ाव को और मजबूत करने के लिए कई नवाचार शुरू किये गए।

आईएमए उदयपुर के कोषाध्यक्ष डॉ. दीपक शाह ने बताया कि डॉ आनंद गुप्ता ने इंडियन मेडिकल एसोसिएशन में चिकित्सकों के लिए सदैव संघर्षरत रहते हुए चिकित्सकों की सुरक्षा और सुविधाओं के लिए सरकार के सामने मजबूती से आवाज उठाई है। उन्होंने डॉक्टरों को एकजुट करने के लिए एसोसिएशन की मजबूती के लिए कई जरूरी कदम उठाए। डॉ. गुप्ता सिर्फ उदयपुर ही नहीं बल्कि मेवाड़ संभाग के चिकित्सकों के हितों की आवाज उठाने के लिए तत्पर रहते हैं।

डॉ आनंद गुप्ता ने आईएमए की 1700 ब्रांचों में से उदयपुर ब्रांच को मिले इस सम्मान के लिए सचिव डॉ प्रशांत अग्रवाल, कोषाध्यक्ष डॉ. दीपक शाह, एग्जीक्यूटिव मेंबर्स व सदस्यों को हमेशा संगठन के हित में कंधे से कंधा मिलकर चलने के लिए आभार जताया है । साथ ही सभी वरिष्ठ सदस्यों का भी अभिवादन किया जिनके मार्गदर्शन में आईएमए उदयपुर भारत में सर्वश्रेष्ठ ब्रांच के रूप में पुरस्कृत हुआ है।

# श्रीमाली समाज क्रिकेट वर्ल्ड कप अपने परवान पर

**उदयपुर (पुकार)।** श्री श्रीमाली समाज संस्था मेवाड़ द्वारा आयोजित क्रिकेट वर्ल्ड कप के लीग मैच के दूसरे दिन भी रोमांचक मुकाबले हुए। दूसरे दिन खिलाड़ियों का उत्साह बढ़ाने के लिए उदयपुर शहर विधायक ताराचंद जैन, सुखेर थाने के एसएचओ हिमांशु सिंह राजावत, बड़गांव थाने के एसएचओ पूरण राजपुरोहित सहित समाज के कई वरिष्ठ जन मैदान पर पहुंचे। देर शाम तक सभी लीग मैच समाप्त हुए और जिसमें टॉप 8 टीमों का चयन हुआ जिनके बीच क्वाटर फाइनल मुकाबला होगा। रविवार को सबसे पहले क्वार्टर फाइनल मुकाबले होंगे इसमें ग्रुप ए से टीम श्रीमाली मराठस, टीम पाली चैंप्स, टीम गरुडा और टीम उत्सव पहुंची है। टीम बी में टीम अवधूत, टीम विवान श्री, टीम काशी अखाड़ा और टीम मोरविनंदन पहुंची है। इन आठों टीमों में क्वार्टर फाइनल मुकाबले के बाद टॉप 4 पर रही टीमों के बीच में सेमीफाइनल मुकाबला होगा।

श्रीमाली समाज के खेल मंत्री मयंक श्रीमाली ने बताया कि रविवार को सुबह से क्वार्टर फाइनल मुकाबला शुरू होंगे और फिर टॉप पर रही चार टीमों के बीच सेमीफाइनल मुकाबला होगा और शाम को फाइनल मुकाबले के साथ इस वर्ल्ड कप का समापन होगा। रविवार शाम को समापन समारोह आयोजित होगा जिसमें शहर के प्रबुद्ध जनों सहित समाज की बड़ी हस्तियां शामिल होगी और विजेता टीम को ट्रॉफी प्रदान करेगी। शनिवार को टाइगर स्थित संस्कार भवन में भव्य भजन संध्या का भी आयोजन किया गया जिसमें सभी टीमों के खिलाड़ी सहित समाज के कई प्रबुद्ध जन शामिल हुए।

अब तक हुए मुकाबले में प्रतियोगिता का पहला मैच मोरबीनंदन बनाम लीजेंड्स के बीच खेला गया, इसमें मोरबीनंदन ने पांच विकेट से जीत हासिल की। लीग मैच में दूसरा मैच टीम उत्सव और टीम यूनाइटेड ब्रदर्स के बीच खेला गया, इस मैच में टीम उत्सव ने 24 रन से जीत हासिल की। तीसरा लीग मैच टीम विवान श्री वर्सेस मातेश्वरी बड़वाई के बीच खेला गया।

इस मैच में टीम विवान श्री ने 15 रन से जीत दर्ज की। चौथा लीग मैच टीम यूनाइटेड ब्रदर्स बनाम पाली चैंप्स के बीच खेला और इस मैच में पाली चैंप्स ने यह मैच 6 विकेट से जीता। पांचवा लीग मैच टीम उत्सव बनाम टीम गरुड़ा के बीच खेला गया और यह मैच टीम गरुड़ा ने 9 विकेट से बड़ी जीत दर्ज की। छठा लीग मैच टीम विवान श्री बनाम टीम लीजेंड्स के बीच खेला गया और इस मैच में टीम विवान श्री ने 80 रन से बड़ी जीत हासिल की।

सातवां लीग मैच टीम मातेश्वरी बड़वाई बनाम टीम मोरबीनंदन के बीच में हुआ और इस मैच में 7 विकेट से टीम मोरबीनंदन जीता। आठवां मैचटीम गरुड़ा वर्सेज टीम पाली चैंप्स का हुआ जिसमें पाली चैंप्स रोचक मुकाबले में एक रन से जीता। नवां मैच टीम वागड़ वर्सेज यूनिटी ब्रदर्स के बीच हुआ जिसमें यूनाइटेड ब्रदर्स सुपर ओवर में 7 रन से जीती।

दसवां लीग मैच टीम अवधूत बनाम टीम काशी अखाड़ा के बीच हुए जिसमें अवधूत की टीम 13 रन से विजेता रही। ग्यारहवां मुकाबला टीम महालक्ष्मी वागड़ बनाम टीम श्रीमाली मराठास के बीच हुआ इसमें टीम श्रीमाली मराठास 91 रन से जीत हासिल करने में सफल हुई। बहरवा लीग मैच टीम काशी अखाड़ा बनाम टीम लीजेंड्स में हुआ जिसमें टीम काशी अखाड़ा ने 62 रन से जीत हासिल की। तेरहवां मैच टीम गरुड़ा बनाम टीम महालक्ष्मी वागड़ के बीच हुआ, जिसमें गरुड़ा ने 49 रन से जीत हासिल की। 14वां मुकाबला टीम अवधूत और टीम विमानश्री के बीच हुआ जिसमें टीम अवधूत ने 32 रन से जीत हासिल की। 15वां मुकाबला टीम श्रीमाली मराठास बनाम टीम उत्सव के बीच हुआ।

इस मैच में टीम श्रीमाली मराठास ने 6 विकेट से जीत हासिल की। 16वाँ मुकाबला टीम अवधूत बनाम टीम मोरबीनंदन के बीच हुआ इस मुकाबले में टीम अवधूत ने 35 रन से जीत हासिल की। 17 वा लीग मैच टीम काशी अखाड़ा बनाम टीम मातेश्वरी बड़वाई के बीच हुआ इस मैच में काशी अखाड़ा ने 10 रन से जीत हासिल की। और लीग मैच का आखिरी मुकाबला टीम पाली चैंप्स और टीम श्रीमाली मराठस के बीच हुआ।

कृषि एवं किसान कल्याण मंत्रालय
भारत सरकार



"मौसम के जोखिमों से हमारे मेहनती किसान भाई–बहनों के हितों को सुरक्षित करने में प्रधानमंत्री फसल बीमा योजना काफी कारगर साबित हो रही है। इसका लाभ करोड़ों किसानों को मिल रहा है।"
– नरेन्द्र मोदी, प्रधानमंत्री

फसल बीमा कराओ
सुरक्षा कवच पाओ
सभी किसान भाई–बहनों को भी बताओ

प्रधानमंत्री फसल बीमा योजना की उपलब्धियां
- 19.67 करोड़ किसान भाई–बहनों को अब तक मिला फसल बीमा का लाभ
- ₹1.65 लाख करोड़ के दावों का भुगतान किसानों को किया
- 70 करोड़ से अधिक किसान आवेदन प्राप्त

देशव्यापी हेल्पलाइन 14447

पंजीकरण की अंतिम तिथि 31 दिसम्बर, 2024




प्रधानमंत्री फसल बीमा योजना

बीमा भागीदार AIC | Bajaj Allianz | Chola MS | Future Generali | HDFC ERGO | ICICI Lombard | IFFCO-TOKIO | Kshema | Oriental Insurance | Reliance General Insurance | SBI general | Tata AIG | Universal Sompo General Insurance

अपनी फसलों को आज ही बीमित करने के लिए संपर्क करें

जनसेवा केंद्र | क्रॉप इंश्योरेंस ऐप https://play.google.com | पोस्ट ऑफिस | बैंक शाखा | @PMFBY

योजना से संबंधित अधिक जानकारी के लिए QR कोड स्कैन करें

# सम्पादकीय

## एक युगीन राजनेता

निस्संदेह, ख्यात अर्थशास्त्री और एक कुशल प्रशासक डॉ. मनमोहन सिंह का अवसान देश-दुनिया के लिये एक दुखद क्षण है। आज के दौर में उन जैसा कुशाग्र बुद्धि का अर्थशास्त्री व सहज-सरल व्यक्ति होना दुर्लभ ही है। वे ऐसे विशिष्ट व्यक्तित्व के धनी थे कि तमाम विषम परिस्थितियों में भी अपनी सज्जनता और विनम्रता बरकरार रखते थे। वर्ष 2014 के लोकसभा चुनाव में कांग्रेस के नेतृत्व वाले संप्रग गठबंधन की पराजय के अगले दिन 17 मई को प्रधानमंत्री के रूप में राष्ट्र के नाम अपने अंतिम संबोधन में उन्होंने चिरपरिचित विनम्रता को दोहराया कि बड़ी जिम्मेदारी निभाते हुए भी उनका जीवन एक खुली किताब रहा है। उनके इस कथन पर अविश्वास करने का कोई कारण नहीं है कि उन्होंने वित्तमंत्री और प्रधानमंत्री के रूप में सदैव राष्ट्र के लिए अपना सर्वोत्तम देने का प्रयास किया। पहले वित्त मंत्री के रूप में उन्होंने भारतीय अर्थव्यवस्था के उदारीकरण की नीतियों का कुशल नेतृत्व किया। इसके उपरांत प्रधानमंत्री के रूप में महती भूमिका निभायी। निस्संदेह परिस्थितियां हमेशा हमारी आकांक्षाओं के अनुरूप नहीं होती, लेकिन कड़ी मेहनत से उसे हासिल किया जा सकता है। वे कहते थे 'परिश्रम मेरा उपकरण और सच्चाई मेरा प्रकाश स्तंभ रहा है।' निर्विवाद रूप से सच्चाई और पारदर्शिता सदैव उनके व्यक्तित्व की आभा रही। उनके नेतृत्व वाली सरकार की एक बड़ी उपलब्धि वर्ष 2005 में सूचना अधिकार अधिनियम का अस्तित्व में आना था। इस ऐतिहासिक कानून का मकसद देश के नागरिकों को सशक्त बनाना और सरकारी विभागों के कामकाज में आवश्यक जवाबदेही सुनिश्चित करना था। इस सार्थक पहल से तंत्र के चारों ओर बना गोपनीयता का पर्दा आखिरकार हटा दिया गया। कालांतर लोगों को अहसास हुआ कि लोकतंत्र में सिर्फ वोट डालने के अलावा भी उनके तमाम अधिकार हैं। इसके अलावा वर्ष 2005 में एक अन्य अग्रणी सुधार के रूप में महात्मा गांधी राष्ट्रीय ग्रामीण रोजगार गारंटी अधिनियम लागू होना भी ग्रामीण विकास की यात्रा में मील का पत्थर साबित हुआ।

निर्विवाद रूप से मनरेगा ने सामाजिक कल्याण के उपाय के रूप में ग्रामीण परिवारों की आजीविका सुरक्षा को मजबूत करके जीवन बदलने में मदद की। जिसका सकारात्मक प्रतिसाद अगले आम चुनावों में संप्रग को मिला भी। इसके बावजूद मनमोहन सिंह अपनी सरकार की पहलों के बारे में शेखी बघारने और खुद अपनी पीठ थपथपाने में विश्वास नहीं रखते थे। उनकी प्राथमिकता खुद से पहले देश सेवा की रही है। लेकिन उनकी विफलता उन विसंगतियों को दूर न कर पाने में रही, जिसके चलते कालांतर यूपीए सरकार का पतन हुआ। यही वह चूक थी जिसके चलते भाजपा संप्रग सरकार के विरुद्ध भ्रष्टाचार के मुद्दे को भुनाकर कांग्रेस से सत्ता छीनने में सफल रही। उनके दूरदर्शी नेतृत्व में भारत-अमेरिका के बीच असैन्य परमाणु समझौते को अमलीजामा पहनाया जा सका। जिसने कालांतर दोनों देशों के बीच रणनीतिक सहयोग के लिये गेमचेंजर की भूमिका निभायी। इसके बाद ही दोनों देशों के द्विपक्षीय संबंधों को नई ऊंचाइयां मिल सकी। निश्चय ही वर्ष 2008 के आतंकी हमले से भारत के मर्म पर चोट लगी, लेकिन इसके बावजूद उन्होंने पाकिस्तान के खिलाफ जवाबी कार्रवाई से बचने का फैसला किया। इस व्यावहारिक निर्णय ने दोनों पड़ोसियों को एक और युद्ध में फंसने से रोक दिया था। हालांकि, वे आमतौर पर मृदुभाषी और आत्मकेंद्रित व्यक्ति थे, लेकिन जब स्थितियां अस्वीकार्य हो जाती थी तो वे अपने मन की बात कहने से नहीं चूकते थे। वर्ष 2024 के लोकसभा चुनाव के अंतिम चरण के मतदान से पहले जारी एक पत्र में उन्होंने चुनावी समर में वोटों के लिये विभाजनकारी भाषणों को दुर्भाग्यपूर्ण बताकर कड़ी अलोचना की थी। साथ ही राजग के शीर्ष नेतृत्व को सार्वजनिक संवाद की गरिमा बनाये रखने को कहा। बहरहाल, उनके योगदान को स्वीकार करते हुए प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने उन्हें श्रद्धांजलि देते हुए कहा कि देश के विकास के प्रति उनकी प्रतिबद्धता का हमेशा सम्मान किया जाएगा। निस्संदेह, देश के सत्ताधीश मनमोहन सिंह की विरासत से बहुत कुछ सीख सकते हैं। जो बताते थे कि कोई भी व्यक्ति या सरकार देश से बड़ी नहीं हो सकता। यह भी कि काम बोलता है, उसे शब्दों से बयां करने की जरूरत नहीं है।

## संक्षिप्त खबरें...

### विधायक मद से दिव्यांग जन को स्कूटी दिलाने का आग्रह

**आमेट ।** कुंभलगढ़ विधायक सुरेंद्र सिंह राठौड़ में अपने मद की राशि प्रदान कर दिव्यांग जनों को स्कूटी दिलाने हेतु मुख्य कार्यकारी अधिकारी जिला परिषद राजसमंद को पत्र लिखकर दिव्यांग को स्कूटी दिलाने का आग्रह किया । विधानसभा मीडिया संयोजक किशन पालीवाल ने बताया कि विधानसभा क्षेत्र के सरदारगढ़ क्षेत्र के निवासी प्रकाश सेन व शंभू लाल सेन जो कि दोनों पति-पत्नी दिव्यांग है। वही विधानसभा के ( अंटालिया पंचायत ) के कुंवारिया गांव के उदय सिंह पिता दौलत सिंह व गोविंद सिंह पिता राय सिंह दोनों दिव्यांग है। उनके लिए विधायक मद से स्कूटी दिलाने के लिए मुख्य कार्यकारी अधिकारी जिला परिषद राजसमंद को पत्र लिखकर आग्रह किया कि विधानसभा क्षेत्र के दोनो दिव्यांग व्यक्तियों को 1 लाख की राशि प्रत्येक दिव्यांग को स्कूटी के लिए राशि विधायक मद से लिखित राशि प्रदान कर स्कूटी दिलाने का आग्रह किया ।

### वैष्णव बैरागी समाज राज्य स्तरीय क्रिकेट प्रतियोगिता में सियाणा ने उदयपुर टीम को हराकर किया अचंभित

**आमेट ।** वैष्णव बैरागी समाज की राज्य स्तरीय क्रिकेट प्रतियोगिता में लीग मैचों में बड़े उलटफेर देखने को मिले । युवा अध्यक्ष व प्रतियोगिता संयोजक शिक्षक मुकेश वैष्णव ने बताया कि पूर्व की चैम्पियन टीम इलेवन स्टार ने पहले बल्लेबाजी करते हुए निर्धारित 8 ओवर में 7 विकेट पर 83 रन बनाए, लक्ष्य का पीछा करने उतरी सियाराम क्लब सियाणा को अंतिम गेंद पर जीतने के छः रनों की आवश्यकता थी! इस रोमांचक मैच में बल्लेबाजी कर रहे कन्हैया वैष्णव ने लम्बा छक्का मारकर सियाणा टीम को जीत दिलाई । मैन ऑफ द मैच राम वैष्णव रहे । अन्य मैचों में स्टार बिठूड़ा पाली टीम ने राजा राम क्लब गोविंदगढ़ को, श्रीराम क्लब मैंगटीया ने धनला मारवाड़ पाली टीम को, स्टार इलेवन आमेट ने राजाराम क्लब गोविंदगढ़ को, इलेवन स्टार उदयपुर ने धनला मारवाड़ पाली को पराजित कर अगले दौर में प्रवेश किया। युवा अध्यक्ष शिक्षक मुकेश वैष्णव ने बताया कि छः दिवसीय राज्य स्तरीय क्रिकेट प्रतियोगिता में राजस्थान की विभिन्न जिले की कुल 20 टीमों से लगभग 320 खिलाड़ी भाग ले रहे हैं । प्रतियोगिता के चौथे दिन विशिष्ट अतिथि समाजसेवी चन्द्र प्रकाश वैष्णव धोईन्दा,रमेश वैष्णव सरदारगढ़, अशोक वैष्णव आमेट, अध्यक्ष मुकेश वैष्णव सरदारगढ़, शैतान सिंह, मनीष वैष्णव डाला खेड़ा,मनोज वैष्णव, मनीष मेवाड़ा,मुकेश वैष्णव सियाणा आदि ने मैन ऑफ द मैच रहे खिलाड़ियों को पारितोषिक देकर सम्मानित किया गया। इस अवसर पर श्रवण वैष्णव जेतपुरा,भरत वैष्णव सियाणा, लविश वैष्णव सरदारगढ़,चेतन वैष्णव, विकास वैष्णव उदयपुर, राजेन्द्र वैष्णव भीलवाड़ा ,दिलीप वैष्णव नाथद्वारा, विष्णु वैष्णव, मुरली वैष्णव गुगली, करण वैष्णव,प्रकाश वैष्णव आईडाणा, पिंटू वैष्णव सिमाल, रोशन दास वैष्णव डिंगरोल आदि उपस्थित थे ।

### नये उत्तीर्ण सीए छात्र-छात्राओं का किया स्वागत

**निम्बाहेड़ा।** शनिवार को सीए फाइनल परीक्षा में उत्तीर्ण हुए नगर के प्रतिभावान छात्र-छात्राओं का स्वागत एवं अभिनन्दन नितेश शर्मा एण्ड कम्पनी (चार्टेड अकाउंटेंट) सीए गुणवंत लाल शर्मा एवं सीए नीतेश शर्मा के कार्यालय पर पूर्व विधायक अशोक नवलखा के मुख्य आतिथ्य में सम्पन्न हुआ। कार्यक्रम संयोजक सीए नितेश शर्मा ने बताया कि हाल ही में उत्तीर्ण हुए सीए निखिल पुरबिया, सीए अल्पित शारदा एवं सीए अक्षिता भराडिया का पूर्व विधायक अशोक नवलखा एवं सीए गुणवंत लाल शर्मा ने मेवाड़ी पगडी पहनाकर एवं उपरना ओढ़ाकर व श्रीफल भेंट कर सम्मान किया तथा उनके उज्जवल भविष्य की शुभकामनाएं दी। सीए गुणवंत लाल शर्मा ने अपना सीए का इतिहास बताते हुए संघर्ष की कहानी सुनाई और डटे रहने की सीख दी। सीए नितेश शर्मा ने बताया कि उनकी कोशिश सीए मेम्बर और बच्चों के हित में निम्बाहेड़ा क्षेत्र में नए रोजगार उपलब्ध करवाने तथा और सीए के छात्र-छात्राओं के लिये स्टडी सर्किल बनाने के लिए सेंट्रल काउंसिल में पूरी कोशिश जारी है। सीए शुभम चपलोत ने बताया कि नये बने सीए के लिए जॉब के साथ प्रैक्टिस में भी आजकल नये नये आयाम खुल रहे है और इंस्टिट्यूट भी एआई और नयी तकनीक पर कदम से कदम मिला कर चल रहे है। कार्यक्रम के दौरान भूमिगत जल पर शोध कर पीएचडी की उपाधि प्राप्त करने के लिए भाजपा नगर महामंत्री डॉ. आशीष टांक का भी मेवाड़ी पगड़ी पहनाकर एवं उपरना ओढ़ाकर अभिनंदन किया गया।

इस अवसर पर सीए महेंद्र राजोरा, सीए अतीत सहलोत, सीए दिलीप जोशी, सीए मिलन मारू, सीए अनुभव मालू, लव लड्ढ़ा, निश्चल नाथ, रोहन राजपुरोहित सहित भाजयुमो नगर महामंत्री डॉ. आशीष टांक, चिराग मंत्री, लोकेंद्र आचार्य आदि मौजूद रहे।

### अष्टम भव्य नाकोड़ा भैरव भक्ति संध्या

**चित्तौड़गढ़ ।** हर वर्ष की भांति इस वर्ष भी प्रभु श्री पार्श्वनाथाय स्वामी एवम परम दयालु श्री नाकोड़ा भैरव जी की अनवरत आठवी बार नाकोड़ा भैरव भक्ति संध्या का आयोजन 29 दिसम्बर को आयोजित किया जाएगा। नाकोड़ा भैरव भक्ति संध्या के अन्तर्गत भव्य शोभायात्रा दोपहर 1:30 बजे से जैन मंदिर से प्रारंभ हो कर नाहर वाटिका, बानसेन में भक्ति संध्या शाम 6:30 बजे होगी एवं 108 दीपक की महाआरती की जाएगी। भजन संध्या में वैभव सोनी (नाथद्वारा) एवं नाहर सिस्टर्स (भीलवाड़ा) द्वारा सुमधुर भजनों की प्रस्तुती दी जाएगी।

# तस्करों ने नारकोटिक्स के वाहन को मारी टक्करः फायरिंग में एक घायल तो दो अन्य को लगी चोट, फिल्मी स्टाइल में भागे तस्कर

**चित्तौड़गढ़ (पुकार)।** जिले में उदयपुर सिक्सलेन स्थित नारायणपूरा टोल के पर शुक्रवार तड़के नाकाबंदी के दौरान मादक पदार्थ तस्करों ने नीमच नारकोटिक्स के वाहन को टक्कर मार दी। वहीं बाद में तस्कर फायरिंग करते हुए फिल्मी स्टाइल में मौके से फरार हो गए। करीब आधे से 1 मिनट चले इस घटनाक्रम में फायरिंग में नारकोटिक्स का एक अधिकारी तो तस्करों के वाहन की टक्कर लगने पर दो अधिकारी घायल हुए हैं। घायलों को चिकित्सालय ले जाया गया है। मौके से लाखों रुपए मूल्य का 345 किलो डोडा चुरा बरामद किया है। इस संबंध में प्रकरण दर्ज कर अनुसंधान किया जा रहा है। मामले में एक आरोपित की गिरफ्तारी भी हुई है।

जानकारी में सामने आया कि मध्यप्रदेश में स्थित केंद्रीय नारकोटिक्स ब्यूरो नीमच की टीम को खुफिया सूचना मिली थी कि गुजरात नंबर प्लेट वाली टोयोटा इनोवा कार में मादक पदार्थ तस्करी होगी। इसमें सवार दो व्यक्ति चित्तौड़गढ़ जिले के मंगलवाड़ क्षेत्र से बाड़मेर (राजस्थान) क्षेत्र के लिए डोडा चूरा के जा रहे हैं। इस सूचना के आधार पर सीबीएन नीमच की टीम का गठन किया गया और उन्हें शुक्रवार सुबह जल्दी रवाना किया गया। टीम ने संदिग्ध मार्ग पर कड़ी निगरानी रखी गई। तस्करों के वाहन को चित्तौड़गढ़-उदयपुर हाईवे पर नारायणपुरा टोल प्लाजा के पास पहचाना गया। वाहन की पहचान होने पर सीबीएन अधिकारियों ने उसे रुकने का इशारा किया, लेकिन तस्करों ने रास्ता रोक रही विभागीय गाड़ी से सीधा टक्कर मार दी। सतर्क सीबीएन अधिकारियों ने वाहन को उसके चालक सहित सफलतापूर्वक रोका। वाहन में सवार दूसरे व्यक्ति ने सीबीएन अधिकारियों पर गोली चलाई और फरार हो गया। फायरिंग में एक अधिकारी घायल हो गया और वाहन से टकराव के कारण दो अधिकारी घायल हो गए। सुरक्षा और अन्य व्यावहारिक कारणों से वाहन की तत्काल तलाशी मौके पर लेना संभव नहीं था। इसलिए उसे सीबीएन कार्यालय लाया गया। यहां वाहन की पूरी तलाशी ली गई। इसमें 17 बोरों में भरा कुल 345.940 किलो डोडा चूरा बरामद किया। कानूनी औपचारिकताओं को पूरा करने के बाद मौके से जब्त किए डोडा चूरा व वाहन को सीज कर दिया। साथ ही एक व्यक्ति को नारकोटिक ड्रग्स एंड साइकोट्रॉपिक




सब्स्टेंस एक्ट, 1985 की संबंधित धाराओं के तहत गिरफ्तार कर लिया गया। मामले में नारकोटिक्स का अग्रिम अनुसंधान जारी है।

**स्व. उदयलाल जोशी पुष्करणा की स्मृति में स्वतंत्रता सैनानियों की मूर्तियो का अनावरण**

# स्वतंत्रता सेनानियों को लेकर युवाओं को जागरूक करना- पुर्ण चंद जोशी

**उदयपुर (पुकार) ।** जिले के कानोड़ नगर के स्वर्गीय उदयलाल जोशी पुष्करणा निवासी कानोड की स्मृति में स्वतंत्रता सैनानियों की मूर्तियो का अनावरण किया गया, जानकारी में डॉक्टर पूर्ण चंद जोशी पुष्करणा ने बताया कि उनके पिता स्वर्गीय उदयलाल जोशी की पुण्य स्मृति में देश को स्वतंत्रता दिलाने वाले वीरों की मूर्ति का अनावरण किया गया, हालांकि इससे पूर्व में भी आस पास के क्षेत्र में डॉक्टर पूर्ण चंद जोशी ने अपने पिता स्वर्गीय उदयलाल जोशी पुष्करणा की याद में क्षेत्र के आसपास गांव में भी अलग-अलग शहीदों की मूर्ति का अनावरण किया है जिसमें कानोड़ में शहीद भगत सिंह, सुरेडा में रानी लक्ष्मीबाई, बिलोंदा में चंद्रशेखर आजाद अरनेड में सुभाष चंद्र बोस एवं अब किशन करेरी में वीर शिरोमणि महाराणा प्रताप की मूर्ति का अनावरण किया गया, इस दौरान पुष्करणा




परिवार के समस्त परिवारज़न एवं आत्मीय सहयोगी कैलाश चंद पुरोहित उपस्थित रहे, वही पूर्ण चंद जोशी ने कहा कि अंधविश्वास में नहीं रहे जो देश को आजाद करने में अपने प्राणों को न्योछावर करने वाले वीरों से अपने जीवन में नहीं सिख ले। और वर्तमान में भी सीमा पर तैनात सैनिकों के साथ खड़े रहे। जिस तरह से बंगलादेश में हो रहे हत्याचार को रोकने के लिए सेना के नौजवान ही रोक सकते है।

## जैन क्रिकेट लीग-2 का रोमांच चरम सीमा पर



**चित्तौड़गढ़ (पुकार) ।** महावीर क्रिकेट क्लब के मेजर नटवर सिंह स्कूल में चल रहे क्रिकेट टुर्नामेन्ट जेसीएल-2 के तीसरे दिन पहले मेच में दोशी चेलेन्जर्स ने विक्की वॉरियर्स को 06 विकेट से हराया । विक्की वारियर्स ने पहले बल्लेबाजी करते हुए 10 ऑवर में 86 रन बनाये, जवाब में सात गेन्द शेष रहते दोशी चेलेन्जर्स ने मैच जीत लिया। इस मैच के मेन ऑफ द मैच संदीप यति जैन रहे । दुसरा मुकाबला चित्तौड़गढ़ विक्टर्स और फार्च्यून राइडर के बीच खेला गया जिसमें फार्च्यून राइडर ने 09 बॉल रहते पांच विकेट से मैच जीत लिया। इस क्रिकेट लीग का फाईनल मैच 02 जनवरी को खेला जायेगा। रविवार को दो अहम मैच खेलें जायेंगे। क्लब के अभिषेक भडकत्या, मनीष भडकत्या ने बताया कि मैच के अतिथि राकेश पटवारी, राकेश चौपडा, कमलेश सिंघवी, संजय बाघमार, महावीर जैन मण्डल के कोषाध्यक्ष नवीन पटवारी रहे। संचालन आशिष बाघमार, प्रतीक श्रीश्रीमाल ने किया। मैच के दौरान मातृशक्ति रीना पोखरना, प्रियंका श्रीश्रीमाल, नेहा मेहता, डिम्पल बोहरा, अंजली बाघमार आदि ने खिलाडियों का उत्साहवर्धन किया।

## बोजुन्दा कालभैरव मंदिर पर तीन दिवसीय नानीबाई का मायरा कथा 30 से



**चित्तौड़गढ़ (पुकार) ।** विजन कॉलेज के सामने पॉलिटेक्निक कॉलेज, बोजुन्दा के पास स्थित पवित्र धार्मिक स्थल श्रीश्री कालभैरव मंदिर पर 30 दिसंबर से 1 जनवरी तक प्रतिदिन दोपहर 1 बजे से 4 बजे तक तीन दिवसीय संगीतमय नानीबाई का मायरा कथा का आयोजन किया जाएगा। मुख्य पुजारी बाबूलाल जटिया ने बताया कि उद्घाटन कार्यक्रम में अंतर्राष्ट्रीय संत श्री सूरजकुंड के स्वामी अवधेश चैतन्य ब्रह्मचारी महाराज का आशीर्वचन होगा। निंबाहेड़ा के लक्खा एण्ड पार्टी द्वारा



संगीतमय नानी बाई का मायरा का वाचन होगा है। जानकारी अनुसार युवा नेता हरिओम सिंह चौहान आक्या, विधायक चंद्रभान सिंह आक्या टीम सहित सहित सनातन धर्मप्रेमी श्रद्धालुओं का सक्रिय सहयोग रहेगा। नववर्ष आगमन को 31 दिसंबर रात्रि 10 बजे स्वागतम नववर्ष-2025 श्रीश्री कालभैरव भजन संध्या के रूप में मनाया जाएगा। कार्यक्रम को लेकर विभिन्न तैयारियाँ व प्रचार प्रसार किया जा रहा है। कार्यक्रम समापन पर बुधवार 1 जनवरी को दोपहर 2 बजे से महाप्रसाद का आयोजन होगा।

# धार्मिक कथाओं के माध्यम से होता है धार्मिक भावनाओं का प्रवाह- विधायक कृपलानी

**श्रीमद् भागवत कथा में कथा श्रवण का लिया आनंद**



**निम्बाहेड़ा (पुकार) ।** संत महात्माओं के द्वारा आयोजित इन कथाओं के माध्यम से धार्मिक वातावरण का निर्माण होता है। उसी की परिणीति है, जिसके कारण पांच सौ वर्ष पुराना संघर्ष समाप्त हुआ तथा राम मंदिर का निर्माण होकर आज हम सब के आराध्य प्रभु श्री राम अयोध्या में भव्य मंदिर में विराजमान हैं। उक्त विचार पूर्व स्वायत शासन मंत्री एवं विधायक श्रीचंद कृपलानी ने निम्बाहेड़ा के इशक्काबाद क्षेत्र में स्थित वीर तेजाजी मंदिर प्रांगण में स्व. डाडम चन्द जाट की स्मृति में उनके परिजनों एवं भक्तजनों द्वारा आयोजित सप्त दिवसीय श्रीमद भागवत कथा के समापन अवसर पर व्यक्त किए। इस अवसर पर विधायक कृपलानी ने कहा कि संतों के आशीर्वाद से ही प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में मथुरा में श्रीकृष्ण मंदिर के भव्य निर्माण का मार्ग प्रशस्त होगा। कथा आयोजक दिनेश, विशाल जाट ने बताया कि गत सात दिनों से मथुरा-वृंदावन के प्रसिद्ध कथावाचक महाराज श्री राममूर्ति जी तिवारी के मुखारविंद से प्रतिदिन व्यासपीठ से श्रीमद् भागवत कथा का वाचन किया गया। कथा के दौरान विधायक कृपलानी, पूर्व विधायक अशोक नवलखा, भाजपा नगर अध्यक्ष नितिन चतुर्वेदी, पूर्वी मण्डल अध्यक्ष अशोक जाट, नगर महामंत्री देवकरण समदानी सहित भक्तजनों ने व्यासपीठ पर विराजित कथावाचक महाराज श्री राममूर्ति जी तिवारी का उपरना ओढाकर अभिनंदन किया, वहीं कथा आयोजकों ने भी अतिथियों का उपरना ओढ़ाकर स्वागत किया। इस अवसर पर घनश्याम तोषावड़ा, बालमुकुंद प्रधान, कैलाश जाट, चतुर्भुज जाट, लोभचन्द जाट, रामनिवास जाट सहित बड़ी संख्या में कथा श्रवण करने के लिए श्रद्धालु महिलाऐं एवं पुरुष मौजूद रहे।

# दो दिवसीय एक्यूप्रेशर थेरेपी सेवा शिविर का विधायक कृपलानी ने किया शुभारम्भ



**निम्बाहेड़ा (पुकार) ।** क्षेत्र की प्रमुख समाजसेवी संस्था महावीर इंटरनेशनल की स्थानीय इकाई द्वारा स्थानीय श्रीनाथ नगर में स्थित रोबिन सीनियर सेकेंडरी स्कूल में स्वर्गीय सरदार मल मोदी, मनोरमा मोदी एवं मनोज मोदी की स्मृति में आयोजित किए जा रहे दो दिवसीय एक्यूप्रेशर थेरेपी सेवा शिविर का शुभारम्भ पूर्व स्वायत्त शासन मंत्री एवं विधायक श्रीचंद कृपलानी ने फीता काटकर किया। इस अवसर पर पूर्व विधायक अशोक नवलखा, भाजपा नगर अध्यक्ष नितिन चतुर्वेदी, पूर्वी मण्डल अध्यक्ष अशोक जाट सहित आयोजक मोदी परिवार के रवि कुमार, अवि कुमार मोदी एवं परिजन मौजूद रहे।

विधायक कृपलानी सहित अतिथियों ने उद्घाटन करने के पश्चात शिविर का अवलोकन किया तथा भगवान महावीर के चित्र पर माल्यार्पण एवं दीप प्रज्जवति किया। इस दौरान महावीर इंटरनेशनल के अध्यक्ष विकास पटवारी एवं सचिव दीपक सगरावत ने अतिथियों का उपरना ओढ़ाकर स्वागत किया। महावीर इंटरनेशनल के अध्यक्ष विकास पटवारी ने शिविर के बारे में जानकारी देते हुए बताया कि समाजसेवी स्वर्गीय सरदार मल मोदी, मनोरमा मोदी एवं मनोज मोदी की स्मृति में उदयपुर की हरि कृपा एक्यूप्रेशर थेरेपी के तत्वाधान में आयोजित किए जा रहे कमर दर्द एवं सर्व रोग निवारण एक्यूप्रेशर थेरेपी सेवा शिविर में कमर दर्द, घुटना व एडी का दर्द, नजला, जोड़ों का दर्द, अस्थमा, पाइल्स नस ब्लॉकेज, बीपी की समस्या, माइग्रेन, सिर दर्द, कब्ज व गैस, पैरालिसिस, पीसीओएस, पीसीओडी आदि रोगों का उपचार किया जा रहा है। शिविर उद्घाटन समारोह को सम्बोधित करते हुए मुख्य अतिथि एवं विधायक श्रीचंद कृपलानी ने कहा कि पीड़ित मानव की सेवा करना सबसे बड़ा पुनित कार्य है और शिविर को आयोजित करने के लिए मोदी परिवार एवं महावीर इंटरनेशनल संस्था बधाई के पात्र है। उन्होने कहा कि विश्व में चिकित्सा के क्षेत्र में नई-नई तकनीक से उपचार होने लगा है, लेकिन भारत की पौराणिक आयुर्वेद, एक्यूप्रेशर एवं होम्योपैथी चिकित्सा पद्धति आज भी प्रचलित है तथा विश्व के कई देशों से इसे सीखने के लिए लोग भारत आते हैं। कृपलानी ने इस अवसर पर कहा कि जिस प्रकार एक्यूप्रेशर, आयुर्वेद एवं होम्योपैथी से रोगों का उपचार होता है, वहीं हमें पर्यावरण एवं प्रकृति को बचाने के लिए प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के द्वारा चलाए जा रहे एक पेड़ मां के नाम अभियान में अपनी भागीदारी सुनिश्चित करनी चाहिए। कार्यक्रम का संचालन महावीर इंटरनेशनल के पूर्व सचिव अनंत चपलोत ने किया, वहीं धन्यवाद एवं आभार महावीर इंटरनेशनल जोन सेक्रेटरी सरोज ढ़ेलावत ने ज्ञापित किया। इस अवसर पर ब्लॉक मुख्य शिक्षा अधिकारी अरविंद मूंदड़ा, महावीर इंटरनेशनल के पूर्व सेक्रेटरी कमलेश ढेलावत, पूर्व अध्यक्ष आशीष बोड़ाना, नवीन ढेलावत, राजेंद्र डांगी, लक्ष्मण भाम्भी, भोपाल सिंह बोडाना, बाबूलाल नागोता, सूर्य प्रकाश मालू, भानु झंवर, अरविंद खंडेलवाल, पद्मिनी के अध्यक्ष प्रीति खेरोदिया, चांदनी मोदी, अनीता मोदी, सेजल सगरावत, रितिक जैन, मंजू राठौर, आशा जैन, दीपाली सुथार सहित स्कूल स्टाफ उपस्थित रहा।

## नूतन स्पोर्ट्स क्लब चित्तौडगढ की स्थापना को 50 वर्ष पूर्ण होने पर मनाया जाएगा स्थापना दिवस

**चित्तौडगढ (पुकार) ।** नूतन स्पोर्ट्स क्लब चित्तौडगढ के स्थापना के 50 वर्ष पूर्ण होने के उपलक्ष्य पर 29 दिसम्बर 2024 को शाम 5 बजे क्लब द्वारा जिला कलेक्टेउट्ट कार्यालय ग्राउण्ड पर स्थापना दिवस मनाया जाएगा। विगत 50 वर्षो में नूतन स्पोर्ट्स क्लब चित्तौडगढ द्वारा खिलाडियों ने राज्य स्तरीय एवं राष्ट स्तरीय पर पदक हासिल किये और क्षेत्र का नाम रोशन किया। विगत वर्षो के नूतन क्लब से खेल कर शिक्षा जगत, शारीरिक शिक्षक , पुलिस विभाग, भारतीय सेना एवं अन्य कई प्रशासनिक विभागों मे अपनी सेवाएं प्रदान कर रहे है। क्लब अध्यक्ष रतनलाल चांवला ने बताया कि इस स्वर्णिम खुशी के अवसर पर क्लब के वरिष्ठ कोच मनोहर खटीक की तरफ से भोजन का आयोजन रखा गया और खिलाडियों का प्रतिभा सम्मान समारोह भी रखा गया है। नूतन क्लब के पूर्व पदाधिकारीयों एवं सदस्यों को आमंत्रित किया जाता है। क्लब के संरक्षक मांगीलाल राव ने बताया कि समारोह मे अतिथि श्री यति जी महाराज व नगर परिषद उपसभापति कैलाश पंवार-पूर्व वॉलीबॉल खिलाडी होगें।

## फतहनगर में ज्वैलरी व्यवसायी की दुकान में चोरी

**फतहनगर (पुकार) ।** सरदार पटेल स्टेडियम के समीप स्थित एक ज्वैलरी व्यवसायी की दुकान में चोरी की वारदात को अंजाम देकर चोर पांच लाख का माल चुरा कर ले गए।



ज्वैलरी व्यवसायी गोपाल लाल सोनी ने बताया कि मध्य रात्रि बाद चोरों ने दुकान का शटर ऊंचा कर दुकान से करीब 40ग्राम सोना,एक किलो चांदी,कुछ नामे,नगीने तथा 50 हजार की नकदी चुरा ली। सुबह दुकान का टूटा शटर देखकर वारदात का पता लगने पर पुलिस को इतल्ला की गयी।

## संक्षिप्त समाचार

### कांग्रेस कमेटी द्वारा पूर्व प्रधानमंत्री सिंह के निधन पर श्रद्धांजलि सभा आज

**राजसमंद (पुकार)।** भारत के पूर्व प्रधानमंत्री डॉ मनमोहन सिंह के निधन पर जिला कांग्रेस कमेटी द्वारा श्रद्धांजलि सभा रविवार को साय 5 बजे जिला कलेक्ट्री के सामने शहीद पार्क पर रखी जाएगी। यह जानकारी प्रवक्ता कुलदीप शर्मा ने दी।

### आरोग्यम-2 का प्रचार गांव-गांव, ढाणी-ढाणी तक

**राजसमंद(पुकार)।** कुमावत युवाशक्ति राजसमंद व अनंता हॉस्पिटल उदयपुर के संयुक्त तत्वाधान में आगामी 4 जनवरी 2025 को रेलमगरा तहसील के मदारा गांव में आयोजित होने वाले निःशुल्क परामर्श चिकित्सा



शिविर आरोग्यम-2 को लेकर पदाधिकारियों ने तैयारियां शुरू कर दी है। जिला महामंत्री चेतन कुमावत ने बताया कि जिलाध्यक्ष नेमीचंद कुमावत व प्रदेशाध्यक्ष रतन कुमावत के नेतृत्व में क्षेत्र के सकरावास, रेलमगरा, दरीबा, बामणिया कलां, चाम्पाखेड़ी, ओडा, अरड़किया आदि गांवों में पहुंचकर शिविर के पोस्टर वितरण किए और आमजनों को शिविर में दी जाने वाली सुविधाओं के बारे में बताया। साथ ही क्षेत्र के समाज के वरिष्ठजन, जनप्रतिनिधियों एवं अधिकारियों को भी निमंत्रण दिया एवं जरूरतमंदों तक संदेश पहुंचाने का आग्रह किया। इस दौरान दौरान प्रदेश कोषाध्यक्ष मुरलीधर कुमावत, जिला प्रभारी रतनराज कुमावत, वरिष्ठ उपाध्यक्ष मोहन कुमावत, रेलमगरा तहसील अध्यक्ष लादूलाल कुमावत, राजसमन्द तहसील अध्यक्ष अक्षय कुमावत, कैलाश कुमावत, राकेश कुमावत, कालूराम कुमावत, रामलाल कुमावत आदि मौजूद थे।

### हरिवंश कीर समाज की खेलकूद प्रतियोगिता आज से

**राजसमंद (पुकार)।** हरिवंश कीर समाज की वीरांगना मां पूरी बाई कीर के 313 वा जन्मोत्सव के उपलक्ष में तीन दिवसीय संभाग स्तरीय खेलकूद प्रतियोगिता का आयोजन रविवार से कपासन में स्थित कीर समाज के छात्रावास में आयोजित होगी। आयोजन कमेटी से जुड़े पदाधिकारियों ने शुक्रवार को कार्यक्रम स्थल पर पहुंचकर खेल मैदान का निरीक्षण किया। चित्तौड़गढ़ जिलाध्यक्ष धर्मराज कीर ने बताया कि संभाग स्तरीय खेलकूद



प्रतियोगिता में क्रिकेट, कबड्डी, तथा एथलेटिक्स खेल से जुड़ी टीमे शामिल होगी। वहीं प्रतियोगिता को लेकर सभी तैयारी पूर्ण कर ली गई है। उदयपुर, डूंगरपुर, बांसवाड़ा, राजसमंद, चित्तौड़गढ़, प्रतापगढ़, सलूंबर, पाली तथा भीलवाड़ा जिलों की टीम में प्रतियोगिता में भाग लेगी। विजेता प्रतिभागियों व खिलाड़ियों नगद पुरस्कार एवं शील्ड प्रदान की जाएगी। उद्घाटन समारोह के मुख्य अतिथि सहकारिता मंत्री गौतम दक, सांसद सीपी जोशी, विधायक अर्जुनलाल जीनगर, भाजपा जिलाध्यक्ष मिट्ठू लाल जाट, कपासन पूर्व प्रधान मोहब्बत सिंह राठौड़, दामाखेड़ा सरपंच मोहनलाल जाट, कीर समाज पुष्कर कमेटी के अध्यक्ष कीकाराम कीर, राजस्थान प्रदेश अध्यक्ष किशनलाल कीर, मध्य प्रदेश अध्यक्ष कोमल सिंह वानिया सहित अन्य अतिथि शिरकत करेंगे।

### बहुमुखी रणनीति से स्वास्थ्य सेवा में सुधार संभव : माहेश्वरी

**राजसमंद (पुकार)।** विधायक दीप्ति माहेश्वरी में भाजपा डबल इंजन की सरकार द्वारा स्वास्थ्य क्षेत्र में बहुआयामी प्रणाली अपना कर स्वास्थ्य सेवाओं को बेहतर बनाये जाने की प्रशंसा की। विधायक ने कहा कि केन्द्र में मोदी सरकार तथा राज्य में भजन लाल सरकार आमजन को बेहतर स्वास्थ्य सेवा प्रदान करने के लिए संकल्पबद्ध है। सरकार ने भारतीय स्वास्थ्य सेवा क्षेत्र को बेहतर बनाने के लिए सुव्यवस्थित किया तथा उपलब्धता में सुधार किया है। माहेश्वरी ने कहा कि स्वास्थ्य देखभाल क्षेत्र में केंद्र सरकार का डिजिटलीकरण एक और बड़ा कदम है, जहां टेली हेल्थ ने स्वास्थ्य देखभाल वितरण को बदल दिया है और इसे उन लोगों के लिए सुलभ बना दिया है, जिन्हें यातायात, स्वयं की गतिशीलता और दूरस्थ स्थानों की चुनौतियों का सामना करना पड़ता था। सरकार द्वारा मेडिकल और नर्सिंग कॉलेजों की संख्या और उपलब्ध सीटों को बढ़ाने के सरकारी प्रयासों से डॉक्टरों और नर्सों की संख्या में भी उल्लेखनीय वृद्धि हुई है। विधायक दीप्ति ने कहा कि सरकार द्वारा मानसिक स्वास्थ्य जागरूकता के लिए टेलीमेडिसिन के उपयोग द्वारा प्रोत्साहन प्रदान कर और गांवों में लोगों के स्वास्थ्य की निगरानी के लिए इसकी पहुंच बढ़ाने की भी आवश्यकता पर जोर दे रही है। भारत में आयुर्वेद, यूनानी, प्राकृतिक चिकित्सा, सिद्ध और होम्योपैथी जैसी वैकल्पिक चिकित्सा पद्धतियों द्वारा भी चिकित्सा सेवा बेहतर बनाने के लिए सरकार संकल्पबद्ध है। भाजपा सरकार का उद्देश्य राजस्थान को उच्च श्रेणी की चिकित्सा सुविधाओं के लिए मजबूत किया जाना है। सरकार इसके लिए हिल इन राजस्थान पॉलिसी पर कार्य कर रही है। जिससे राज्य के बाहर के रोगियों को भी पोर्टेबिलिटी के जरिए राजस्थान में इलाज कराने की सुविधा मिलेगी।

सरकार ने बजट में चिकित्सा को सर्वाधिक प्राथमिकता दी

विधायक दीप्ति माहेश्वरी कहा कि भजनलाल सरकार ने अपने कार्यकाल के पहले बजट में चिकित्सा एवं स्वास्थ्य को सबसे अधिक तवज्जो दिया है। बजट के आंकड़ों पर नजर डाले, तो कुल बजट का 8.26 प्रतिशत चिकित्सा और स्वास्थ्य के लिए आरक्षित किया गया है। इसी के चलते मेडिकल टूरिज्म हब बनाने की तैयारी कर रही है। विधायक ने बताया कि इस योजना के तहत राजस्थान में चिकित्सा क्षेत्र में आधारभूत ढांचे का तेजी से विकास किया जा रहा है। साथ ही विश्व स्तरीय संस्थाओं का भी निर्माण हो रहा है। आयुष्मान आरोग्य योजना में भी पोर्टेबिलिटी का प्रावधान होगा। इसके तहत दूसरे राज्य के रोगी भी अब राजस्थान में अपना इलाज करा सकेंगे। सवाई मानसिंह अस्पताल में आयुष्मान टावर का निर्माण, दो मेडिसिटी, मारवाड़ मेडिकल यूनिवर्सिटी की स्थापना, हर जिले में मेडिकल कॉलेज और नर्सिंग कॉलेज टेलीमेडिशन को बढ़ावा देने के पर कार्य योजना तैयार की जा रही है। इस दौरान विशेषज्ञों ने बताया कि निजी क्षेत्र में कई उच्च श्रेणी के चिकित्सा संस्थानों की एंट्री से राजस्थान में चिकित्सा सुविधाओं में उच्च स्तरीय विकास होगा।

### पंचायत समिति मुख्यालय के चिकित्सा संस्थानो पर आयोजित होंगे फॉलोअप आरोग्य शिविर

**राजसमंद(पुकार)।** जिले में आगामी 31 दिसम्बर से सभी पंचायत समिति मुख्यालय के चिकित्सा संस्थानो पर फॉलोअप शिविर आयोजित किये जायेंगे। जहां अभियान के प्रथम चरण के दौरान रैफर मरीजो का आवश्यक उपचार किया जायेगा साथ ही सम्बन्धित क्षेत्र के मरीजो को भी निःशुल्क परामर्श जांच एवं उपचार दिया जायेगा तथा विभागीय जनकल्याणकारी योजनाओं से जोड़ कर लाभान्वित किया जायेगा। यह जानकारी सीएमएचओ डॉ हेमन्त कुमार बिन्दल ने दी। उन्होंने बताया की 31 दिसम्बर मंगलवार को ब्लॉक आमेट में सीएचसी आमेट पर व ब्लॉक देलवाड़ा में सीएचसी देलवाड़ा पर फॉलोअप शिविर आयोजित होंगे। बुधवार 1 जनवरी को ब्लॉक भीम में उपजिला चिकित्सालय भीम व ब्लॉक देवगढ़ में सीएचसी देवगढ़ पर, 3 जनवरी को ब्लॉक राजसमंद में सीएचसी कांकरोली पर व कुंभलगढ़ ब्लॉक में सीएचसी केलवाड़ा पर, 7 जनवरी को ब्लॉक रेलमगरा में सीएचसी रेलमगरा व ब्लॉक खमनोर में सीएचसी खमनोर पर शिविर आयोजित होंगे। सीएमएचओ डॉ हेमन्त कुमार बिन्दल ने बताया कि फॉलोअप शिविरो में गर्भवती महिलाओं की प्रसव पूर्व जांच, बच्चो का टीकाकरण, असंक्रामक रोग डायबिटिज, हाइपरटेंशन, कॉमन कैंसर एवं अंधता रोगीयो की स्क्रीनिंग की जायेगी, अतिविशिष्ट विशेषज्ञ चिकित्सको एवं विशेषज्ञ चिकित्सको से टेलीकन्सलटेशन के माध्यम से निःशुल्क परामर्श, एलोपैथी के साथ ही आयुष पद्धति से परामर्श एवं उपचार की सुविधा, विभागीय जनकल्याणकारी योजनाओं में रजिस्ट्रेशन की सुविधा व दिव्यांगजन को यूडीआईडी प्रमाण पत्र जारी करने की कार्यवाही मौके पर सम्पादित की जायेगी।

# अंत समय में जो आपकी मति-बुद्धि होगी, वही तय करेगी आपकी गति : शास्त्री

## महावीर नगर में चल रही भागवत कथा में मनाया प्रभु श्री कृष्ण का जन्मोत्सव

**राजसमंद (पुकार)।** पंडित रामपाल शर्मा शास्त्री जैसलान ने कहा कि व्यक्ति को हर समय प्रभु का स्मरण करते रहना चाहिए क्योंकि पता नहीं कब अंत समय आ जाए। उन्होंने कहा कि अंत समय में व्यक्ति की जो मति या बुद्धि होती है, अगले जन्म में उसे उसी प्रकार की उसे गति मिलती है। उन्होंने कहा कि अगर ऐसे में आप अंत समय में प्रभु का स्मरण करेंगे तो प्रभु से आपका मिलन होगा और मुक्ति का मार्ग प्रशस्त होगा। वे महावीर नगर में चल रही श्रीमद् भागवत कथा में चौथे दिन भक्त ध्रुव के प्रसंग का वर्णन करते हुए श्रद्धालुओं को संबोधित कर रहे थे। उन्होंने कहा कि भगवान की भक्ति हो तो महाराज ध्रुव की तरह होनी चाहिए, जिन्होंने साक्षात प्रभु के दर्शन प्राप्त हुए। प्रभु की ओर से उन्हें वरदान मांगने के लिए कहां गया तू भी भक्त ध्रुव ने प्रभु से उनकी कथा का रसपान करते रहने का वरदान ही मांगा।



उन्होंने कहा कि कामना और इच्छाओं की पूर्ति होने पर ही व्यक्ति को ब्रह्म ज्ञान की प्राप्ति होती है इसलिए व्यक्ति को प्रभु में मन लगाना चाहिए क्योंकि आज के समय में इच्छाएं कभी किसी की पूरी नहीं हो सकती। उन्होंने कहा कि भगवान के भक्त की भक्ति की निंदा करने वाले व्यक्ति को भी भगवान के कोप का भागी बनना पड़ता है। इसलिए कभी किसी भक्त की भक्ति की निंदा नहीं करनी चाहिए क्योंकि भगवान को किसी ने देखा नहीं, यह तो अनुभूति की बात है। श्री कृष्ण जन्मोत्सव के दौरान व्यवस्थाओं में कथा अनुष्ठान करता जगदीश अग्रवाल, अग्रवाल समाज के गिरीश अग्रवाल, रमेश हरलालका सहित पदाधिकारी का सदस्यों ने सहयोग किया। पंडित रामपाल शर्मा शास्त्री ने जीवन के चार आश्रमों का वर्णन करते हुए ग्रहस्थ आश्रम को श्रेष्ठ बताया क्योंकि इसमें कर्म की प्रधानता है। उन्होंने काम, क्रोध, लोभ, मोह, अहंकार एवं ईर्ष्या रूपी 6 दोष बताएं और कहा कि इन छह दोषों को त्याग कर भगवान की भक्ति करने पर भगवान भी भक्त के अधीन हो जाते हैं। उन्होंने कहा कि इसलिए अगर भगवान के प्रति सच्ची भावना से मन लगाना है तो आपके मन में अतिक्रमण किए हुए इन 6 अतिक्रमियों को हटाकर मन में भगवान को बैठाओ। उन्होंने भगवान ऋषभदेव की प्रसंग का वर्णन करते हुए कहा कि व्यक्ति को वहां तक प्रगति करनी चाहिए इसके आगे कोई रास्ता ही नहीं बचे। उन्होंने कहा कि भागवत का उद्देश्य भी यही है यह व्यक्ति को कर्मयोगी बनाती है। उन्होंने कहा कि व्यक्ति को कभी थकना नहीं चाहिए जब तक संसार में है उसे कुछ न कुछ करते रहना चाहिए। उन्होंने कहा कि आपका प्राणों से राष्ट्र बड़ा होता है ऐसे में राष्ट्र के लिए प्राण देने पर आपके लिए राष्ट्र खड़ा होता है।

# चारभुजा में हुई गौमाता राष्ट्र माता गौ प्रतिष्ठा आंदोलन के ध्वज की स्थापना

**राजसमंद (पुकार)।** धर्म नगरी चारभुजा गढ़बोर मंदिर में गौमाता राष्ट्रमाता का दर्जा दिलाने के लिए गौ ध्वज की स्थापना की गई। लोकसभा गौ प्रवक्ता राव दिलीप सिंह परिहार ने सिंह आईड़ाणा ने गौमाता को राष्ट्र माता गौ प्रतिष्ठा आंदोलन के निमित पूरी जानकारी दी। राव ने कहा कि गौमाता के कारण ही चारभुजा नाथ का प्राकट्य हुआ। गौमाता के कारण ही



बताया कि जगद्गुरु शंकराचार्य महाराज, अविमुक्तेश्वरानंद महाराज की गौमाता को राष्ट्र माता का सम्मान दिलाने के लिए पूरे भारत में गौ ध्वज स्थापना कार्यक्रम आयोजित किए जा रहे है। इसी कड़ी में शनिवार सुबह सवा दस बजे मंदिर चौक परिसर में गौमाता राष्ट्रमाता अभियान के तहत ठाकुरजी चारभुजा नाथ के सानिध्य व गौ सांसद राव दरबार सिंह आईड़ाणा, राजस्थान गौ सेवा समिति जिलाध्यक्ष जेठूसिंह राजपुरोहित, पुजारियों की मौजूदगी में गौध्वज की स्थापना की गई। गौ माता राष्ट्र माता गौ प्रतिष्ठा आंदोलन के गौ सांसद राव दरबार भारत विश्व गुरु था और रहेगा। जब तक गौमाता राष्ट्र माता नहीं बन जाती तब तक ये अभियान चलता रहेगा। वहीं मंदिर के प्रमुख पुजारी रंगलाल गुर्जर, नारायणलाल गुर्जर, रामचंद्र गुर्जर, सुरेश गुर्जर ने गौ ध्वज की विधि विधान से पूजा अर्चना कर कार्यक्रम का शुभारम्भ किया। पुजारियों ने गौ सांसद राव दरबार सिंह, जिलाध्यक्ष जेठूसिंह राजपुरोहित, गौ जिला प्रभारी मथुरालाल सुथार, गौ ध्वज प्रमुख गौ जिला संयोजक मनीष पुरोहित, उप चेयरमैन मुकेश कुमार हरियाल सहित सभी गौभक्तओ का माला पहना कर बहुमान किया।

# भैरूनाथ मंदिर में तोड़फोड़ करने वाला आरोपी गिरफ्तार

## पत्नि के छोड़ जाने से नाराज युवक ने प्रतिमा क्षतिग्रस्त करने की वारदात को दिया अंजाम

**राजसमंद (पुकार)।** कांकरोली थाना क्षेत्र स्थित एरीगशेन पाल कलवज छतरी के पास स्थित भैरूनाथ मंदिर में हुई तोड़फोड़ के मामले में पुलिस ने एक आरोपी को गिरफ्तार किया है। आरोपी की पहचान रोशन भील के रूप में हुई है। सीआई हनवंतसिंह सोढा ने बताया कि बीती रात अज्ञात बदमाशों ने एरीगशेन पाल कलवज छतरी के पास स्थित भैरूनाथ मंदिर में घुसकर ताकाजी, धर्मराजजी और काला-गौरा जी की मूर्तियों को तोड़ दिया था। इसके अलावा मंदिर में रखी दानपेटी का ताला भी तोड़ा गया था। घटना की सूचना मिलते ही पुलिस मौके पर पहुंची और जांच शुरू की। पुलिस ने आसपास के लोगों से पूछताछ की और सीसीटीवी फुटेज खंगाले। जांच



के दौरान पुलिस ने वांसोल निवासी रोशन भील (35) पुत्र दिपा भील को संदिग्ध पाया और उसे हिरासत में लिया। पूछताछ में रोशन ने अपना जुर्म कबूल कर लिया। आरोपी रोशन भील ने बताया कि उसने भैरूनाथ जी से पत्नि दिलाने की मन्नत मांगी।

# सीईओ बृजमोहन बैरवा ने किया ग्राम पंचायतों का सघन दौरा

## आवास, नरेगा, अन्नपूर्णा रसोई और सफाई व्यवस्था को लेकर सीईओ ने किया निरीक्षण

**राजसमंद (पुकार)।** जिला परिषद के मुख्य कार्यकारी अधिकारी बृजमोहन बैरवा ने शनिवार को ग्रामीण क्षेत्रों में दौरा कर विभिन्न योजनाओं की क्रियान्विति परखी। उन्होंने ग्राम पंचायत घाटी में निर्माणाधीन पंचायत भवन का औचक निरीक्षण कर कार्य गुणवत्ता से पूर्ण करने के निर्देश दिए। साथ ही यहां प्रधानमंत्री आवास योजना (ग्रामीण) के तहत बन रहे आवासों को भी देखा और ये कार्य समय पर पूर्ण करने की बात कही। इस दौरान उन्होंने लाभार्थी परिवारों से भी बात की, इन परिवारों ने कहा कि प्रधानमंत्री आवास योजना से उनके आशियाने का सपना साकार हो रहा है। सीईओ ने ग्राम पंचायत क्षेत्र में सफाई व्यवस्था का भी जायजा लिया जो की संतोषजनक नहीं पाए जाने पर ग्राम विकास अधिकारी सुशील दशोरा को सात दिनों में सफाई



व्यवस्था बेहतर करने के निर्देश दिए। विकास अधिकारी महेश गर्ग ने बताया कि सीईओ बैरवा ने कुंवारिया ग्राम पंचायत में अन्नपूर्णा रसोई का निरीक्षण किया। उन्होंने यहां खाना बनाने में प्रयुक्त सामग्री की गुणवत्ता देखी और यहां भोजन करने पहुंचे लोगों से भी फीडबैक लिया। सीईओ ने आमजन को गुणवत्तापूर्ण और स्वच्छ भोजन देने के निर्देश दिए। इसके साथ ही उन्होंने मनरेगा साइट पर जाकर श्रमिकों से बात की और काम की स्थिति देखी। ग्रेवल सड़क और एक निर्माणाधीन गार्डन का कार्य देख दिशा-निर्देश दिए। निरीक्षण के दौरान राजसमंद पंचायत समिति के विकास अधिकारी महेश गर्ग, संबंधित ग्राम विकास अधिकारी, कनिष्ठ अभियंता, जनप्रतिनिधि, स्थानीय जन आदि मौजूद रहे।

योजनाओं का लाभ आमजन तक समुचित ढंग से पहुंचाएं

घाटी ग्राम पंचायत के बंजारा बस्ती में नरेगा श्रमिकों से कर उन्हें मिल रही सुविधाओं का जायजा लिया। श्रमिकों से पेंशन सहित अन्य योजनाओं में भागीदारी होने की बात पूछी और सभी श्रमिकों को राज्य सरकार की कल्याणकारी योजनाओं से जोड़ने के निर्देश दिए। सीईओ ने कार्मिकों से कहा कि वे ग्रामीण विकास और पंचायती राज विभाग की सभी योजनाओं का लाभ आमजन तक समुचित ढंग से पहुंचाएं। उन्होंने जोर देकर कहा कि इन योजनाओं का उद्देश्य ग्रामीण क्षेत्रों में सामाजिक-आर्थिक विकास को बढ़ावा देना है, और इसके लिए यह अत्यंत आवश्यक है कि योजनाओं का सही तरीके से क्रियान्वयन हो। सीईओ ने कार्मिकों से यह भी अपेक्षाएं जताई कि वे योजना की जानकारी गांव-गांव तक पहुंचाएं, ताकि कोई भी पात्र व्यक्ति लाभ से वंचित न रहे। उनका यह संदेश स्पष्ट करता है कि जनकल्याण के लिए सरकारी योजनाओं को पारदर्शी और प्रभावी तरीके से लागू करना आवश्यक है, ताकि प्रत्येक ग्रामीण को योजनाओं का वास्तविक लाभ मिल सके और उनके जीवन में सकारात्मक बदलाव आ सके।

# जांचों के लिए मरीजों को नहीं भटकना पड़े बाहर : कलक्टर

## कलक्टर बालमुकुंद असावा ने आरके जिला चिकित्सालय का किया औचक निरीक्षण

**राजसमंद (पुकार)।** जिला कलक्टर बालमुकुंद असावा ने शनिवार को आरके जिला चिकित्सालय का औचक निरीक्षण किया। निरीक्षण के दौरान उन्होंने प्रसूता वार्ड, शिशु वार्ड, लेबोरेट्री, आपातकालीन कक्ष, ट्रॉमा सेंटर सहित विभिन्न प्रभागों का निरीक्षण किया। उन्होंने ओपीडी और आईपीडी में पहुंचे कई मरीजों से स्वास्थ्य सेवाओं को लेकर बातचीत कर फीडबैक लिया। कलक्टर ने मरीजों की फाइलों को खुद हाथ में लेकर अवलोकन किया और इस संबंध में मौके पर मौजूद चिकित्सकों से चर्चा की। इस दौरान मौके पर मौजूद पीएमओ डॉ रमेश रजक को आवश्यक दिशा निर्देश दिए। कलक्टर ने कहा कि यह ध्यान रहे कि जो भी जांच सुविधाएं राजकीय चिकित्सालय परिसर में उपलब्ध है, उनके लिए मरीजों को बाहर नहीं भटकना पड़े। हर व्यक्ति को निःशुल्क जांच सेवा का पर्याप्त लाभ मिले। कलक्टर ने निशुल्क दवा योजना एवं निशुल्क जांच योजना सहित सरकार की स्वास्थ्य संबंधी विभिन्न योजनाओं की क्रियान्विति को लेकर जानकारी ली। इसके साथ ही उन्होंने आरके



चिकित्सालय में जारी नवीन विकास कार्यों का भी अवलोकन किया। कलक्टर ने निरीक्षण के दौरान साफ-सफाई की व्यवस्था को बारीकी से देखा और यहां की सफाई व्यवस्था संतोषप्रद पाई गई। एग्जॉस्ट फैन बदलने के निर्देश दिए। अस्पताल परिसर में पेयजल की व्यवस्था संतोषजनक नहीं पाए जाने पर पीएमओ को इसे बेहतर करने के निर्देश देते हुए सुंदर जल मंदिर का निर्माण करने के निर्देश दिए। कैंटीन में जाकर भी कलक्टर ने साफ-सफाई सहित अन्य व्यवस्थाओं को जांचा। नर्सिंग स्टाफ से भी विभिन्न विषयों पर बात की। असावा ने कहा कि मरीजों की सुविधाओं में कोई कमी नहीं होनी चाहिए। उन्होंने अस्पताल परिसर में मूलभूत सुविधाओं को बेहतर बनाने के लिए निरंतर कार्यवाही अमल में लाने के निर्देश दिए।

**गुणवत्तापूर्ण स्वास्थ्य सेवाएं सभी का अधिकार**

कलक्टर ने कहा कि हर मरीज को गुणवत्तापूर्ण स्वास्थ्य सेवाएं देना हमारा कर्तव्य है। स्वास्थ्य सेवाएं समाज के प्रत्येक वर्ग के लिए महत्वपूर्ण हैं, और हर व्यक्ति को जरूरी के चिकित्सा सहायता मिलनी चाहिए। जब हम हर मरीज को बेहतर इलाज देने में सक्षम होंगे, तभी हम एक स्वस्थ समाज की ओर कदम बढ़ा सकते हैं। जिला कलक्टर असावा स्वास्थ्य सेवाओं के प्रति अत्यधिक गंभीर और प्रतिबद्ध हैं। उनका मानना है कि हर नागरिक को उच्च गुणवत्ता वाली स्वास्थ्य सुविधाएं मिलनी चाहिए, चाहे वह शहरी हो या ग्रामीण। वे निरंतर यह सुनिश्चित करने की कोशिश करते हैं कि स्वास्थ्य केंद्रों में पर्याप्त संसाधन, प्रशिक्षित डॉक्टर और स्टाफ मौजूद हों, ताकि लोगों को त्वरित और प्रभावी इलाज मिल सके। साथ ही, वे ग्रामीण क्षेत्रों में स्वास्थ्य सेवाओं को पहुंचाने के लिए विशेष पहल करते हैं, ताकि हर गांव और कस्बे तक स्वास्थ्य सेवाओं की पहुंच हो। उनकी यह गंभीरता और मेहनत यह दर्शाती है कि वे जनता के स्वास्थ्य को सर्वोपरि मानते हैं और इस दिशा में सुधार के लिए लगातार कार्यरत रहते हैं।

# देसूरी नाल में अब 40 फीट खाई में गिरा ट्रक

## केबीन में फसने से चालक की दर्दनाक मौत

**राजसमंद (पुकार)।** देसूरी नाल में शुक्रवार आधी रात बेकाबू ट्रक पंजाब मोड़ से 200 मीटर पहले 40 फीट गहरी खाई में पलट गया। दुर्घटना में चालक की मौके पर ही दर्दनाक मौत हो गई, जबकि खलासी घायल हो गया। सूचना के बाद चारभुजा थाने से पुलिस जाब्ता मौके पर पहुंचा। चालक को रात को ही रेस्क्यू कर निकाल लिया, जबकि शनिवार सुबह मिनी ट्रक को निकाला गया। चारभुजा थाना प्रभारी गोवर्धनसिंह ने बताया कि देसूरी नाल में रात करीब साढ़े बारह बजे राजसमंद से पाली की तरफ जा रहा मिनी ट्रक देसूरी नाल में पंजाब मोड़ के पास बेकाबू हो गया। मिनी ट्रक में खाद भरा हुआ था, जो अनियंत्रित होकर पंजाब मोड़ से करीब 40 फीट गहरी खाई में पलट गया। सुरक्षा के लिए लगी लोहे के रेलिंग भी टूट गई, मगर उसी वक्त चालक ने छलांग लगा दी, जिससे वह भी घायल हो गया, मगर उसकी जान बच गई। दुर्घटना में मिनी ट्रक चालक वार्ड 1, हिम्मतनगर, जिला बीकानेर निवासी जगदीशप्रसाद (40) पुत्र लाभुराम प्रजापत की मौके पर ही दर्दनाक मौत हो गई, जबकि दासुन, नोखा जिला बीकानेर निवासी खलासी प्रेम (22) पुत्र नारायण ढोली घायल हो गए। हादसे के बाद अन्य वाहन चालकों की सूचना पर चारभुजा थाने से पुलिस मौके पर पहुंच गई और



घायल खलासी को तत्काल चारभुजा अस्पताल पहुंचा दिया, जबकि चालक ने दम तोड़ दिया। सूचना पर पहुंची चारभुजा थाना पुलिस ने घायल खलासी को इलाज के लिए चारभुजा अस्पताल में भर्ती करवाया। वहीं मृतक का शव जिला अस्पताल की मोर्चरी में रखवाया गया है। शनिवार सुबह बीकानेर से मृतक के परिजन पहुंचने के बाद शव का पोस्टमार्टम कर परिजनों को सुपुर्द कर दिया।

# संघ की खुशहाली का प्रतीक है गिरनार यात्रा: भक्तिचंद्र विजय

- वंदन-वंदन, गिरिराज-गिरनार वंदन.....
- छरीपालित गिरनार हेतु पैदल संघ के पूर्व निकाली शोभायात्रा,
- देर शाम को 8 दिवसीय यात्रा पर रवाना होंगे सैकड़ों श्रद्धालु



**डूंगरपुर(पुकार)।** जिनशासन में जन्म लेने के बाद तीर्थ राज गिरनार की भाव यात्रा पैदल संघ के साथ जाना उस समाज की खुशहाली का प्रतीक है और इससे नवयुवकों में कर्म की आराधना का भाव जागृत होता है। यह बात शनिवार को श्री जैन श्वेतांबर विशा पोरवाड़ संघ एवं यात्रा समिति के तत्वाधान में निकाली गई शोभायात्रा से पूर्व घाटी स्थित गंभीरा पार्श्वनाथ मंदिर में आचार्य हेमचंद्र विजयजी के शिष्य भक्तिचंद्र विजयजी ने धर्म प्रेमियों को अपने उद्बोधन में कहे।

उन्होंने कहा कि आचार्य श्री मृदुरत्न सागरजी के शिष्य रत्नसागर जी एवं पवित्र रत्न सागरजी के निश्रा में चातुर्मास के दौरान श्री संघ ने जो गिरनार हेतु पैदल यात्रा संघ का भाव जागृत हुआ और इस तरह की यात्राएं उस संघ की खुशहाली का प्रतीक है और हमारे मन में अपने धर्म स्थलों के प्रति एक आस्था और विश्वास का भाव जागृत करता है।

श्री संघ के सानिध्य में शनिवार को घाटी स्थित गंभीरा पार्श्वनाथ मंदिर से गाजे बाजे के साथ शोभायात्रा निकाली गई जो कि शहर के विभिन्न भीतरी मार्गो से होते हुए ओटा स्थित नेमीनाथ मंदिर पहुंची। जहा गणीवर के सानिध्य में देवदर्शन किए। शनिवार देर शाम को 8 बसों में यात्रियों का जत्था डूंगरपुर से टकणगिरी जायेगा और वहा से गिरनार हेतु पैदल संघ के रूप में 2 जनवरी को गिरनार पहुंचेंगे। जहा गिरिराज के दर्शन एवं भाव यात्रा के पश्चात वापस लौटेंगे। शोभायात्रा में जिलेभर के धर्म प्रेमियों ने शिरकत की। इस अवसर पर श्री शाह के अध्यक्ष गजेंद्र जैन, महासंघ के अध्यक्ष संजय मेहता, आनंद जी कल्याण जी पीढ़ी के वागड़ प्रतिनिधि सिद्धार्थ मेहता, हर्ष मेहता, शैलेश मेहता, नवयुवक मंडल अध्यक्ष मोहित मेहता सहित बड़ी संख्या में महिला पुरुष धर्मा गीतों पर नाचते ओर भजन कीर्तन के साथ चल रहे थे।

# राजस्थान शिक्षक संघ राष्ट्रीय संभाग का दो दिवसीय कार्यकर्ता विकास शिविर का समापन

**राजसमंद (पुकार)।** राजस्थान शिक्षक संघ राष्ट्रीय के उदयपुर संभाग के 2 दिवसीय कार्यकर्ता विकास शिविर का समापन शनिवार दोपहर अखिल भारतीय शैक्षिक महासंघ राष्ट्रीय सह संगठन मंत्री लक्ष्मण के मुख्य आतिथ्य और राजस्थान शिक्षक संघ राष्ट्रीय प्रदेश अध्यक्ष रमेश चंद्र पुष्करणा की अध्यक्षता में हुआ। मुख्य वक्ता चितौड़ प्रांत धर्म जागरण संयोजक महिपाल सिंह राठौड़ थे। सह संगठन मंत्री ने कहा कार्य से महत्वपूर्ण कार्यकर्ता होता है, इसलिए हमे भी कार्य करते समय कार्य की चिंता न करते हुए कार्यकर्ता की चिंता करनी चाहिए। संगठन कार्य में कार्यकर्ता संभाल के लिए नियमित प्रवास योजना, कार्यकर्ता के सुख दुःख में शामिल होने का स्वभाव, वैचारिक स्पष्टता, व्यक्तिगत जीवन में व्यक्ति निष्ठा के स्थान संगठन निष्ठा का विकास, संगठन में पद नहीं दायित्व का भाव, आर्थिक शुचिता, कार्यस्थल पर मर्यादित व्यवहार सहित कई महत्वपूर्ण बिंदुओं पर चर्चा की। मुख्य वक्ता महिपाल सिंह राठौड़ ने संगठन के संस्थापक जयदेव पाठक के जीवन पर प्रकाश डालते हुए उनके आदर्शों पर चलकर संगठन के लिए






कार्य करने का आव्हान किया। उन्होंने समाज जागरण में शिक्षकों की भूमिका का महत्व बताते हुए शिक्षा के साथ बालकों के संस्कार जागरण में अपनी भूमिका निभाने का आग्रह किया। प्रदेश अध्यक्ष पुष्करणा ने संगठन की विकास यात्रा पर विचार व्यक्त करते हुए संगठन के प्रारंभ से आज तक आए उतार चढ़ाव की जानकारी दी और विचार प्रबलता को संगठन की ताकत बताया। कार्यक्रम में राजेश्वर त्रिपाठी, पूर्व जिलाध्यक्ष यशवंत कुमार शर्मा, जिलाध्यक्ष सतीश आचार्य, कर्मचारी महासंघ के उपाध्यक्ष रणजीत कुमार त्रिपाठी, कमल पुरी गोस्वामी, संगठन मंत्री विक्रम देवल, मदनलाल कुमावत, हरिराम माली, मुकेश कुमावत, मुकेश वैष्णव, देवेंद्र कुमार सेन, हीरालाल कुमावत सहित कार्यकर्ता उपस्थित थे।



## शादी की अटकलों के बीच तमन्ना भाटिया और विजय वर्मा का वीडियो वायरल

एंटरटेनमेंट इंडस्ट्री के पॉपुलर स्टार्स में से एक तमन्ना भाटिया और विजय वर्मा अक्सर एक-साथ नजर आते है. इसके अलावा दोनों अपने रिश्ते को लेकर यादा कुछ छिपाते नहीं हैं. तमन्ना भाटिया और विजय वर्मा शुक्रवार की रात में मशहूर फैशन डिजाइनर मनीष मल्होत्रा के घर पर स्पॉट हुए हैं. इस कपल ने पैपराजी को निराश नहीं किया और एक साथ कई पोज दिए. तमन्ना भाटिया और विजय वर्मा का एक वीडियो सोशल मीडिया पर वायरल हो रहा है, जिसमें एक्टर की एक बात लोगों का ध्यान खींच रही है. आइए जानते हैं कि विजय वर्मा ने आखिर ऐसा क्या काम किया है. मनीष मल्होत्रा के घर पर 27 दिसंबर की रात में बॉलीवुड इंडस्ट्री के तमाम स्टार्स पहुंचे. इन स्टार्स ने उनके घर में एंट्री लेने से पहले पैपराजी को जमकर पोज दिए. तमन्ना भाटिया और विजय वर्मा भी मनीष मल्होत्रा के घर के बाहर पैपराजी के कैमरे में कैद हुए हैं. दोनों ने एक साथ हाथों में हाथ डालकर पोज दिए हैं. इस दौरान एक बात ने लोगों का ध्यान खींचा. दरअसल, विजय वर्मा ने अपनी गर्लफ्रेंड तमन्ना भाटिया का पर्स अपने कंधे पर ले लिया. दोनों के बीच की प्यारी बॉन्डिंग फैंस को खूब पसंद आ रही है. तमन्ना भाटिया और विजय वर्मा के वायरल वीडियो पर सोशल मीडिया यूजर्स कमेंट कर रहे हैं. एक यूजर ने लिखा है, दोनों की कमाल की जोड़ी है. एक यूजर ने लिखा, दोनों एक-दूसरे के लिए बने हैं. एक यूजर ने लिखा है, दोनों साथ में अछे लगते हैं. एक यूजर ने लिखा है, क्यूट जोड़ी।



## राजामौली की 1000 करोड़ी फिल्म का हिस्सा बनीं प्रियंका चोपड़ा

एसएस राजामौली 2022 में राम चरण और जूनियर एनटीआर अभिनीत आरआरआर की भारी सफलता के बाद , महेश बाबू की अपनी अगली फिल्म के साथ वापसी करने के लिए पूरी तरह तैयार हैं। प्रशंसक फिल्म के कलाकारों और विषय के बारे में अधिक जानने के लिए उत्सुक हैं, और अब रिपोर्ट्स का दावा है कि प्रियंका चोपड़ा इस बहुप्रतीक्षित परियोजना में महेश के साथ मुख्य भूमिका निभाएंगी , जिसे अभी एसएसएमबी 29 टाइटल दिया गया है।राजामौली महेश बाबू के साथ जंगल एडवेंचर फिल्म पर काम कर रहे हैं। फिल्म के कलाकारों और क्रू के बारे में कोई और जानकारी नहीं थी, लेकिन यह खबर है कि बॉलीवुड अभिनेत्री प्रियंका चोपड़ा फिल्म में एक महत्वपूर्ण भूमिका के लिए बातचीत कर रही हैं। मेकर्स की तरफ से अभी तक इस बात कोई आधिकारिक जानकारी या घोषणा नहीं दी गई है।पिंकविला की नई रिपोर्ट में पता चला है कि प्रियंका चोपड़ा को महेश बाबू के साथ अभिनय करने के लिए फिल्म में साइन किया गया है। इतना ही नहीं, मलयालम सुपरस्टार पृथ्वीराज सुकुमारन फिल्म में खलनायक की भूमिका निभा रहे हैं। पृथ्वीराज हाल ही में प्रभास की सालार में दिखाई दिए थे।फिल्म अप्रैल 2025 में फ्लोर पर आएगी। राजामौली ग्लोबल आइकन वाली एक महिला प्रधान भूमिका की तलाश में थे और प्रियंका चोपड़ा इस काम के लिए फिट बैठती हैं। प्रियंका चोपड़ा ने पिछले छह सालों में किसी भारतीय फिल्म में काम नहीं किया है। उनकी आखिरी फिल्म द स्काई इज पिंक थी। वैसे, स्टार फिल्म निर्माताओं ने अभी तक इसे आधिकारिक तौर पर घोषित नहीं किया है। इस बीच, महेश बाबू और राजामौली के प्रशंसक यह जानने का इंतजार कर रहे हैं कि फिल्म में और कौन शामिल हो रहा है।



## 'बिग बॉस 18': सलमान खान ने ईशा सिंह को किया बेनकाब

'बिग बॉस 18' के घर में अविनाश मिश्रा और ईशा सिंह अक्सर एक दूसरे के साथ समय बिताते हुए नजर आते हैं. अविनाश की तरफ से ये भी कहा गया है कि वो ईशा को पसंद करते हैं. लेकिन ईशा ने हमेशा ये कहा है कि वो अविनाश को अपना अच्छा दोस्त मानती हैं. हालांकि ईशा सिंह की बातें और उनकी हरकतें आपस में बिल्कुल भी मेल नहीं खातीं. एक तरफ वो दावा करती हैं कि वो अविनाश की दोस्त हैं और दूसरी तरफ अविनाश के साथ ईशा एक गर्लफ्रेंड की तरह पेश आती हैं. जब भी कोई और लड़की अविनाश से बात करें, तो वो ईशा को बिल्कुल भी पसंद नहीं आता. बिग बॉस के 'वीकेंड का वार' पर ईशा के इस रवैये का पर्दाफाश करते हुए सलमान बताने वाले हैं कि ईशा, अविनाश मिश्रा से प्यार का नाटक करती हैं और असल जिंदगी में वो किसी और के साथ हैं. सलमान खान ईशा से कहेंगे कि ईशा आप अविनाश के लिए शो के 12 वें दिन पर घर छोड़ने के लिए तैयार थे. जो कॉन्फिडेंस आपको अविनाश पर 12 दिन में आया था, वो 80 दिन में कहां गायब हुआ? मतलब जरूर अविनाश में कोई खोट होगी. 80 दिन एक इंसान के साथ रहने के बाद अगर आपको एक इंसान के कैरेक्टर की पहचान नहीं होती, तो उसे क्या कहेंगे. एक तरफ आप अविनाश को लेकर इतने पजेसिव हो कि सारा की एक लाइन सुनने के बाद उसे लेकर आपने अविनाश से चार सवाल पूंछे. अविनाश के जवाब देने के बावजूद आप उन्हें ग्रिल करती रहीं और उन्होंने भी आपके सभी सवालों के जवाब दिए सलमान खान ने कहा कि जो हमने देखा है, उससे पता चलता है कि अविनाश आपके लिए वो खिलौना है, जिसे आपने जब मन चाहा तब चाबी दे दी और वो ताली बजाएगा-नाचेगा. यानी सच्चाई तो ये है कि आपने अविनाश का मजाक उड़ाया है।

# सुपरस्टार सलमान खान ने मनाया 59वां जन्मदिन



बॉलीवुड सुपरस्टार सलमान खान शुक्रवार को 59 साल के हो गए और फिल्म इंडस्ट्री और उनके प्रशंसक उन्हें जन्मदिन की हार्दिक शुभकामनाएं दे रहे हैं। उनके सह-कलाकारों से लेकर करीबी दोस्तों तक, फिल्म बिरादरी के सभी लोग अभिनेता के इस खास दिन को मनाने के लिए आगे आए हैं। वरुण धवन, जिन्होंने हाल ही में फिल्म %बेबी जॉन% में खान के साथ स्क्रीन स्पेस साझा किया था, ने अपनी हार्दिक शुभकामनाएँ देने के लिए सोशल मीडिया का सहारा लिया। सेट से पर्दे के पीछे की तस्वीरें साझा करते

### फिल्म जगत से मिली हार्दिक शुभकामनाएं

हुए, धवन ने एक मजेदार कैप्शन लिखा, बेबी जॉन और भाई जान। सबसे छोटे और सबसे शरारती को जन्मदिन की शुभकामनाएँ।इस पोस्ट ने प्रशंसकों को खुश कर दिया और दोनों अभिनेताओं के बीच ऑन-स्क्रीन और ऑफ-स्क्रीन दोनों तरह की दोस्ती को उजागर किया। खान के एक और करीबी दोस्त और सह-कलाकार अजय देवगन ने बर्थडे बॉय के साथ एक मजेदार तस्वीर साझा की। उनके कैप्शन में लिखा था, सिंघम से चुलबुल को जन्मदिन की शुभकामनाएँ,卐 सिंघम और दबंग में उनकी प्रतिष्ठित भूमिकाओं का संकेत। सलमान खान के लंबे समय से बॉडीगार्ड रहे शेरा ने भी इंस्टाग्राम पर सुपरस्टार के साथ एक फोटो पोस्ट करके इस अवसर को यादगार बनाया। उन्होंने कैप्शन के साथ अपने %मालिक% (मास्टर) के प्रति गहरा सम्मान व्यक्त किया, मेरे मालिक का जन्मदिन है। शिल्पा शेट्टी ने भी अपने इंस्टाग्राम अकाउंट पर अभिनेता को शुभकामनाएं देते हुए लिखा, 卐जन्मदिन मुबारक रॉकस्टार! आपको हमेशा खुशी, सफलता और अच्छे स्वास्थ्य की कामना करता हूं। ढेर सारा प्यार।卐 बॉलीवुड में सलमान खान का सफर किसी शानदार अनुभव से कम नहीं रहा है। एक आकर्षक प्रेमी से लेकर बड़े-से-बड़े एक्शन हीरो का किरदार निभाने तक, उनका बहुमुखी करियर तीन दशकों से भी ज़्यादा समय तक फैला हुआ है। %सुल्तान% (2016), %रेस 3% (2018) और %टाइगर% फ़्रैंचाइज़ जैसी हिट फ़िल्मों के साथ, खान भारतीय सिनेमा में सबसे लगातार बॉक्स-ऑफ़िस प्रदर्शन करने वालों में से एक साबित हुए हैं। अभिनेता अपनी आगामी एक्शन फ़िल्म %सिकंदर% के साथ बॉक्स ऑफ़िस पर अपनी बादशाहत जारी रखने के लिए पूरी तरह तैयार हैं, जिसका निर्देशन ए.आर. मुरुगादॉस द्वारा निर्देशित और साजिद नाडियाडवाला द्वारा निर्मित यह फिल्म ईद 2025 के दौरान रिलीज होने वाली है। इसमें खान के साथ रश्मिका मंदाना भी हैं।





## साई पल्लवी येल्लम्मा के रूप में नजर आएंगी

क्या साई पल्लवी सिल्वर स्क्रीन पर येल्लम्मा के रूप में नजर आएंगी? फिल्मनगर के सूत्रों का कहना है कि हां। पता चला है कि बलागम फेम वेणु एल्डांडी द्वारा निर्देशित येल्लम्मा (जिस शीर्षक को प्रमोट किया जा रहा है) नामक फिल्म में नितिन हीरो होंगे। खबर है कि यह फिल्म तेलंगाना की ग्रामीण पृष्ठभूमि पर आधारित होगी। इस फिल्म का निर्माण दिल राजू करेंगे। इस फिल्म की शूटिंग अगले साल की शुरुआत में शुरू होने की उम्मीद है। बताया जा रहा है कि इस फिल्म में हीरोइन की भूमिका के लिए साई पल्लवी पर विचार किया जा रहा है। साई पल्लवी पहले ही फिदा और विराटपर्वम फिल्मों में अपने तेलंगाना मूल से दर्शकों को प्रभावित कर चुकी हैं। अब वेणु जिस फिल्म का निर्देशन कर रहे हैं, उसकी पृष्ठभूमि भी तेलंगाना होगी। जाएगा वेणु और दिल राजू का मानना ??है कि साई पल्लवी ही येल्लम्मा के किरदार के साथ न्याय कर पाएंगी। दिल राजू के जरिए साई पल्लवी से मिले वेणु ने उन्हें कहानी सुनाई और उनकी भूमिका के बारे में बताया। ऐसा लगता है कि साई पल्लवी ने उनकी भूमिका पसंद आने के बाद हां कह दिया। बहरहाल, यह गॉसिप अब वायरल हो रही है। साई पल्लवी के एक बार फिर तेलंगाना थीम पर आधारित फिल्म में काम करने की खबर सुनकर फैंस उत्साहित हो रहे हैं। अगर यह गॉसिप सच है... तो क्या साई पल्लवी सिल्वर स्क्रीन पर येल्लम्मा के रूप में नजर आएंगी?

# अल्लू अर्जुन पर भड़के भारद्वाज


अनुभवी तेलुगु निर्माता और निर्देशक तम्मारेड्डी भारद्वाज ने हैदराबाद के संध्या थिएटर में हुई भगदड़ के सिलसिले में गिरफ्तार किए जाने के कुछ दिनों बाद सुपरस्टार अल्लू अर्जुन की आलोचना की है। भगदड़ में एक महिला की मौत हो गई और उसका आठ वर्षीय बेटा गंभीर रूप से घायल हो गया, जिसका इलाज जारी है।

### कहा- एक शख्स के अहंकार से पूरी इंडस्ट्री शर्मसार...

शुक्रवार को भारद्वाज ने कहा कि एक व्यक्ति (अल्लू अर्जुन) के अहंकार और गलती के कारण पूरी तेलुगु फिल्म इंडस्ट्री तेलंगाना के मुख्यमंत्री रेवंत रेड्डी के सामने झुकने को मजबूर है। भारद्वाज ने कहा, यह दुर्भाग्यपूर्ण है। हालांकि गलतियां अनजाने में हो सकती हैं, लेकिन उन्हें छिपाने के लिए जानबूझकर झूठ बोलना अस्वीकार्य है।उन्होंने अपनी बात में आगे जोड़ा, हर बार इंडस्ट्री को मुख्यमंत्री के पास जाना पड़ता है और हाथ जोड़कर खड़ा होना पड़ता है। लेकिन यह नौबत क्यों आई? हाल की घटनाओं को देखने से न केवल इंडस्ट्री में बल्कि बाहरी लोगों को भी स्पष्टता मिलती है। भगदड़ का जिक्र करते हुए उन्होंने कहा, प्रशंसक फिल्मी सितारों को भगवान मानते हैं, और सितारे ऐसा व्यवहार कर रहे हैं जैसे कि वे जहां भी जाएं, काफिले में यात्रा करें और रोड शो करें। यह हाल के दिनों में एक चलन बन गया है। हालांकि, अगर वे चुपचाप जाते हैं अगर आप फिल्म देखें और बिना किसी शोर-शराबे के लौट आएं तो ऐसी घटनाएं नहीं होंगी।

### पहले और अब के सितारों में कितना अंतर?

तम्मारेड्डी भारद्वाज यहीं नहीं रुके और उन्होंने अपनी बात में जोड़ा, पहले सितारे इस तरह का व्यवहार नहीं करते थे। चिरंजीवी, बालकृष्ण, वेंकटेश और नागार्जुन जैसे दिग्गज सितारों ने अक्सर अपने प्रशंसकों के साथ फिल्में देखी हैं। फिर भी, उन्होंने बहुत सावधानी से ऐसा किया-वे मल्टीप्लेक्स में जाते थे, फिल्म देखते थे और लौट आते थे। अगर उन्हें सिंगल-स्क्रीन थिएटर का दौरा करना होता तो वे इसकी घोषणा किए बिना चुपचाप जाते थे, लेकिन अब सोशल मीडिया उनसे पहले ही बता देता है कि कौन सा हीरो कब और कहां पहुंचेगा। इससे उन्हें देखने के लिए भारी भीड़ जमा हो जाती है, जिसके परिणामस्वरूप अराजक स्थिति पैदा हो जाती है।





# क्रोध जिंदगी का सबसे बड़ा दुश्मन है, जीते जी मनुष्य की प्रतिष्ठा को आग के हवाले करताः आचार्य






**सीमलवाड़ा(पुकार)।** निकटवर्ती गांव खाड़िया में 22 तीर्थ यात्रियों व ग्राम वासियों द्वारा आयोजित श्रीमद् भागवत ज्ञान यज्ञ के चौथे दिन शनिवार को आचार्य रुदेंद्र शेखर महाराज ने कहा कि जिस व्यक्ति के पास क्रोध होता है, हर बात में क्रोध करता है उसका जीवन कम समय का होने के साथ में उसके दुश्मनों की संख्या अधिक होती है। ईश्वर ने मनुष्य को धरती पर अवतार के रूप में भेजा है। कुछ सत्कर्म के लिए भेजा है ना की अपना स्वार्थ सिद्ध करना या लोगों को यातनाएं देना जैसे कार्यों को लेकर नहीं भेजा है। कथा में कहा कि भगवान हर जगह विद्यमान है इसलिए इधर-उधर ना ढूंढ कर उसे प्रेम की आंखों से देखो एवं भगवान के भजनों को सच्चे मन से करें निश्चित रूप से ईश्वर की प्राप्ति होगी। भगवान ने अपने भक्तों को सुख देने के लिए और उनके वात्सल्य और प्रेम के लिए अलग-अलग अवतार दिए हैं। सृष्टि की रचना के लिए भगवान नारायण ने भागवत सुनाई और ब्रह्मा जी का विवेक जागृत किया । जिससे सृष्टि की रचना हुई ब्रह्मा जी ने सृष्टि की रचना के लिए मनु और शतरूपा अवतरित किया। साथ आचार्य ने कहा कि घर में छोटे बच्चों को जन्म से ही ईश्वरी शक्ति में जोड़ने के लिए भक्ति मार्ग की ओर अग्रसर करते हुए उसे नियमित एक माला एवं हनुमान चालीसा या शिव चालीसा, या भागवत गीता के पाठ के अध्ययन की ओर प्रेरित करना माता-पिता का मूल्य होना अनिवार्य है यह बचपन से जो बालक करता है वह निश्चित रूप से बड़ा होकर एक तेजस्वी एवं ओजस्वी व्यक्ति के रूप में संसार में उभरता है। कथा में ÷जीते भी लकड़ी मर के भी लकड़ी देख तमाशा लकड़ी का के भजन पर पंडाल में उपस्थित महिला पुरुष के हम ने भक्ति के साथ में झूमे इस कथा में नवयुवक मंडल द्वारा श्रेष्ठ कार्य कथा व्यवस्था को लेकर किया जा रहा है। महा आरती के पश्चात प्रसाद वितरण किया।

## मुस्लिम समाज का सामूहिक विवाह आज

**डूंगरपुर(पुकार)।** सेहरी वेलफेयर सोसायटी डूंगरपुर के संयुक्त तत्वावधान में मुस्लिम समाज का सामूहिक विवाह (ईज्तेमाई शादी) 29 दिसम्बर, रविवार को निसार-ए-हाली उच्च माध्यमिक विद्यालय, मदार कॉलोनी मोहल्ला घांटी में होगा। सेहरी वेलफेयर सोसायटी के सदर अकील खान ने बताया कि सामूहिक विवाह को लेकर सभी 34 जोड़ों का बिनौला सीरत कमेटी डूंगरपुर से दोपहर 1 बजे रवाना होगा जो सब्जी मण्डी से होते हुए दर्जीवाड़ा, माणक चौक, फौज का बंडला होते हुए मोहल्ला घांटी में स्थित मदार कॉलोनी निसार ए हाली उच्च माध्यमिक विद्यालय पहुंचेगा जहां पर शहर काजी मुहम्मद अतहर जमाली साहब सभी 34 जोड़ो की निकाह की रस्म अदा कराएंगे। उन्होंने बताया कि 29 दिसम्बर को इससे पहले सुबह 10 बजे से दोपहर 1 बजे तक घांटी जमात खाना और हजरत मस्तान बाबा दरगाह में आम न्याज का खाना का आयोजन किया जाएगा। इसको लेकर सभी तैयारियां



पूर्ण कर ली गई है।

सेहरी वेलफेयर सोसाइटी के संरक्षक युसूफ मलिक ने बताया कि कार्यक्रम में बांसवाड़ा-डूंगरपुर सांसद राजकुमार रोत, डूंगरपुर विधायक गणेश घोगरा, सागवाड़ा विधायक शंकरलाल डेचा, आसपुर विधायक उमेश डामोर, चौरासी विधायक अनिल कुमार कटारा, हजरत पीर सैयद अब्दुल कादीर साहब, पूर्व राज्यमंत्री असरार अहमद, समाज सेवक ईदरीश मकरानी, हाजी नुर आलाम, हाजी मोहम्मद हुसैन शेख, रफीक मेवाफरोश, फैजान मोईनुद्दीन अशरफी सहित अन्य अतिथिगण मौजूद रहेंगे।

## बदमाशों ने व्यापारी से मारपीट कर रूपयों से भरा बैग लुटा, जांच में जुटी पुलिस , भबराना से आसपुर आ रहा था व्यापारी

**आसपुर(पुकार)।** आसपुर थाना क्षेत्र में बीती रात करीब 7:30 बजे भबराना से आ रहे एक व्यापारी से बाइक पर सवार होकर आए बदमाशों ने मारपीट कर रुपयों से भरा बैग लूटकर फरार हो गए। घटना की जानकारी पीड़ित ने थाने जाकर दी। जिस पर पुलिस ने भबराना पहुंचकर सीसीटीवी केमरे खंगाले। पुलिस ने बताया-आसपुर निवासी दिलीप भबराना में 16 साल से किराना की दुकान करता है। हर शाम वह आसपुर आता था। शुक्रवार की शाम को दुकान बंद कर शाम करीब 6.30 बजे निकला और जैसे रामा गांव के पास पहुंचा, वहां बाइक पर सवार तीन 3 युवक आए और टंकी पर रखा बैग छीन लिया। पीड़ित ने बताया की बैग में 2 लाख के करीब नगदी थी। पीड़ित की सूचना पर सीआई तेजसिंह के निर्देशन में जाप्ता मौके के लिए रवाना हुआ। इसके साथ ही झल्लारा थाना पुलिस को



सूचना देकर नाकाबंदी कराई। पुलिस बदमाशों की तलाश में जुटी है।

## अटल प्रेरक योजना में विलय सहित कई मांगों पर कार्रवाई की मांग, पूर्व विधायक को सौंपा ज्ञापन

**आसपुर(पुकार)।** ई-मित्र प्लस ऑपरेटरों ने अपनी विभिन्न मांगों को लेकर पूर्व विधायक गोपीचंद मीणा को ज्ञापन सौंपा। ज्ञापन में ऑपरेटरों ने न्यूनतम मानदेय, बकाया भुगतान, पेनल्टी की वापसी और अटल प्रेरक योजना में विलय जैसी प्रमुख मांगें रखीं। जिलाध्यक्ष हसमुख व्यास ने कहा कि ई-मित्र प्लस ऑपरेटर आमजन तक सरकारी योजनाएं पहुंचाने में महत्वपूर्ण भूमिका निभा रहे हैं, लेकिन आर्थिक समस्याओं और प्रशासनिक अनदेखी के कारण उनकी स्थिति दयनीय हो रही है। उन्होंने अटल प्रेरक योजना में ऑपरेटरों को शामिल करने की मांग दोहराई।पूर्व विधायक गोपीचंद मीणा ने ज्ञापन स्वीकार करते हुए समस्याओं को राज्य सरकार तक पहुंचाने और समाधान के लिए हरसंभव प्रयास का आश्वासन दिया। ऑपरेटरों ने समाधान के लिए आंदोलन की चेतावनी दी। ज्ञापन सौंपने के बाद



ऑपरेटरों ने एकजुटता दिखाते हुए कहा कि यदि जल्द समाधान नहीं हुआ , तो वे आंदोलन का रास्ता अपनाएंगे। इस अवसर पर जिलाध्यक्ष हसमुख व्यास, जिला कोषाध्यक्ष धर्मेन्द्र सिंह, प्रदेश उपाध्यक्ष जुगनू जानी, सागवाड़ा ब्लॉक अध्यक्ष अमित मेहता, साबला ब्लॉक अध्यक्ष विजय सिंह, चिखली ब्लॉक अध्यक्ष धनपाल गोदा और डूंगरपुर ब्लॉक अध्यक्ष देवीलाल, अभिषेक सेवक, मनीष डिण्डोर, नारायण लाल मीना, तेज सिंह, नवीन सेवक, ईश्वर लाल यादव, ईश्वर लाल मीना और भंवर सिंह चौहान मौजूद रहे।

## पूर्व प्रधानमंत्री डॉ मनमोहन सिंह को कांग्रेस पार्टी ने दी श्रंद्धाजलि

**डूंगरपुर(पुकार)।** जिला कांग्रेस कमेटी डूंगरपुर द्वारा शनिवार को कांग्रेस कार्यालय में पूर्व प्रधानमंत्री डॉ मनमोहन सिंह को श्रद्धांजली अर्पित की गई। इस अवसर पर पूर्व सांसद ताराचंद भगोरा ने कहा कि मनमोहन सिंह का निधन देश के लिए एक बड़ी क्षति है जिनका भारत की प्रगति और विकास में अतुलनीय योगदान है। जिन्होंने वर्ष 2004 से 2014 तक देश को आर्थिक संकट से निकाला और अपनी सूझबूझ से ही कई महत्वपूर्ण फैसले लिए इनके निधन से देश को सबसे ज्यादा नुकसान हुआ है। विधायक गणेश घोगरा ने कहा कि मनमोहन सिंह को भारत की अर्थव्यवस्था के लिए जाना जाता जिनकी दूरदर्शिता ने लाखो भारतीयों का जीवन बदल दिया और उन्हें सशक्त बनाया।जिला अध्यक्ष वल्लभ राम पाटीदार ने कहा कि पूरा देश मनमोहन सिंह को आज याद कर रहा है जिनकी वजह से देश को कई आर्थिक मामलों में मजबूती मिली।



इस अवसर पर जिलाध्यक्ष वल्लभ राम पाटीदार,पूर्व सांसद ताराचंद भगोरा,डूंगरपुर विधायक गणेश घोगरा,वरिष्ट नेता नानूराम माली,पूर्व नगर अध्यक्ष रोशन दोशी,पूर्व नगर अध्यक्ष शार्दुल चोबिसा,नगर अध्यक्ष लक्ष्मीलाल काका, महामंत्री कपिल भट्ट,जिपस रेखा कलासुआ,बंसीलाल साद, मस्तूक मालिक,मनोज लबाना,सुरेश फुमतिया,दशरथ ननोमा,केवलराम,उमेश जोशी, महिला कांग्रेस उर्मिला आहारी,राजू कलासुआ,प्रभा बेन गुजराती आदि मौजूद थे।

## वागडिया़ पाटीदार समाज फलोज चौखला का प्रतिभा सम्मान समारोह आज

**डूंगरपुर(पुकार)।** वागडिया़ पाटीदार समाज फलोज चौखला का आज प्रतिभा सम्मान समारोह आयोजित होगा। प्रतिभा सम्मान समारोह रणसागर स्थित लालगिरी मठ पर प्रातः 10 बजे से शुरू होगा। प्रतिभा सम्मान समारोह में सत्र 2023-24 में कक्षा दसवीं व बारहवीं में 75त्न में अधिक अंक लाने वालें विद्यार्थियों, राजकीय सेवा में चयनित कर्मचारियों एवं सेवानिवृत्त कर्मचारियों का सम्मान किया जाएगा। कार्यक्रम में अतिथि के तौर पर चौखला के नौ गांवों से चुने हुए प्रतिनिधि मौजूद रहेंगे। इस अवसर पर खेलकूद प्रतियोगिताओं में एक विजेता टीमों को भी सम्मानित किया जाएगा। कार्यक्रम के पश्चात वागडिया़ पाटीदार समाज फलोज चौखला का स्नेह भोज होगा। चौखला अध्यक्ष धुलजी भाई पटेल फलोज ने बताया कि प्रतिभा सम्मान समारोह में सभी नौ गाँव के समाजजन को सादर आमंत्रित किया गया है। यह जानकारी सुनील पटेल नेजपुर व शिक्षा समिति के अध्यक्ष सुरेंद्र पटेल आसेला ने दी।

## गलियाकोट मे माहीसागर खेल मैदान मे क्रिकेट का रोमांच जोरो पर

**● यादव समाज गलियाकोट द्वारा करवाई जा रही की शीतकालीन क्रिकेट प्रतियोगिता**

**डूंगरपुर(पुकार)।** डॉ. भीमराव अम्बेडकर यादव युवा संगठन वागड चौरासी के तत्वाधान मे यादव समाज गलियाकोट की और से माहीसागर खेल मैदान गलियाकोट मे आयोजित की जा रही शीतकालीन क्रिकेट प्रतियोगिता का रांमांच जोरो पर है। आयोजन समिति के मनमोहन गलियाकोट ने बताया कि शनिवार को चार मैच आयोजित किये गये। गलियाकोट लेजेंड और सेमलिया के बीच हुए मुकाबले मे सेमलिया, रातडीया और रामसौर के बीच हुये मुकाबले मे रामसौर, उबली और कुंवा जूनियर के बीच हुये मुकाबले मे कुआं जूनियर विजयी रही। चौथा मेच कुआ सीनियर व नेगाला के बीच खेला गया। गलियाकोट लेजेंड के कप्तान नरेश यादव द्वारा टॉस जीतकर पहले बल्लेबाजी का निर्णय लिया गया। गलियाकोट ने पांच विकेट गवाकर 94 रन बनाये। जवाब मे सेमलिया ने पांच गेंदे शेष रहते लक्ष्य हासिल कर लिया जिसके मेन ऑफ द मैच हिमांशु रहे। रातडिया ने 91 रन बनाये। जवाब मे रामसौर ने 6 ओवर मे लक्ष्य हासिल कर लिया।



इसके मेन ऑफ द मेच मेहुल रहै। कुऑ जूनियर और उबली के बीच खेले गये मेच मे कुंआ जूनियर ने 131 रन बनाये। जबाव मे उबली की टीम 96 रनो पर सिमट गई और कुऑ जूनियर की टीम विजयी रही। मेन ऑफ द मेच राकेश रहे। मेच के अंपायर अख्तर शेख ओर पुलकित स्कोरर मेहुल रहें। मेच का फेसबुक पर लाईव प्रसारण संदीप द्वारा किया गया। मेन ऑफ द मेच को प्रशस्ति पत्र एवं ट्रॉफी प्रदान की गई। इस अवसर पर यादव समाज गलियाकोट के जगमोहन, डॉ लोकेश, डॉ निलेश, अमन, रीतिक, दिनेश, प्रवीण, रमेश, प्रकाश, राकेश, रमणलाल, नवीनदास, रोहितदास, निलेश, भरत, मयंक, अभिनव, यशवन्त, मंगल, नरेश, रितीक, अनुराग, भरतलाल, राकेश, कुष्णा सहित युवा उपस्थित रहे।

## मेवड़ा में वागड़ क्षत्रिय महासभा ब्लॉक स्तरीय की खेलकूद प्रतियोगिता का आज होगा समापन

**सीमलवाड़ा(पुकार)।** मेवड़ा गांव में चल रही वागड़ क्षत्रिय महासभा की सीमलवाड़ा ब्लॉक स्तरीय तीन दिवसीय खेलकूद प्रतियोगिता चरम सीमा पर पहुंच गई राजपूताना ने चौतरा रास्ता को हराया, पीठ रॉयल राजपूताना ने सीमलवाड़ा को हराया, बांसिया ने पीठ रॉयल राजपूताना को हरा खिताब के करीब पहुंचे।



है। दूसरे दिन शनिवार को खेले गए मैच में क्रिकेट में मेवड़ा ने बांसिया ओल्ड इज गोल्ड को हराया, चौतरा रास्ता ने पीठ रॉयल राजपूताना को हराया, पीठ बन्ना टाइगर ने चौतरा रास्ता को हराया। वहीं वॉलीबॉल में बांसिया ओल्ड इज गोल्ड ने मेवड़ा को हराया, मेवड़ा ब्रदर्स ने ओल्ड इज गोल्ड को हराया, पीठ रॉयल रविवार को सभी खेलों में सेमी फाइनल ओर फाइनल मैच खेले जाएंगे जिसके बाद सायं तीन बजे समापन समारोह का आयोजन होगा। दिलीप सिंह, हरेंद्र सिंह, प्रदीप सिंह राणावत, दिलीप सिंह, देवेंद्र सिंह राणावत,राजपाल सिंह, जगत सिंह, दिग्पाल सिंह सहित ने व्यवस्थाएं संभाले रखी।

## संक्षिप्त समाचार

### वागडिया़ पाटीदार समाज हथाई चौखला की क्रिकेट प्रतियोगिता आज से

**डूंगरपुर(पुकार)।** वागडिया़ पाटीदार समाज चौखला हथाई के नेतृत्व में एवं समस्त ग्रामवासी एवं नवयुवक मंडल भचडिया़ के सौजन्य से 13 वीं क्रिकेट प्रतियोगिता का आयोजन 29,30 व 31 दिसंबर को होगा। क्रिकेट मैच सरदार पटेल क्रिकेट ग्राउंड भचडिया में खेलें जाएंगे। श्री राष्ट्रीय सरदार पटेल सेना भचडिया़ के अनिल पटेल ने बताया कि क्रिकेट प्रतियोगिता में चौखला के सभी 12 गाँव की टीमें भाग लेंगी। प्रतियोगिता को लेकर तैयारियां शुरू कर दी गई है। प्रतियोगिता के उद्घाटन समारोह में समाज के सभी पंच, प्रमुख कार्यकर्ता व सभी टीमों के कप्तानों व उनकी टीम के सभी खिलाड़ी भाग लेंगे।

### विश्वहिंदू परिषद का महंत कोटवाल भक्त सम्मेलन

**डूंगरपुर(पुकार)।** गोकुलपुरा विद्यालय में जिले के लसुडिया़ धाम के गादीपति महंत विक्रम दासजी मझोला धूनी के नानूराम जी बौखला के लोकेश गिरी बांसिया के रत्नागिरी, छानी मगरी के ताजू गिरी, आरएसएस के प्रान्त प्रचारक मुरलिधरजी, बांसवाड़ा के रामस्वरूप जी महाराज, बनवारी के नेतृत्व में जिले के जनजाति संत महंत कोटवाल गादीपतियों ओर भक्तों का सम्मलेन हुआ. जिसमें सभी गादीपतियों ने धर्म के साथ खिलवाड़ करने और जनजाति युवाओं को भ्रमित करने वालों को कड़ी चुनौती दी और भक्तों ने पूरे जिले में जागरण की रणनीति बनाई. इस अवशर पर प्रान्त सह धर्म प्रसार प्रमुख प्रकाश भट्ट, प्रान्त सह गौ रक्षा प्रमुख देवीसिंह भेखरेड, संगठन के योगेन्द्र शर्मा, हसमुख पंड्या, केशव सुथार, मोहन अग्रवाल, रोशन मेनारिया आदि उपस्थित रहे।

### खाडिया़ में हास्य कवि सम्मेलन 30 को, सुनील पटेल आएंगे

**डूंगरपुर(पुकार)।** श्रीमद्भागवत कथा के अंतर्गत खाडिया़ में 30 दिसंबर को हास्य कवि सम्मेलन का आयोजन होगा। श्री खांडेश्वर युवा विकास सेवा समिति खाडीया एवं श्री मद भागवत कथा परिवार के सौजन्य से सोमवार रात्रि 8 बजे से प्रारंभ होने वाले इस कवि सम्मेलन में सुप्रसिद्ध कवि सुनील पटेल सन्नाटा नेजपुर, लोकप्रिय वागड़ गीतकार दिनेश पंछी गोवाड़ी, कवि गोपाल सेवक, हास्य कवि छत्रपाल शिवाजी सागवाड़ा, फलोज के वागड़ी कवि रोमिल पाटीदार लाफ्टर व खेरवाड़ा से उर्जावान युवा कवि भरत कुमार मीणा उपस्थित होंगे। कवि सम्मेलन को लेकर समस्त ग्रामवासी एवं क्षेत्र में आस पास के सभी गांवों के कविता प्रेमी रसिक श्रोताओं में उत्साह बना हुआ है।

### दिव्यांग सहायता शिविर प्रारंभ एवं अस्थि रोग जांच शिविर संपन्न

**डूंगरपुर(पुकार)।** महावीर इंटरनेशनल द्वारा दो दिवसीय दिव्यांग सहायता शिविर प्रारंभ हुआ। साथ ही अस्थि रोग संबंधित एक दिवसीय जांच शिविर संपन्न हुआ।

संस्था के अध्यक्ष वीर विजय जैन ने बताया कि शिविर में जीबीएच जनरल एवं कैंसर हॉस्पिटल उदयपुर के अस्थि रोग विशेषज्ञ डा सौरभ अग्रवाल ने अपनी सेवाए प्रदान की। ओपीडी शिविर में अस्थि रोग से संबंधित 10 रोगियों की जांच की जाकर उन्हें चिकित्सकीय परामर्श प्रदान किया गया। दिव्यांग शिविर रविवार को भी जारी रहेगा। इस अवसर पर संस्था के गवर्निंग काउंसिल सदस्य विनोद दोशी, जोन चेयरमैन पृथ्वीराज जैन, कोषाध्यक्ष अशोक दोशी , पूर्व अध्यक्ष संजय गांधी, जोन कोषाध्यक्ष नीरव जैन, सह सचिव अविचल जैन आदि उपस्थित रहे।

### नर्सिंग ऑफिसर भर्ती से बाहर हुए अभ्यर्थियों ने बीजेपी नेता बंशीलाल कटारा को मुख्यमंत्री के नाम ज्ञापन सौंपा

**डूंगरपुर(पुकार)।** जिले के बेरोजगार युवाओं ने नर्सिंग ऑफिसर भर्ती 2023 में पद वृद्धि करते हुए बाहर हुए अभ्यर्थियों को नियुक्ति दिलाने की मांग करते हुए शनिवार दोपहर 2 बजे बीजेपी नेता बंशीलाल कटारा को को मुख्यमंत्री के नाम ज्ञापन सौंपा। नर्सिंग ऑफिसर भर्ती से बाहर हुए अभ्यर्थियों ने बीजेपी नेता बंशीलाल कटारा को मुख्यमंत्री के नाम ज्ञापन सौंपा। ज्ञापन में बताया गया कि नर्सिंग ऑफिसर भर्ती 2023 विज्ञप्ति क्रमांक 4649 दिनांक 5 मई 2023 द्वारा नर्सिंग ऑफिसर के 8750 पदों पर सीधी भर्ती के लिए विज्ञप्ति जारी की गई। जिसके सम्बन्ध में अभ्यर्थियों द्वारा आवेदन पश्चात दस्तावेज सत्यापन के लिए चयनित अभ्यर्थियों का 2 सितंबर से 11 सितंबर 2023 तक दस्तावेज सत्यापन का कार्य किया गया। दस्तावेजों के सत्यापन पश्चात राज्य स्वास्थ एवं परिवार कल्याण संस्थान जयपुर के पत्रांक 10417 दिनांक 7 अक्टूबर 2023 द्वारा अंतिम वरीयता सूची जारी की गई है।प्रोविजन सूची जारी होने के बाद भी एक वर्ष समयावधि उपरांत विभाग के पत्रांक 12052-60 दिनांक 6 दिसंबर वरीयता सूची जारी की गई है। जिसमें प्रोविजन सूची में चयनित कई अभ्यर्थियों को अंतिम सूची से बाहर कर दिया गया है।

### पशुपालकों के साथ की ठगी करने वाला ईनामी अभियुक्त गिरफतार, 18 माह से चल रहा था फरार

**डूंगरपुर(पुकार)।** पांच थानों में तीन दर्जन से अधिक पशुपालकों के साथ भैस खरीदने के नाम से लाखों रुपए की धोखाघडी करने वाला 10 हजार का ईनामी शातिर अभियुक्त को दोवडा पुलिस ने रात के समय उसके घर गढी से गिरफतार करने में सफलता प्राप्त की है। उसके लिए दोवडा, आसपुर, साबला, गढी बांसवाडा में अलग–अलग प्रकरण दर्ज है।

दोवडा पुलिस ने भैसों की खरीदफरोख्त के नाम से पशुपालकों के साथ लाखों रुपए की धोखाघडी करने वाले शातिर ठग को गिरफतार करने में सफलता प्राप्‌ की है। दोवडा थानाधिकारी मदनलाल खटीक ने बताया कि वर्ष 2023 में खेरमाल गांव के मुकेश पुत्र गौतम पटेल ने पुलिस को रिपोर्ट देते हुए बताया कि उसके गांव के वालेंग देवजी पाटीदार, देवेंद्र दलजी पटेल, घनश्याम दलजी पटेल, अमरजी मानजी पटेल खेडा सामोर के रहने वाले है। उसके पास शातिर ठग अभियुक्त प्रकाश पुत्र जीतमल लबाना निवासी मोरफला टाडा डूंगरी पुलिस थाना गढी जिला बांसवाडा का आया। उसने क्षेत्र में पशुपालकों से भैस खरीदने की बात कही। उसने अपनी बातो में उलझाते हुए बताया कि इस क्षेत्र में पिछले कई वर्षो से पशुपालकों से भैस खरीदकर अच्छी कीमत देता है। इस पर एक दर्जन से अधिक पशुपालक प्रकाश लबाना के लालच में आकर अपने पशुओं को दे दिया। इसके बाद प्रकाश ने पशुपालक को एडवांस के तौर पर छोटी रकम दी। वही शेष राशि पद्रह दिनों बाद गांव में आकर देने की बात कही। इस पर पशुपालकों ने अपने पशु उसके वाहन में भर दिए। कुछ दिनों बाद प्रकाश लबाना का मोबाइल बंद मिला। वही उसके घर संपर्क करने पर मौके पर नही मिला। जिस पर एक दर्जन से अधिक पशुपालकों को घोखाघडी की जानकारी हुई। उन्होंने दोवडा पुलिस में शिकायत दर्ज की। इसके बाद दोवडा पुलिस ने उसे गढी पुलिस थाने के टाडा डूगरी मोरफला में तलाश शुरू की। जहां पर हमेशा प्रकाश लबाना फरार मिला। इसके बाद पुलिस को 27 दिसंबर को अभियुक्त के घर पर रात के समय दबिश देने पर प्रकाश मौके पर मिला। जिस पर पुलिस ने उसे गिरफतार कर दोवडा थाने लेकर आई। प्रकाश लबाना पर गढी बांसवाडा, साबला, आसपुर, दोवडा में 2 प्रकरण दर्ज है। इस अभियुक्त के 18 माह से फरार चलने के कारण इस पर 10 हजार का ईनाम भी घोषित कर रखा है। दोवडा पुलिस ने इसे गिरफतार करने में सफलता प्राप्त की।

### मोटरसाइकिल की टक्कर से युवक की मौत, परिवार वाले मेहमान गए 24 घंटे बाद मिली सूचना

**डूंगरपुर(पुकार)।** वरदा थाना क्षेत्र में एक युवक की मोटरसाइकिल की टक्कर से मौत का मामला सामने आया है। आंतरी के पास गोलआम्बा बस स्टैंड से थैयाता पुल पर युवक को मोटरसाइकिल ने रात के समय टक्कर मार दी। जिससे गंभीर घायल युवक का जिला अस्पताल में ईलाज के दौरान मौत हो गई। युवक के परिवारजन के मेहमान जाने के कारण 24 घंटे बाद सूचना मिली। इसके कारण मतक का पोस्टमार्टम की कार्रवाई आज शुरू हुई। वरदा थाना क्षेत्र थैयाता फला रंगोता निवासी रामलाल पुत्र हलिया रोत उम्र 65 साल ने पुलिस को रिपोर्ट देते हुए बताया कि 26 दिसंबर की शाम को उसका पुत्र बंसतलाल रोत उम्र 22 वर्ष डूंगरपुर से रोडवेज बस में बैठकर अपने घर आ रहा था। बस से उसने गोल आम्बा बस स्टैंड पर उतरा। इसके बाद पैदल–पैदल थैयाता पुल से होते हुए रंगौत फला आ रहा था। तभी आतरी की तरफ से एक मोटर साइकिल तेज गति से आते हुए बसंत को जोर से टक्कर मार दी। जिससे बसंत नीचे गिर घर गंभीर घायल हो गया। घटना स्थल पर लोग एकत्रित हुए।

## संक्षिप्त समाचार

### एक्स्पा कैडेट ट्रेनिंग प्रोग्राम के अंतर्गत कैडेट्स ने सीखे कम्युनिकेशन व पब्लिक स्पीकिंग के गुर



**उदयपुर (पुकार)।** 5 राज गर्ल्स एनसीसी द्वारा 'एक भारत श्रेष्ठ भारत' शिविर का आयोजन भूपाल नोबल्स संस्थान के कैंपस में 3 जनवरी 2025 तक आयोजित किया जा रहा है। कैंप कमांडेंट लेफ्टिनेंट कर्नल मनमोहन सिंह रावत द्वारा एक्सपा की टीम लीडर श्रीनिधि एस तथा उनके सभी साथियों का हार्दिक अभिनंदन व स्वागत किया। लेफ्टिनेंट विनीता पालीवाल व सूबेदार मेजर अनिल कुमार के नेतृत्व में एक्सपा कैडेट ट्रेनिंग प्रोग्राम के अंतर्गत पूर्व एनसीसी कैडेट्स संस्था द्वारा सभी सीनियर विंग तथा सीनियर डिवीजन कैडेट्स को कम्युनिकेशन, लिसनिंग स्किल्स, क्रिएटिव थिंकिंग तथा मेंटल एबिलिटी के लेक्चरर्स लिए गए तथा कुछ माइंड गेम्स द्वारा उनका साइकोलॉजिकल टेस्ट भी कराया गया।

शैक्षणिक कार्यक्रम के अंतर्गत सूबेदार मेजर उदयवीर सिंह के निर्देशन में राजस्थान निदेशालय के जूनियर विंग तथा जूनियर डिवीजन के कैडेट्स को फतहसागर व सहेलियों की बाड़ी का भ्रमण कराया गया।

### यज्ञ और योग है व्यक्तित्व विकास का मूल मंत्र



**उदयपुर (पुकार)।** योग और यज्ञ के संस्कार यदि बाल्यावस्था से ही बच्चों में डाल दिए जाएं तो बच्चे संस्कारवान, राष्ट्र भक्त और श्रेष्ठ नागरिक बन सकते हैं। यज्ञ की ज्योति से कुसंस्कार नष्ट होते हैं और योग की शक्ति से श्रेष्ठ संस्कारों का उदय होता है। ये विचार वैदिक पुरोहित डॉ भूपेंद्र शर्मा ने बाल संस्कार आयोजन समिति, उदयपुर द्वारा पाइन वर्ल्ड स्कूल सेक्टर 4 में चलाए जा रहे पांच दिवसीय बाल संस्कार शिविर के चौथे दिन शनिवार को बच्चों को यज्ञ प्रशिक्षण देते हुए व्यक्त किए। मीडिया प्रभारी नरेश पूर्बिया ने बताया कि यज्ञ के बाद बच्चों को प्रति दिन सूर्योदय से पहले जागने, बड़ों के चरण स्पर्श करने, क्रोध न करने, स्क्रीन से दूर रहने आदि संकल्प दिलवाए गए। आरएसएमएम के नर्सिंग ऑफिसर योगाचार्य देवाराम राजपुरोहित द्वारा बच्चों के सर्वांगीण विकास के लिए सूर्य नमस्कार और नेत्र ज्योति बढ़ाने के लिए नेत्रों के सूक्ष्म व्यायाम, त्राटक, योगासन, प्राणायाम और ध्यान का अभ्यास करवाया गया। शिक्षाविद् अमृत रंजन पांडे ने बच्चों को शिक्षाप्रद खेल खिलाए। बच्चों में अभिव्यक्ति कला के विकास हेतु कहानी प्रस्तुति प्रतियोगिता का आयोजन रखा गया। मोटिवेशनल स्पीकर गोवर्धन नंदवाना ने एक प्रेरक कहानी सुनाते हुए कहानी प्रस्तुति का प्रशिक्षण देते हुए कहानी के महत्व पर प्रकाश डाला। उन्होंने बताया कि कहानी हमारे जीवन का अभिन्न अंग है और कहानी सुनने और पढ़ने से शिक्षा और प्रेरणा मिलती है। शिविर के सफल संचालन में नवनीत भट्ट,भरत शर्मा,मधुकांत शर्मा, शैलेंद्र जोशी, मधु नागदा, नीता जोशी, पुष्पा सुथार द्वारा शिविर आयोजन में अग्रणी भूमिका निभाई जा रही है।

### मानस क्लब ओगणा ने एसएमडब्ल्यू 11 उदयपुर को पर शानदार जीत



**उदयपुर (पुकार)।** पूर्बिया समाज की वार्षिक खेलकूद प्रतियोगिता के मरूधरा क्रिकेट मैदान ओंगणा में मानस क्लब ओंगणा ने एसएमडब्ल्यू 11 उदयपुर पर शानदार जीत हासिल की। ओगणा पूर्व अध्यक्ष नरेश पूर्बिया ने बताया कि ओगणा ने टोस जीत कर क्षेत्र रक्षण का फैसला किया। उदयपुर ने निर्धारित 12ओवर में 134 रन बनाए। ओंगणा ने शानदार बल्लेबाजी करते हुए 11.3 ओवर 4 विकेट खोकर 135 रन बनाकर जीत हासिल की। ओगणा के यश ने 39 रन व यशवंत पूर्बिया के 28 रन रन बनाए। इस प्रतियोगिता का यह सर्वाधिक स्कोर था। अध्यक्ष कमल पूर्बिया, मुकेश पूर्बिया, नन्द लाल पूर्बिया, खेमराज पूर्बिया सहित महिला संगठन सभी पदाधिकारी उपस्थित थे।

### रक्षाबंधन धानमंडी कांग्रेस मीडिया सेंटर पर मनमोहन सिंह को दी श्रद्धांजलि



**उदयपुर (पुकार)।** 'रक्षाबंधन', धानमंडी स्थित कांग्रेस मीडिया सेंटर पर शनिवार को एक शोक सभा आयोजित की गई, जिसमें प्रदेश कांग्रेस कमेटी के महासचिव और प्रवक्ता पंकज कुमार शर्मा ने पूर्व प्रधानमंत्री डॉ. मनमोहन सिंह को श्रद्धांजलि अर्पित की। इस दौरान उनकी स्मृति में शोक प्रस्ताव पारित किया गया। सभा में शर्मा ने डॉ. मनमोहन सिंह के योगदान को याद करते हुए कहा कि उनका जीवन और कार्यशैली हर नेता और नागरिक के लिए प्रेरणास्त्रोत है। उनकी सादगी, विद्वता और देशभक्ति ने भारतीय राजनीति को नई दिशा दी। शर्मा ने कहा, डॉ. मनमोहन सिंह ज्ञान, बड़प्पन और विनम्रता के प्रतीक थे। उन्होंने अपने पूरे दिल और दिमाग से देश की सेवा की। वे कांग्रेस पार्टी के लिए मार्गदर्शक प्रकाशपुंज थे। डॉ. सिंह ने 2004 से 2014 तक अपने प्रधानमंत्री कार्यकाल के दौरान भारत के विकास और प्रगति में महत्वपूर्ण भूमिका निभाई। उनके नेतृत्व में कई आर्थिक और सामाजिक सुधार हुए, जिन्होंने देश को सशक्त बनाया।

उन्होंने ने आगे कहा कि कांग्रेस पार्टी और देश के लोग डॉ. सिंह की नेतृत्व क्षमता, सादगी और दूरदर्शी दृष्टिकोण को हमेशा याद करेंगे। उनके विचार और परामर्श भारत की प्रगति और विकास में अनमोल योगदान के रूप में अमर रहेंगे।

सभा के अंत में उपस्थित नेताओं और कार्यकर्ताओं ने दो मिनट का मौन रखकर दिवंगत नेता को श्रद्धांजलि दी और उनके आदर्शों को आगे बढ़ाने का संकल्प लिया।

इस मौके पर मों. इलियास, जमना गिरी, लाला बापू, नरेन्द्र जैन, मुकेश शर्मा, डॉ. संदीप गर्ग, चतरू देवासी, राजेश साहु सहित कई गणमान्य उपस्थिति थे।





शिल्पग्राम में शिल्प बाजार और प्रदर्शनियां 30 दिसंबर तक... अंतिम दो दिन

# मेलार्थियों की डिमांड बनती जा रही रेजिन-हार्डवुड की मूर्तियां

**नैचुरल सामग्री से मूर्तियां बनाते हैं हाथरस के भगवान स्वरूप**

**शिल्पग्राम में सुर-ताल थमे, लेकिन मेलार्थियों का उत्साह यथावत**

**शाम होते-होते खरीदारों से भर जाता है शिल्पबाजार, हो रही खूब खरीदारी**





**उदयपुर (पुकार)।** पश्चिम क्षेत्र सांस्कृतिक केंद्र, उदयपुर की ओर से हवाला-शिल्पग्राम में चल रहे शिल्पग्राम उत्सव में हालांकि पूर्व पीएम मनमोहन सिंह के निधन के शोक में सुर-ताल तो थमे हैं, लेकिन मेलार्थियों का उत्साह यथावत है। सर्दी-कोहरा भी इसमें कमी नहीं ला सके हैं। शिल्पबाजार में 26 राज्यों के हस्तशिल्पी महिला-पुरुषों के 400 से अधिक स्टाल उत्सवार्थियों के आकर्षण का केंद्र बने हुए हैं। कई उत्पाद यहां पहली बार आए हैं, जो लोगों को खूब लुभा रही हैं। ऐसे उत्पादों में खासतौर से यूपी के हाथरस की रेजिन-हार्डवुड की मूर्तियों का जिक्र जरूरी है।

**सधे हाथों की साक्षी मूर्तियां :** गोवा हट से सटी हुई स्टाल पर हाथरस के सिद्धहस्त दस्तकार भगवान स्वरूप बताते हैं कि वे जो मूर्तियां बनाते हैं उनमें लकड़ी, पत्थर और रेजिन का उपयोग होता है। एक आठ इंच की मूर्ति बनाने में ढाई से तीन घंटे लगते हैं। दरअसल, पहले लकड़ी, पत्थर के साथ रेजिन मिक्स कर उसे सांचे में रखते हैं, ताकि जो आकृति देना चाहते हैं, उसमें ढल जाए। हर मूर्ति की आकृति अलग होती है, जिनमें देवी-देवता, वन्य जीव आदि की हो सकती है। जाहिर है, हर आकृति के लिए अलग सांचा बनाना पड़ता है। बहरहाल, मूर्ति सांचे से निकालने के बाद उसकी फिनिशिंग और कलर करते हैं। बाद में कास्टिक से सही धुलाई करके उसे अंतिम रूप से तैयार कर दिया जाता है। भगवान स्वरूप बताते हैं कि इसमें बनती कोशिश सारी सामग्री नैचुरल काम में लेते हैं। यहां तर्क क रेजिन, जो गोंद जैसा हाइड्रोकार्बन द्रव्य होता है, भी वृक्षों की छाल और लकड़ी से निकलता है। वहीं कलर्स भी प्राकृतिक सामग्री से ही बना होता है।

**गुजरात की 'फुल्ट' टू इन वन, बेड शीट कम रजाई :** गुजरात के सुरेंद्र नगर जिले के मूली तालुका में पलासा गांव में बनने वाली रजाइयां, बेड शीट्स, कुशन कवर, टेबल रनर, सोफा थ्रो आदि हाथ से बने सूती कपड़े और ऑरिजनल रुई से बनते हैं। वस्त्र संसार में सजी स्टाल पर निर्मल परमार बताते हैं कि उनकी रजाई सहित सभी उत्पादों में हैंडलूम के कपड़े और रुई का प्रयोग होता है। सिंथेटिक का इस्तेमाल बिल्कुल नहीं होता। जहां माइनस में तापमान हो वहां हमारी रजाइयां और फुल्ट बेड शीट भरपूर गरमाहट देती है। इनमें भी कॉटन लीलन की रजाइयां और भी अधिक गरम होती हैं। हमारे उत्पाद की खास बात यह है कि सभी को वाशिंग मशीन में धो सकते हैं। धोने से इनकी गरमाहट में कमी नहीं आती और ये कम से कम 5 साल तक चलते हैं।

**78 हजार मेलार्थी आए**

पश्चिम क्षेत्र सांस्कृतिक केंद्र, उदयपुर के निदेशक फुरकान खान ने बताया कि हालांकि शिल्पग्राम उत्सव में सांस्कृतिक प्रस्तुतियां बंद हैं, फिर भी शिल्पबाजार और प्रदर्शनियों के प्रति मेलार्थियों का उत्साह यथावत है। शु वार तक उत्सव में लगभग 78 हजार लोग आ चुके हैं। इनमें से शु वार के दिन 13 हजार मेलार्थी आए। मेलार्थियों के उत्साह के चलते शिल्पबाजार के शिल्पकारों का भी उत्साह बरकरार है।

# प्रजापति प्रीमियर लीग का आगाज

**6 टीमें ले रही है भाग**

**सेमीफाइनल और फाइनल मुकाबला रविवार को होगा**



**उदयपुर (पुकार)।** जिले की वल्लभनगर विधानसभा के करणपुर खेल मैदान पर शनिवार को प्रजापति प्रीमियर लीग का आगाज हुआ। लीग के तीसरे सीजन में कुल 6 टीमें भाग ले रही हैं। प्रतियोगिता का उद्घाटन मेवलिया प्रजापति समाज मेवाड चौखला अध्यक्ष गणेशलाल प्रजापत ने किया। इस मौके पर संयुक्त महामंत्री डालचंद प्रजापत, पूर्व सचिव खेमराज प्रजापत, शंकरलाल प्रजापत, रामलाल प्रजापत दरौली, कालू प्रजापत सराय सहित कई लोग मौजूद थे। मेवलिया प्रजापति समाज के मीडिया प्रभारी भगवान प्रजापत ने बताया कि दो दिवसीय प्रतियोगिता में लीग मुकाबले होगें। आयोजन समिति के सदस्य नरेन्द्र प्रजापत ने बताया कि प्रतियोगिता का उद्घाटन चौखला अध्यक्ष गणेशलाल प्रजापत ने बल्लेबाजी करते हुए शॉट मारकर किया। इस मौके पर गणेशलाल ने खिलाडियों को खेल की भावना के साथ खेलने की बात कही। प्रतियोगिता का पहला मुकाबला जेजे स्टॉन और कैदारा नाईराइडर्स के बीच खेला गया। कैदारा नाईराइडर्स ने यह मुकाबला 30 रन से जीत लिया। दूसरा मुकाबला सात्विक इलेवन औश्र आशापुरा रॉयल के बीच के खेला गया। सात्विक इलेवन ने निर्धारित आठ ओवर में 61 रन बनाए आशापुरा रॉयल की टीम ने यह मुकाबला 6 विकेट से जीत लिया। तीसरा मुकाबला दादा चैम्पियन और कैदारा नाईराइडर्स के बीच हुआ। इसमें कैदारा नाईराइडर्स ने 9 विकेट से मुकाबला जीतते हुए अपना विजयी अभियान जारी रखा। चौथा मुकाबला आशापुरा रॉयल और डीसीसी खेडी के बीच खेला गया। यहां पर आशापुरा रॉयल की टीम आठ ओवर में 37 रन ही बना सकी। डीसीसी खेडी की टीम ने 10 विकेट से मैच जीत लिया। पांचवा मैच जेजे स्टॉन और दादा चैम्पियन के बीच खेला गया। जे जे स्टोन ने पहले बल्लेबाजी करते हुए 71 रन बनाए और 15 रन से मैच जीत लिया। छठां और अंतिम मैच सात्विक इलेवन और डीसीसी खेडी के बीच हुआ। इस मैच को सात्विक इलेवन ने 5 विकेट से जीत लिया। प्रतियोगिता के सेमीफाइनल और फाइनल मुकाबले रविवार को खेले जाएगे।

## भटेवर-खेरोदा ओवरब्रिज से देबारी तक नई रेलवे लाइन के लिए सर्वे करवाने की मांग



**उदयपुर (पुकार)।** उदयपुर सांसद मन्नालाल रावत ने कहा कि बड़ीसादड़ी से उदयपुर रेलवे लाइन के मावली से उदयपुर के मध्य आ रही समस्या और उदयपुर हवाई अड्डे से जुड़ाव के लिए भटेवर खेरोदा देबारी नई लाइन अथवा बाई पास के लिए सर्वे करवाने के आदेश जारी करवाने की मांग आगे भेजी जाएगी। रेल्वे संघर्ष समिति मेवाड़ के बैनर तले प्रतिनिधि प्रवीण दक ने शनिवार को उदयपुर सांसद मन्नालाल रावत से मिलकर वर्तमान में बड़ीसादड़ी से मावली जा रही रेलवे लाइन के मध्य, भटेवर ओवरब्रिज से टर्न करवाते हुए दरौली डबोक होकर देबारी से मिलाने की मांग की। रेलवे संघर्ष समिति मेवाड़ प्रतिनिधि प्रवीण दक ने बताया कि भविष्य में नीमच-बड़ीसादड़ी-उदयपुर रेलवे से जुड़ जाने से इस लाइन पर गाड़ियों की संख्या बढ़ेगी तब इस रेलवे लाइन की जरूरत महसूस होगी ताकि बड़ीसादड़ी नीमच से आने वाली ट्रेन को मावली न ले जाकर सीधे यही से उदयपुर तक चलाया जा सके। इससे रेलवे का धन और समय में काफी बचत होगी। साथ ही मावली में भी पावर चेंज की जरूरत नहीं पड़ेगी। इसके साथ ही नीमच-बड़ीसादड़ी रेलवे लाइन से डबोक का महाराणा प्रताप एयरपोर्ट भी जुड़ सकेगा। चित्तौड़गढ़ जिले के तीनों प्रसिद्ध धार्मिक स्थल श्री सांवलिया जी, श्री आवरीमाता जी, श्री शनि महाराज आने वाले श्रद्धालुओं को भी नजदीकी स्टेशनों तक रेल यात्रा का लाभ मिल सकेगा। रेलवे संघर्ष समिति मेवाड़ संयोजक डॉ. विमल नागोरी के मार्गदर्शन में तैयार 5 पेज की पूरी रिपोर्ट और नई रेल लाइन का एक खाका भी प्रवीण दक ने सांसद रावत को दिया।

# नि :शुल्क चिकित्सा शिविर में 290 लोगों को दिया परामर्श

**सलूम्बर जिले के बस्सी गांव में नि :शुल्क चिकित्सा शिविर का आयोजन**





**उदयपुर (पुकार)।** जय एकलिंगनाथ राष्ट्रीय सेवा संगठन के सेवा परमोधर्म मुहिम के तहत निःशुल्क चिकित्सा शिविर का आयोजन कर संगठन के मुख्य ध्येय को सरोकार कर रहे। जय एकलिंगनाथ राष्ट्रीय सेवा संस्थान की ओर से शनिवार 28 दिसंबर को सलूंबर के बस्सी गांव में चिकित्सा शिविर का आयोजन किया गया। जय एकलिंगनाथ राष्ट्रीय सेवा संस्थान के संस्थापक अध्यक्ष आकाश बागडी ने बताया कि ग्रामीण क्षेत्रों में चिकित्सा सुविधा उपलब्ध करवाने के लिए बस्सी गांव में सनराजइ हॉस्पीटल के सौजन्य से शिविर का आयोजन किया जिसमें 290 लोगो का निःशुल्क जांच कर उन्हे जरूरी दवाई एवं परामर्श दिया। जिसमें 200 सदस्यों को ओपीडी, 70 लोगो को परामर्श एवं 20 लोगों को निःशुल्क एम्बुलेंस द्वारा सनराई हॉस्पीटल उदयपुर में एडमिट किया गया। शिविर में ग्रामीणों के सेम्पल लिए गए एवं निः शुल्क दवाई वितरित की गई। शिविर में हाथ, पैरा, जोड़ों, घुटनों व हड्डी रोग समस्या, बच्चेदानी व उसमें गांठ, स्तन गांठ, शरीर के किसी भाग में गांठ, वेरीकोस सेंस की समस्या व अन्य स्त्री रोग समस्या, पेशाब में जलन, पथरी, मूत्र का रूक-रूक कर आना व अन्य मूत्र रोग सम्बन्धित समस्या, पाईल्स, फिस्टूला, फिशर, हाईड्रोसिल, अण्डकोश की परेशानी, मिर्गी, चलते समय श्वास फूलना, शुगर, हाई बीपी, कॉलेस्ट्रोल, नाक-कान-गला के पर्दे की बीमारी, मवाद आना, बहरापन, आंखों में मोतियांबिन्द, आंखों में काला पानी आदि आंख सम्बन्धित परेशानी, बच्चों में श्वास का चलना, मिर्गी, पेट की समस्या, पेट फूलना, ग्रोथ समस्या आदि रोगों का परामर्श एवं दवाईयां उपलब्ध कराई गई। चिकित्सा शिविर में कार्डियोलॉजी, गाईनिक, न्यूरोलॉजी, गेस्टोलॉजी सहित अन्य कई प्रकार की बिमारियों के निवारण के लिए डॉक्टरों की टीम मौजूद रही।

बागड़ी ने बताया कि संस्थान की हाल ही हुई बैठक में शिक्षा, चिकित्सा व पर्यावरण के क्षेत्र में सेवा कार्य करने का संकल्प लिया था। इस संगठन का मुख्य उद्देश्य शिक्षा के प्रति जागरूकता, चिकित्सा सेवा, पर्यावरण की रक्षा एवं महिला उत्थान को लेकर अनेक प्रकार के कार्यक्रमों का आयोजन कर इनका प्रात्सोहन करना है। इस नए संगठन से मानव सेवा एवं बच्चों की शिक्षा व चिकित्सा को मुख्य लक्ष्य मानकर सेवा कार्य किया जाएगा।

दौरान राष्ट्रीय अध्यक्ष आकाश बागड़ी, संरक्षक निर्मल पण्डित, राष्ट्रीय सचिव मोहनलाल सुथार, कोषाध्यक्ष प्रेमकुमार सुथार, उपाध्यक्ष लालचंद खटीक, मंत्री राजेश कुमार खटीक, उप सचिव भरत कुमार रेगर व जिलाध्यक्ष जसवंत तेली, प्रदेशाध्यक्ष मनीष पोखरना, महिला विंग प्रदेशाध्यक्ष संतोष तंवर, युवा जिला अध्यक्ष हैप्पी सिंह राठौड़, उपाध्यक्ष अरूण वैष्णव, पिलादर क्षेत्रिय अध्यक्ष भगवतीलाल मीणा, मीडिया प्रभारी शुभम आगाला, जिला उपाध्यक्ष विष्णु चंदेल, सलूम्बर जिला उपाध्यक्ष कैलाश कलाल, संगठन मंत्री खेमराज पटेल, सलूम्बर जिलाध्यक्ष अनिल सुथार, जिला उपाध्यक्ष नाथूलाल धनघर आदि मौजूद रहे।

## एबीवीपी की शोभायात्रा का किया स्वागत



**उदयपुर (पुकार)।** अखिल भारतीय विद्यार्थी परिषद के 60वें स्थापना दिवस के अवसर पर गांधी ग्राउंड से निकलने वाली विशाल शोभायात्रा का चेतक सर्कल पर भव्य मंच बना कर भाजपा आपदा राहत विभाग राजस्थान के प्रदेश संयोजक डॉ जिनेंद्र शास्त्री के नेतृत्व में पुष्प वर्षा एवं गगन भेदी नारों से स्वागत किया गया। पूर्व महापौर रजनी डांगी ने कहा कि वास्तविकता में छात्र राजनीति से ही मुख्यधारा में नेता बनते हैं, इस अवसर पर मुस्लिम राष्ट्रीय मंच के प्रदेश सहसंयोजक इरशाद चैनवाला, भाजपा नेता सुनील व्यास, देशराज बागड़ी, लव वर्मा, अनीश जैन, सुरेश सालवी, सूर्य प्रकाश चित्तौडा, रम्यक जैन, तेजेश्वर सिंह, मेघराज मेघवाल, जितु मेघवाल, कमल कुमावत आदि मौजूद थे।

# सीए होने के बाद केरियर पर सेमिनार का आयोजन

**उदयपुर से सीए परीक्षा में उत्तीर्ण हुए छात्रों का किया अभिनंदन**




**उदयपुर (पुकार)।** सेक्टर 14 स्थित द इन्स्टीटयूट् ऑफ चार्टर्ड एकाउन्टेन्टस उदयपुर शाखा भवन पर सिकासा कमेटी की ओर से शरिवार को चार्टर्ड अकाउंटेंट बनने के बाद करियर ऑप्शंस के ऊपर एक सेमिनार का आयोजन किया गया। उदयपुर शाखा अध्यक्ष सीए रौनक जैन ने बताया कि सेमिनार में शहर के जाने-माने सीए के द्वारा छात्र-छात्राओं को सीए करने के बाद विभिन्न करियर के ऑप्शन पर जानकारी दी गई। साथ ही भावी जीवन में ईमानदारी एवं पूर्ण निष्ठा के साथ कार्य करने की सलाह दी। सिकासा अध्यक्ष सीए हितेश भदादा ने बताया कि सीए मनीष गोधा ने एंटरप्रेन्योरशिप, सीए सिद्धार्थ सिंघवी ने कंपनी जगत में कार्य करने की एवं सीए स्वाति माहेश्वरी द्वारा प्रैक्टिस के करियर पर संबोधन दिया गया। शाखा उपाध्यक्ष सीए राहुल माहेश्वरी, कार्य समिति सदस्य सीए अभिषेक संचेती व सीए चिराग धर्मावत ने उदयपुर से उत्तीर्ण हुए 46 सीए छात्रों का अभिनंदन किया गया।

स्वत्वाधिकारी प्रकाशक एवं मुद्रक लोकेश कुमार आचार्य द्वारा पुकार प्रिंटिंग प्रेस 311-ए, चित्रकूट नगर, भुवाणा, पत्रकार विहार, नांदी फाउण्डेशन के सामने, उदयपुर (राज.) में मुद्रित एवं पुकार प्रकाशन संस्थान कार्यालय 311-ए, चित्रकूट नगर, भुवाणा, पत्रकार विहार, नांदी फाउण्डेशन के सामने, उदयपुर (राज.) से प्रकाशित। सम्पादक : लोकेश कुमार आचार्य। केन्द्रीय कार्यालय : प्रेम कुंज 92 नेहरू बाजार उदयपुर। फोन/फैक्स : (0294) 5103299. मोबाइल : 98290 05007, 94140 58114. प्रबंध सम्पादक : लीला राय आचार्य, उप सम्पादक : अजय कुमार आचार्य।। जयपुर कार्यालय : कुंभामार्ग प्रतापनगर, सांगानेर, जयपुर, फोन : (0141) 3271115, E-mail: dainikpukar@yahoo.com.